आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* निर्जला एकादशी
* भीमसेनी ग्यारस”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 160 | उज्जैन, गुरुवार 25 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 11 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### राममंदिर चोरी-एसआईटी ने चंपत राय समेत 17 को आरोपी माना

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने जांच रिपोर्ट में मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव समेत 17 लोगों को आरोपी माना है। इनके खिलाफ एफआईआर होना लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों से यह जानकारी मिली है। जांच के दौरान एसआईटी टीम को दानपात्रों की चाबियां रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के पास मिलीं। टीम आज फिर जांच के लिए अयोध्या पहुंच सकती है। एसआईटी ने ऐसे करीब 150 सेवादारों और कर्मचारियों को चिह्नित किया है, जिनकी आर्थिक स्थिति में 22 जनवरी, 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बदलाव आया। इनमें चंपत राय के करीबी माने जाने वाले फूलकांत मिश्रा भी शामिल हैं। उनके पास 3 लग्जरी कारें हैं, जिनकी कुल कीमत 25 लाख है।

### सिंधु नदी का पानी न मिलने से पाकिस्तान परेशान

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु नदी का पानी रोका, तो पाकिस्तान की परेशानियां बढ़ गई हैं। पाकिस्तान ने यह मसला अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में भी लेकिन वहां भी इस पर कोई फैसला नहीं हुआ। इसके बाद अब रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भारत को जंग छेड़ने की धमकी दे रहे हैं। वहीं, आर्मी चीफ आसिम मुनीर जंग की साजिश रचने में जुटे हैं। नियंत्रण रेखा यानी छङ्कउ पर पाकिस्तानी सेना की 8 ब्रिगेड ने 35 एंटी ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। पाकिस्तान ने एआई फेंसिंग भी की है। इसके तहत टारगेटिंग और सर्विलांस को तेज किया गया है। पाकिस्तान ने हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और काउंटर ड्रोन ग्रिड भी तैयार किया है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से जुड़ी अपनी सीमाओं से 5 बटालियन को इस महीने की शुरूआत में ही मूव कराकर एलओसी के रावलाकोट, कोटली और भीम्बर सेक्टर में तैनात किया है।

### दिल्ली में बच्ची से रेप-हत्या आरोपी को गोली मारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 11 साल की बच्ची से रेप और उसकी हत्या का आरोपी मंगलवार रात पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस का दावा है कि उसे क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने भागने की कोशिश की। रोकने के लिए उसे पैर में गोली मार दी गई। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित बच्ची गुब्बारा बेचती थी। सोमवार सुबह फुटपाथ पर सो रही थी। आरोप है कि टैक्सी ड्राइवर बबलू ने उसे अगवा किया। उसका रेप किया और हत्या कर लाश महरौली के जंगल में फेंक दी। सोमवार सुबह करीब 6 बजे परिवार ने पीसीआर कॉल के जरिए महरौली थाने में बच्ची की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की मदद से चार घंटे में ही बबलू को गिरफ्तार कर लिया।

### केतन अग्रवाल मर्डर केस को लेकर भड़कीं एक्ट्रेस आंचल खुराना



**मुंबई।** पुणे के लोहगढ़ किले में कारोबारी परिवार से जुड़े केतन अग्रवाल की कथित हत्या के मामले पर टीवी एक्ट्रेस आंचल खुराना ने रिएक्ट किया है। मामले को लेकर आंचल खुराना ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर कहा, एक करोड़पति बाप के बेटे का एक करोड़पति बाप की बेटी से अरेंज मैरिज फिक्स होती है। दोनों फैमिलीज बहुत ही क्लोज थीं, तो उन्होंने बच्चों की शादी फिक्स कर दी, लेकिन बेटी का चेतन से अफेयर था। आप यह बात अपने पैरेंट्स को बोल सकते थे, अपने मंगेतर से बोल सकते थे, लेकिन उसने उसे खाई से धक्का मार देना पसंद किया। एक्ट्रेस ने कहा कि यह मामला महिला या पुरुष का नहीं, बल्कि इंसानियत और नैतिकता का है। उन्होंने सवाल उठाया कि रिश्तों में मतभेद होने पर लोग बातचीत के बजाय हिंसा का रास्ता क्यों चुन रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी के खिलाफ अत्याचार न पुरुषों पर होना चाहिए और न ही महिलाओं पर।

### लोकल ट्रेन में दरवाजा बंद करने को लेकर हुए विवाद में यात्री की चाकू मारकर हत्या

**मुंबई।** लोकल ट्रेन से एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है। चर्चगेट से नालासोपारा जाने वाली एक फास्ट लोकल ट्रेन में मंगलवार, 23 जून की देर रात भारी बारिश के दौरान कोच का दरवाजा खुला रखने या बंद करने को लेकर दो यात्रियों में विवाद हो गया। यह बहस इतनी बढ़ गई कि एक अज्ञात आरोपी ने 22 वर्षीय युवक के पेट में चाकू घोंप दिया. जिससे युवक की मौत होगा। वहीं बोरीवली स्टेशन आने से पहले ही ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। पुलिस और रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित की पहचान मयंक लोहार (22) के रूप में हुई है। मयंक चर्चगेट से रात 10.05 बजे रवाना हुई लोकल ट्रेन के फर्स्ट क्लास कंपार्टमेंट में सफर कर रहा था। रात करीब 10.42 बजे ट्रेन अंधेरी स्टेशन पहुंची, जहां आरोपी भी उसी डिब्बे में सवार था।

### कलयुगी पिता ने पत्नी और 3 मासूम बच्चों को नहर में फेंका

**पटना।** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में मानवता को झकझोर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है। कुमारबाग थाना क्षेत्र के भंगहा गांव निवासी एक व्यक्ति पर अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों को नहर में फेंकने का आरोप लगा है। इस घटना में तीनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई, जबकि पत्नी ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचा ली। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, भंगहा गांव निवासी लोरिक यादव के पुत्र रामबाबू यादव का सोमवार रात अपनी पत्नी ललिता देवी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। बताया जाता है कि मंगलवार तड़के करीब तीन बजे रामबाबू अपनी पत्नी और तीनों बच्चों को बाइक पर बैठाकर घर से निकला। उसने पत्नी से कहा कि वह उसे उसके मायके, मझौलिया थाना क्षेत्र के बिरवा गांव छोड़ने जा रहा है।

दक्षिण कोलकाता के तारातला ट्रांसपोर्ट डिपो के पास निर्माणाधीन गोदाम का शेड अचानक गिरने से

## हादसे में 3 की मौत, 40 से ज्यादा लोगों के दबे होने की आशंका

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

दक्षिण कोलकाता के तारातला ट्रांसपोर्ट डिपो के पास बुधवार दोपहर 12:07 बजे निर्माणाधीन गोदाम का शेड अचानक गिर गया। घटना में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। पहले 5 लोगों की जान जाने की खबर आई थी।

मलबे में दबे 18 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला जा चुका है। सभी घायलों को इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में भर्ती कराया गया है। अभी भी 40 से ज्यादा लोगों के दबे होने की आशंका है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के वक्त गोदाम में कंक्रीट ढलाई का काम चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, रेस्क्यू में कोलकाता पुलिस, डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप, सिविल डिफेंस, फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज और सेना भी जुटी है। मलबे और लोहे की रॉड को हटाने के लिए क्रेन मंगाई गई है। गैस कटर से लोहे की छड़ों को काटा जा रहा है। मलबे में दबे मजदूरों-कर्मचारियों की चीखें भी सुनाई दे रही हैं, उनके जल्द से जल्द रेस्क्यू के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री अग्निमित्रा पॉल और कौशिक चौधरी समेत कई मंत्री भी मौजूद रहे। राज्य सरकार ने लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1070, 8697981070 और 033-22143526/22535185 जारी किए हैं। जानकारी के मुताबिक गोदाम की जमीन ओडिशा के व्यवसायी की थी जिन्होंने किसी प्रायवेट फर्म को इसे लीज पर दिया था।



18 का रेस्क्यू, सेना भी बचाव में जुटी

### घटिया निर्माण सामग्री और डिजाइन की खामी रही हादसे की वजह

इस हादसे ने रियल एस्टेट और निर्माण प्रोजेक्ट्स में गुणवत्ता की भारी अनदेखी को उजागर किया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि इलाके में लंबे समय से अवैध निर्माण चल रहा था, जबकि फायर विभाग के अधिकारी ने सीधे तौर पर घटिया सामग्री (सबस्टैंडर्ड मटेरियल) के इस्तेमाल की बात कही है। मौके पर मौजूद कोलकाता नगर निगम के अधिकारियों और एक स्ट्रक्चरल इंजीनियर ने प्रथम दृष्टया डिजाइन और निर्माण में भारी खामी की आशंका जताई है। इंजीनियर के मुताबिक, लोहे के बीम इतने मजबूत नहीं थे कि वे ऊपर की कंक्रीट का भारी वजन झेल सकें, और ढलाई को सपोर्ट देने के लिए जरूरी 'ब्रेस' भी नहीं लगाए गए थे।

### मेरा पैर काट लो लेकिन मुझे बचा लो

हादसे के बाद बचाव कार्य के दौरान एक युवक अंकित सिंह ने मलबे में फंसे एक मजदूर को ढूंढने में अहम भूमिका निभाई। उसने घायल मजदूर का पैर पकड़कर बचाव दल को उसकी सही जगह तक पहुंचने में मदद की, जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने उसे बाहर निकालने का प्रयास तेज कर दिया। मलबे में फंसा मजदूर दर्द से कराहते हुए बार-बार कह रहा था- 'मैंने अपना पैर खो दिया है, अगर जरूरत हो तो बाकी हिस्सा काटकर मुझे बाहर निकालो, बस मेरी जान बचा लो।

मानसून मध्यप्रदेश पहुंचा, 4 दिन में पूरा राज्य कवर करेगा

## मुंबई में बारिश से पेड़ उखड़े, कई गाड़ियां दबीं

एजेंसी ▶▶ जयपुर/भोपाल

मध्य प्रदेश-गुजरात में बुधवार को 9 दिन की देरी से मानसून की एंट्री हुई। दोनों राज्यों में मानसून आने की सामान्य तारीख 15 जून रहती है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून अगले 4 दिन में पूरे मध्य प्रदेश को कवर कर सकता है। इसी के साथ मानसून ने अब देश के 22 राज्यों को कवर कर दिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है।

वहीं, मंगलवार को मुंबई में 13 दिन की देरी से मानसून की एंट्री हुई थी। इसके बाद से मुंबई में तेज बारिश जारी है। मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 7 बजे तक मलवणी फायर स्टेशन में 334एमएम और एफ/साउथ वार्ड में 328एमएम बारिश हुई। 27 इलाकों में 200 से 300एमएम के बीच बारिश हुई। मुंबई में अंधेरी सब-वे में पानी भर गया। इसे अस्थाई रूप से बंद किया गया है। विक्रोली वेस्ट में रिहायशी इमारत के पास बनी रिटेनिंग वॉल गिर गई। कई इलाकों में पेड़ उखड़े, जिसकी चपेट में आने से कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। इधर, अरुणाचल प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। आज सुबह कीयी पन्योर जिले में याजाली सर्किल के नीपको प्रोजेक्ट कॉलोनी में बाढ़ आ गई। घटना में 3 लोग लापता हुए हैं। 18 से ज्याद घरों को नुकसान पहुंचा है। कई निचले इलाकों में पानी



### देश के 6 राज्यों में प्री-मानसून बारिश जारी

देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। मंगलवार को बिहार में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हुई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में आगे बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश में पहुंच सकता है।

## शिवसेना उद्धव गुट को संसद में ऑफिस खाली करना होगा

### सांसदों की संख्या 5 से कम हुई; 2 सांसद लोकसभा स्पीकर से मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना को संसद भवन में अपना मौजूदा ऑफिस खाली करना पड़ सकता है। संसद भवन के नियमों के मुताबिक, सिर्फ 5 या उससे ज्यादा सांसदों वाली पार्टी को संसद भवन में ऑफिस मिल सकता है।

लोकसभा अध्यक्ष जैसे ही छह सांसदों के शिंदे गुट में विलय को औपचारिक मान्यता दे देते हैं। यूबीटी के पास सिर्फ 4 सांसद (3 लोकसभा और 1 राज्यसभा) रह जाएंगे। ऐसे में संसद भवन में उन्हें अपना मौजूदा ऑफिस खाली करना पड़ सकता है। पार्टी के दो लोकसभा सांसद अनिल देसाई और अरविंद सावंत बुधवार शाम लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के चैंबर में उनसे मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हमने स्पीकर साहब से कहा कि अगर कोई आपके पास बागी गुट का पत्र आया है तो हमें बताएं। पर अभी ऐसा कुछ नहीं आया है और हमें कागज नहीं मिला। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना में 22 जून को बगावत हो गई थी। लोकसभा के कुल 9 में से 6 सांसद पार्टी से अलग होकर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए थे। शिंदे के साथ सभी 6 सांसदों ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टूट का ऐलान किया। शिंदे ने कहा, जब 2022 में हमने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब हमने छक्का लगाया है।'



## खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए पीएम मोदी को न्योता

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने का न्योता भेजा है। अयातुल्ला खामेनेई की 28 फरवरी को इजराइल-अमेरिका के हमले में मौत हो गई थी। इसके बाद 4 मार्च को उनका अंतिम संस्कार होना था लेकिन जंग की वजह से इसे टाल दिया गया था। अब इसकी शुरूआत 4 जुलाई से होगी। उनके शव को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद 9 जुलाई को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह में दफन किया जाएगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में करीब 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं। ईरान ने अंतिम संस्कार समारोह के लिए दुनिया के कई देशों को निमंत्रण भेजा है। खास तौर पर पड़ोसी और मित्र देशों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।



## सीएम नायडू ने किया देश की सबसे बड़ी निजी सोने के खदान का उद्घाटन



एजेंसी ▶▶ जोंनागिरी

आंध्र प्रदेश के जोंनागिरी में 405 करोड़ रुपये की लागत से बने देश के सबसे बड़े निजी गोल्ड माइनिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने किया। परियोजना से पहले साल 400 किलोग्राम और बाद में सालाना 2 टन तक सोना उत्पादन होने की उम्मीद है। इससे 700 लोगों को रोजगार मिलेगा और राज्य सरकार को करोड़ों रुपये की रॉयल्टी प्राप्त होगी। आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले का जोंनागिरी इलाका अब देश के गोल्ड मैप पर अपनी खास पहचान बनाने जा रही है। बुधवार को मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू यहां देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के गोल्ड माइनिंग प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। करीब 405 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना को जियो मैसूर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और दक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड ने मिलकर विकसित किया है।

दिल्ली से अमृतसर के लिए उड़ा, तकनीकी खराबी से रास्ता भटका

## एअर इंडिया का विमान पाक एयरस्पेस में घुसा

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

एअर इंडिया की एक फ्लाइट सोमवार रात रास्ता भटककर पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में जा घुसी। इसे पाकिस्तान की एयर ट्रैफिक अथॉरिटी ने चेतावनी देकर वापस भेजा। विमान ने दिल्ली से उड़ान भरी थी और इसे अमृतसर लैंड होना था।

पाकिस्तान के एयर स्पेस से जब फ्लाइट लौटी तब तक अमृतसर एयरपोर्ट पर ट्रैफिक बढ़ गया था, ऐसे में इसे वापस दिल्ली भेज दिया गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया है कि तकनीकी खराबी के कारण यह फ्लाइट रास्ता भटक गई थी। मामले की जांच की जा रही है।

इससे पहले 12 जून को पाकिस्तान की भी पैसेंजर फ्लाइट फ्लाई जिन्ना-9ढ514 खराब मौसम के कारण भारतीय एयरस्पेस में घुस आई थी। लाहौर एयरपोर्ट से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद फ्लाइट रास्ता भटक गई थी। हालांकि, तकनीकी गड़बड़ी का अंदेशा होते ही फ्लाइट को वापस पाकिस्तानी एयरस्पेस में लाया गया।




**3 मिनट की देरी से उड़ा था विमान-** एयरपोर्ट अथॉरिटी से मिली जानकारी के मुताबिक, एयरबस एआई-321 विमान ने सोमवार रात 9 बजकर 18 मिनट पर दिल्ली से उड़ान भरी थी। यह विमान अपने तय समय से 3 मिनट देरी से उड़ा था। उड़ान के दौरान विमान में तकनीकी खराबी आई।

पुणे मर्डर- मंगेतर के साथ सिया की रोमांटिक पोस्ट

## दोनों लोहगढ़ किला गए तो प्रेमी भी पहुंचा

एजेंसी ▶▶ पुणे

पुणे में मंगेतर की हत्या करने वाली 20 साल की सिया गोयल ने सोशल मीडिया अकाउंट पर केतन अग्रवाल (26) के साथ कई रोमांटिक पोस्ट किए थे। कभी प्रपोजल की तस्वीरें, कभी फूल देकर प्यार जताने वाले पल, तो कभी डांस और गले मिलने के वीडियो।

दोनों की नवंबर में होने वाली शादी की तैयारियां भी सोशल मीडिया पोस्ट का हिस्सा थीं। इस साल फरवरी में सगाई के बाद सिया ने इंस्टाग्राम पर एक केक की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था- मेरे दिल को उसका घर मिले एक महीना पूरा हुआ। उसने केतन को टैग भी किया था। पुलिस के मुताबिक, 18 जून को केतन की मौत के दिन लोहगढ़ किले पर एक युवक 33त्उ तापमान में हुडी पहनकर आया था। पुलिस ने जांच में इसे ही आधार बनाकर एक-एक कड़ियां जोड़ीं। आखिरकार सिया और उसे बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी (22) को केतन की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया।

सोशल मीडिया पर सिया और उसके मंगेतर केतन का रिश्ता किसी परफेक्ट लव स्टोरी जैसी थी। 19 जून को सिया का बर्थडे था। केतन ने एक महीने पहले यानी 19 मई से ही काउंटडाउन सेलिब्रेशन शुरू कर दिया था। वह रोज उसे अलग-अलग तरीके से अपनी मंगेतर सरप्राइज देता। सिया सोशल मीडिया पर इसके वीडियो पोस्ट करती थी। ये पोस्ट अब वायरल हो रहे हैं। एक पोस्ट में केतन अपनी कार फूलों से सजाकर सिया को गिफ्ट देता दिखा। सिया ने इसका वीडियो पोस्ट कर लिखा- उसने 'पसंद है तुम्हें' वाली बात को बहुत सीरियसली से ले लिया।



### सीसीटीवी में हुडी पहने युवक सिया-केतन के पीछे-पीछे चलते दिखा

जांच टीम के एक अधिकारी ने बताया कि किले के टिकट काउंटर पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच के दौरान हमें केतन और सिया साथ-साथ चलते दिखाई दिए। फुटेज को ध्यान से देखने पर पुलिस ने पाया कि दोनों से करीब 20 फीट पीछे एक युवक भी चल रहा था। उसने शॉर्ट्स और हुडी पहन रखी थी। उसने हुडी को इतना नीचे खींच रखा था कि उसका चेहरा दिखाई नहीं दे रहा था। इसके ऊपर उसने हेडसेट भी लगा रखा था। एक दूसरी फुटेज में दिखा कि सिया अचानक पीछे मुड़ती है और उसी समय हुडी पहना युवक झट से नीचे बैठ जाता है। पुलिस ने उस दिन के तापमान की जांच की तो पता चला कि 18 जून को उस समय 33 डिग्री सेल्सियस तापमान था। ऐसे में सवाल उठा कि इतनी गर्मी में कोई हुडी क्यों पहनेगा। परिवार शोक में था, इसलिए पुलिस ने शुरूआत में ज्यादा पूछताछ नहीं की गई।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## छुक-छुक वाले भी अधिक सक्रिय हुए




महाआयोजन को लेकर एवं उससे पहले धर्मनगरी के आयोजन को लेकर स्थानीय ही नहीं प्रदेश स्तर पर कार्यों को लेकर गंभीरता की स्थिति बन रही है। अब समय कम और काम ज्यादा वाला भाव सामने दिखाई देने लगा है। अभी तो और भी कई काम पाइप लाइन में हैं जिन्हें अभी सामने आना बाकी है। महाआयोजन की उल्टी गिनती भी शुरू हो चुकी है। धीरे-धीरे कामों का तनाव अब बढने का ही नाम लेगा घटने का नहीं। वर्षा काल से भी कई काम प्रभावित होना हैं। इसके साथ ही धार्मिक आयोजनों/त्यौहारों से भी। छुक-छुक वाले भी इसी के तहत अब धीरे-धीरे दबाव में देखे जा रहे हैं। छुक-छुक वाले भी अपनी तैयारी को जमकर और त्वरित गति से निपटाने के दौर में अब प्रवेश कर गए हैं। हाल ही में छुक-छुक प्रबंधन ने इसे लेकर पूरे सेक्शन में ही कार्यों की गति बढ़ाने को लेकर अंदर खाने में निर्देश दे दिए हैं। खास तो यह है कि अभी जितने आरओबी बन रहे हैं उनके कामों को भी छुक-छुक वाले अपने निर्देशन में पूरा करवाएंगे। पटरी पर होने वाले तमाम काम उनके ही रहने वाले हैं। ऐसे में उसमें भी अच्छा खासा समय लगना तय है। इसके चलते छूक-छुक वालों ने भी इंफ्रा की एक शाखा ही तय कर दी है जिसके चलते तमाम निर्माणगत कार्यों पर समयबद्धता का नियंत्रण रहे। छुक-छुक मंडल के साहब ने सेक्शन के भ्रमण के दौरान एक फूट ब्रिज को लेकर भी समयबद्धता से कार्य निपटाने के लिए हिदायत दी है। ये वही जगह है जहां महाराज जी के यहां साल में कई धर्म आयोजन अंजाम दिए जा रहे हैं। खुसूर-फुसूर है कि निर्माण कार्यों को लेकर महाआयोजन के कामों के लिए देखने पर अभी पौने दो साल बचे हैं लेकिन इस दौरान समय निकलने में समय नहीं लगना है और महाआयोजन सामने होगा। ऐसे में अब एक-एक दिन बहुत जरूरी होता जा रहा है और कार्यों को करवाने के लिए दिन के मान से ही काम को योजनाबद्ध अंजाम देना होगा,अन्यथा 92 में बना फ्रीगंज का अस्पताल में दिवारों की छबाई नहीं हो सकी थी। बस अड्डे को अधुरे निर्माण के हाल में ही चालू करना पडा था।

## न्यूज कॉलम

### नृत्य त्रिनेत्र उत्सव-2026 में सजी भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय नृत्य की अनुपम छटा

**उज्जैन।** भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, शास्त्रीय कलाओं एवं नृत्य परंपरा के संरक्षण और संवर्धन हेतु समर्पित त्रिनेत्र सांस्कृतिक संस्थान द्वारा आयोजित 'नृत्य त्रिनेत्र उत्सव-2026इ का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्थान के समस्त विद्यार्थियों ने मंगलमय गणेश वंदना की मनोहारी प्रस्तुति देकर उत्सव का शुभारंभ किया। इसके पश्चात भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन एवं मयार्दा पर आधारित 'राम कथाइ विषयक कथक नृत्य-नाट्य की अत्यंत भावपूर्ण एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति में विभिन्न लयकारियों, गतियों एवं भावाभिनय का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। तबला, ऑक्टोपैड एवं हारमोनियम के सजीव संगीत संयोजन ने नृत्य प्रस्तुति को और अधिक सशक्त एवं प्रभावोत्पादक बनाया। कार्यक्रम का संयोजन, परिकल्पना, निर्देशन एवं पठन-पाठन संस्थान की निदेशिका श्रीमती मयूरी शर्मा सक्सेना द्वारा किया गया। संगीत संयोजन एवं मधुर गायन का दायित्व कुलदीप दुबे ने निभाया। तबले पर अभिषेक माथुर तथा ऑक्टोपैड पर गौरांग शर्मा ने अपनी उत्कृष्ट संगत से प्रस्तुति में चार चाँद लगा दिए। उत्सव में नगर की विभिन्न प्रतिष्ठित नृत्य एवं सांस्कृतिक संस्थाओं ने भी अपनी सृजनात्मक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को विशेष आयाम प्रदान किया। इनमें प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्थान, प्रतिभा संगीत कला संस्थान, लोकायन कला केंद्र एवं नृत्याराधना नृत्य संस्था के कलाकारों द्वारा विविध नृत्य शैलियों की आकर्षक एवं सराहनीय प्रस्तुतियाँ दी गईं।

### उज्जैन के वरिष्ठ कलाकार डॉ. काले को संतोष स्मृति सृजन सम्मान

**उज्जैन।** शहर के वरिष्ठ एवं सृजनशील कलाकार डॉ. चंद्रशेखर काले को दृश्य कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2024 के प्रतिष्ठित 'संतोष स्मृति कलाचर्चा सृजन सम्मान' से नवाजा गया है। देहरादून में आयोजित कला मंथन कैंप के दौरान देहरादून के मेयर ने डॉ. काले को इस राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत किया। इसके साथ ही वर्ष 2025 के लिए युवा प्रयोगधर्मी कलाकार सुरेन्द्र सिंह को यह सम्मान प्रदान किया गया है। दोनों कलाकारों को सम्मान स्वरूप 21 हजार रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति-पत्र और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कलाचर्चा ट्रस्ट के महत्वाकांक्षी आयोजन कला मंथन के चतुर्थ संस्करण में इन पुरस्कारों की घोषणा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रथम सम्मान ग्रहीता वरिष्ठ कलाकार अजीत वर्मा ने की। यह सम्मान कुशल प्रशासक, साहित्यकार और कलाकार डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा अपनी बहन संतोष की स्मृति में दृश्य कलाओं के संवर्धन एवं कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया है। डॉ. चंद्रशेखर काले को उनके दीर्घ कलात्मक जीवन में उत्कृष्ट सृजन और नई पीढ़ी के कलाकारों को निरंतर प्रेरणा व मार्गदर्शन देने के लिए यह सम्मान दिया गया है। समकालीन भारतीय कला जगत में उनकी एक विशिष्ट पहचान है। वहीं, सुरेन्द्र सिंह को इनामलिंग विधा में तकनीकी दक्षता, रचनात्मक प्रयोगों और कला शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

# हम्मालवाड़ी में गिरा 50 साल पुराना दो मंजिला मकान



## हादसे में दबे आठ लोग, 12 साल के बालक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




हम्मालवाड़ी में बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। 50 साल पुराना मिट्टी से बना मकान अचानक गिर गया। मलबे में परिवार के तीन सदस्य और पांच अन्य लोग दब गए। जीवाजीगंज थाना प्रभारी और रहवासियों ने रेस्क्यू शुरू कर सभी को बाहर निकाला। नानी और नाती की हालत गंभीर होने पर अस्पताल भेजा गया। जहां 12 साल के नाती की मौत होने की पुष्टि डॉक्टरों की। नानी का उपचार चल रहा है।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के महावीर मार्ग स्थित हम्मालवाड़ी में रहने वाले मोहम्मद यूसुफ का 50 साल पुराना मिट्टी से बना दो मंजिला मकान था। सुबह 11 के लगभग अचानक मकान भरभरा कर मिट्टी के देर में तब्दील हो गया। परिवार के आठ सदस्य मकान में मौजूद थे जो मलबे में दब गए। मकान गिरने की खबर मिलते ही थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और रहवासियो के साथ राहत बचाव का अभियान शुरू किया। आधे घंटे में सभी को मलबे से बाहर निकाल लिया गया। परिवार की खुर्शीद भी 70 साल और इंदौर से आया नाती अरसान पिता मोहम्मद अजहर 12 साल गंभीर घायल थे। दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया परिजन निकास चौराहा स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद अरसान को मृत घोषित कर दिया। खुर्शीद भी को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। घायलों में मृतक बालक का मामा अखलास, मामी और परिवार के अन्य सदस्य शामिल थे जिन्हें मामूली चोट आने पर प्राथमिक उपचार दिया गया। थाना प्रभारी शर्मा के अनुसार बालक की मौत होने पर मामले में मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। घायलों के बयान दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू की जाएगी।

### पड़ोसी मकान मालिक ने खोदे थे गड्ढे

बताया जा रहा है कि जो मकान गिरा है उसके पास में फारूक भाई बरदान वाले का मकान निर्माण का कार्य शुरू हुआ है जिसके लिए उसने गड्ढे खुदवाए थे। खुदाई के चलते पास वाले मकान की नीव कमजोर हो गई थी, जिसके चलते हादसा होना सामने आ रहा है। पुलिस का कहना था कि मामले की जांच की जाएगी उसके बाद ही मकान गिरने की वजह सामने आ पाएगी। फिलहाल मकान काफी पुराना था और बारिश का दौर भी शुरू हो चुका है जिसके चलते कच्चा मकान कमजोर होने की आशंका भी बनी हुई है।

### एसपी पहुंचे निजी अस्पताल

मकान गिरने की खबर मिलते ही एसपी प्रदीप शर्मा अस्पताल पहुंच गए थे जहां उन्होंने बालक की मौत का पता चलने पर परिवार को सांत्वना दी। नगर निगम आयुक्त और निगम की टीम भी हम्मालवाड़ी पहुंच गई थी और बिखरे मकान के मलबे को हटाने का कार्य शुरू किया गया।

यूडीए की पहल से हजारों गैलेन पानी जमीन में समाया

# जहां डबरी बन जाती थी वहां सुधरी स्थिति

### एक पहल ने बदल दी पुराने भवन की तस्वीर, अब कीचड़ नहीं अब धरती का दामन भर रहा पानी से

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

विकास प्राधिकरण की एक पहल ने पुराने भवन की तस्वीर बदल दी है। जहां पानी भराव की समस्या से कार्यालयों में जाने का रास्ता बंद हो जाता था वहां अब जमीन में हजारों गैलेन पानी समा रहा है। ऐसा संभव हुआ है सरफेस वाटर रिचार्ज पिट बनाने से। स्थल पर अब बरसात के पानी से कृत्रिम डबरी का निर्माण नहीं हो रहा है। इसके साथ ही कार्यालयों में आने जाने वालों का रास्ता भी साफ है।

विकास प्राधिकरण ने अपने पुराने भवन में मई माह के दौरान सरफेस वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण किया था। परिसर के एक क्षेत्र में जल जमाव वाले स्थान पर एक बडा 10 बाय 10 फीट आकार का सरफेस वाटर रिचार्ज पिट बनाया गया था। यह ऐसा स्थान था जहां पर करीब 2 बीघा से अधिक जमीन का जलजमाव होता था। इसके साथ ही तीन बड़े भवनों की छत का पानी भी यहां एकत्रित होता था।

**ये किया गया-** विकास प्राधिकरण ने अपने पुराने भवन परिसर में सुलभ शौचालय के पास की खाली पड़ी जमीन में सरफेस रिचार्जिंग पीट बनाया। यहां पास की छोटी बिल्डिंग में भोज का क्षेत्रीय कार्यालय एवं पिछड़ा वर्ग का कार्यालय संचालित होता है। इस परिसर के तीन भवनों की छत का और परिसर का पानी ढलान इस और होने से यहीं पर एकत्रित होता था। जिससे बरसात के समय में भोज के क्षेत्रीय कार्यालय एवं पिछड़ा वर्ग कार्यालय में आना-जाना बहुत मुश्किल हो जाता था। पुरा क्षेत्र कृत्रिम तालाब का रूप ले लेता था। यहां इकट्ठा होने वाले सतह के पानी को जमीन में डालने के लिए पीट बनाया गया और उसमें पानी का ढलान दे दिया गया।




### करीब 4 बीघा का पानी सहेजा

विकास प्राधिकरण के पुराने परिसर में कुछ समय पूर्व तक आरटीओ कार्यालय संचालित होता था। यहां एक से लगायत एक तीन भवन बने हैं। ये पूरा परिसर लगभग एक हेक्टेयर का है। इसमें करीब 3 बीद्या खुली जमीन है और 2 बीद्या क्षेत्र में तीन भवन बने हुए हैं। परिसर का पानी एक तरफ ढलान होने से उसी और आता है। ढलान के मुहाने पर बडी नाली है जिसमें यह पानी जाकर सीधे ऋषिनगर के नाले में होता हुआ नदी तक चले जाता था। भवन की छतों का पानी भी परिसर में इसी स्थान की और आता है। ऐसे में करीब 4 बीघा क्षेत्र का पानी सरफेस रिचार्जिंग पीट में एकत्रित होकर जमीन के दामन भर रहा है।

## बारिश में बिल से निकलकर घरों में घुस रहे जहरीले सांप, सावधानी बरतें

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बारिश का दौर शुरू हो गया है ऐसे में बारिश का पानी बिलों में घुसने की वजह से सांप बाहर आना शुरू हो जाते हैं। और वह लोगों के घर में घुस जाते हैं। बारिश में सांप के घरों में घुसने और काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में इन दिनों साफ-सफाई बहुत जरूरी है, ताकि सांप इनमें घुसकर ना बैठ जाएं। अगर सांप घर में घुसे तो तुरंत बाहर निकल आएं और इसकी सूचना तुरंत सांप पकड़ने वाले को दे।बारिश के दिनों में अक्सर सांप निकलते देखे जा सकते हैं। कई बार ये घरों में भी आ जाते हैं। वषार्काल में, खास तौर पर शुरूआत में ये घटनाएं ज्यादा होती हैं, क्योंकि बारिश का पानी बिलों में घुसने पर सांप बाहर आना शुरू हो जाते हैं। इसके चलते इन दिनों में सर्पदंश (स्नेक बाइट) की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं।शहरी सीमा पर स्थित ग्रामीण क्षेत्रों में कई कॉलोनियां विकसित हो गई हैं। पहले जहां खेत होते थे, वहां अब कॉलोनियां बन गई है। इस कारण वर्षा के शुरूआती दिनों में अक्सर इन टाउनशिप और कालोनियों में सांप विचरते देखे जा सकते हैं।



- **बारिश में सावधानी रखें -** यदि बारिश में सावधानी नहीं बरती गई तो अनहोनी की आशंका रहती है। हालांकि कई ऐसे उपाय हैं, जिनकी मदद से हम स्नेक बाइट से बच सकते हैं और सांपों को घरों में आने से रोक सकते हैं। सर्प अनुसंधान केंद्र के प्रभारी मुकेश इंगले ने बताया कि बारिश में इस तरह की घटनाए बढ़ जाती है। अगर कहीं भी सांप दिखाई दे तो तुरंत उज्जैन सर्प अनुशासन केंद्र के इन मोबाइल नंबर 9893366848, 9179777242 पर सूचित करें।
- **सांप को लेकर बरतें ये सतर्कता-** सांप अपने आवास के लिए गर्म जगह की तलाश में रहते हैं। बारिश में बिल में पानी भरने से सांप बाहर आ जाते हैं। घर के अंदर सांप घुस जाए, तो तुरंत बाहर निकल आए और उसे बंद कर दें। सांप पकड़ने वाले को इसकी सूचना दें। सांप उन स्थानों को पसंद करता है, जहां अधिक सामान रहता है। अगर कभी सांप डंस ले तो उन्हें सरकारी अस्पताल में दिखाएं।

कलेक्ट्रेट पर 'बाप' विधायक का बड़ा शक्ति प्रदर्शन, बैरिकेड्स तोड़कर पहुंचे सैकड़ों आदिवासी, 48 सूत्रीय मांगों को लेकर घेरा

# सैलाना से रतलाम तक 20 किलोमीटर की आक्रोश रैली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन/रतलाम

खाद-बीज की किल्लत, स्वास्थ्य, शिक्षा और रतलाम निवेश क्षेत्र (इन्वेस्टमेंट रीजन) के विरोध सहित कई स्थानीय मुद्दों को लेकर बुधवार को भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के विधायक कमलेश्वर डोडियार के नेतृत्व में आदिवासियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। सैलाना विधानसभा क्षेत्र से निकले सैकड़ों आदिवासियों के आक्रोश के आगे पुलिस-प्रशासन के सारे सुरक्षा इंतजाम ध्वस्त हो गए। प्रदर्शनकारी रास्ते में लगाए गए पुलिस के कई बैरिकेड्स तोड़ते हुए सीधे कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट तक जा पहुंचे।

आदिवासी किसान और युवा शहर से करीब 20 किलोमीटर दूर सैलाना से रैली के रूप में पैदल और वाहनों से प्रदर्शन करते हुए रतलाम पहुंचे। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था का हवाला देकर रैली को रास्ते में ही रोकने और समाप्त करने का आग्रह किया, लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। अंबेडकर सर्किल पर भारी पुलिस बल तैनात था और मजबूत बैरिकेडिंग की गई थी, लेकिन उग्र आदिवासी युवा और नेता उन्हें नीचे गिराते हुए आगे बढ़ गए। इसके बाद चौराहे पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) राकेश पंद्रो के नेतृत्व में लगाए गए बैरिकेड्स भी प्रदर्शनकारियों को नहीं रोक सके।




### 48 सूत्रीय प्रमुख मांगें

विधायक कमलेश्वर डोडियार द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में सैलाना क्षेत्र के विकास और आदिवासियों के अधिकारों से जुड़ी 48 मांगें शामिल हैं। अनुसूचित क्षेत्र में बिना ग्राम सभा की सहमति, पेसा एक्ट (पीईएसए एक्ट) और वनाधिकार अधिनियम के नियमों के विरुद्ध आदिवासियों की जमीन का अधिग्रहण असंवैधानिक है। इसे तत्काल निरस्त किया जाए। खाद-बीज की कालाबाजारी और अधिक दाम वसूलने पर रोक लगे। ई-टोकन और फार्मर रजिस्ट्री की विसंगतियां दूर हों। सरवन, शिवगढ़, बासिन्द्रा और रावटी में नगद खाद बिक्री केंद्र खुलें। रतलाम-बांसवाड़ा मार्ग को फोरलेन किया जाए। 8-लेन मार्ग से प्रभावित गांवों में वैकल्पिक सड़क-पुलिया बनें। बारिश में खराब रास्तों पर मुरम/ग्रेवल डलवाई जाए। सैलाना अस्पताल का जीर्णोद्धार हो। रावटी, शिवगढ़ और सरवन पीएचसी को सीएचसी में बदला जाए। डॉक्टरों की कमी दूर की जाए और मरीजों को छोटी बातों पर रेफर करने की आदत पर रोक लगे। सैलाना में कृषि महाविद्यालय स्थापित हो। स्कूलों में रिक्त शिक्षकों के पद भरे जाएं और सीएम राइज स्कूलों के आदिवासी बच्चों के लिए बस सुविधा शुरू हो। पटवारियों और ग्राम पंचायत सचिवों की मुख्यालय पर नियमित उपस्थिति अनिवार्य की जाए।

### कलेक्ट्रेट के बाहर धरना, जमकर नारेबाजी

मामला बिगड़ता देख पुलिस ने तत्परता दिखाई और प्रदर्शनकारियों के पहुंचने से ठीक पहले कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर आखिरी घेराबंदी की। इसके बाद विधायक डोडियार के नेतृत्व में सभी प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट के बाहर ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान केशु निनामा और चंदू मईडा सहित प्रमुख आदिवासी नेताओं ने संबोधित किया। प्रदर्शनकारी जिला कलेक्टर सुश्री मिशा सिंह को ही मौके पर बुलाकर ज्ञापन सौंपने की मांग पर अड़े रहे। बाद में एडीएम बृजेंद्र और ग्रामीण एएसपी विवेक कुमार लाल को मुख्यमंत्री व कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए एएसपी राकेश पंद्रो, डीएसपी अजय सारवान,किशोर पाटनवाला, स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह जादौन, माणक चौक थाना प्रभारी विक्रम चौहान, डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव, औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी और सैलाना थाना प्रभारी पिंकी आकाश सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 25 जून, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के संबंध में बैठक 29 जून को

**इंदौर।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2026 की समीक्षा बैठक 29 जून को 4:30 बजे आयोजित की गई है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), रजिस्ट्रीकरण/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक अधीक्षक (स्थानीय निर्वाचन) शामिल होंगे। बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होगी। बैठक में अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृत एवं रिपीट मतदाओं की जॉच सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### 8 जुलाई तक चलेगा राज्यव्यापी जन-जागरूकता अभियान

**इंदौर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से राज्य स्तरीय अभियान सेफ क्लिक 2026 का शुभारंभ किया गया है। वर्ष 2025 में आयोजित अभियान की सफलता के बाद इस वर्ष इसका दूसरा संस्करण 24 जून से 8 जुलाई तक पूरे प्रदेश में संचालित किया जाएगा। भोपाल में मुख्यमंत्री ने रविंद्र भवन में अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा साइबर अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान करना है।

### बारिश के साथ ही जिले में खरीफ की बुआई का कार्य भी प्रारंभ

**इंदौर।** इंदौर जिले में मंगलवार की शाम से बारिश का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। जिले में आज बुधवार की सुबह साढ़े 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में 22.4 मिलीमीटर (लगभग एक इंच) औसत वर्षा हो चुकी है। बारिश शुरू होते ही जिले में खरीफ की बुआई का कार्य भी शुरू हो गया है। जिले में वर्ष खरीफ सीजन में कुल 2 लाख 52 हजार 624 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों का क्षेत्राच्छादन किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से 2 लाख 33 हजार हेक्टेयर रकबे में सोयाबीन की बोनी होगी, जो कुल क्षेत्र का लगभग 92 प्रतिशत है।

### इंदौर ग्रामीण पुलिस द्वारा सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ

**इंदौर।** साइबर अपराधों के विरुद्ध जन-जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इंदौर ग्रामीण पुलिस द्वारा ह्लसेफ क्लिक 2.0ह्व साइबर जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। बंसल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एक हजार से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कॉलेज स्टाफ ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बदलते स्वरूप, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया ठगी, बैंकिंग फ्रॉड तथा ओटीपी फ्रॉड जैसे अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है और प्रत्येक नागरिक को साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क एवं जिम्मेदार रहना चाहिए। पुलिस अधीक्षक श्री वर्मा ने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक युवा साइबर सुरक्षा का संदेश अपने आसपास के लोगों तक पहुंचाए तो साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है।

### कॅरियर काउंसलिंग के लिए नियुक्त किए जाएंगे विषय विशेषज्ञ

**इंदौर।** जॉबफैयर एवं कॅरियर काउंसिलिंग योजना के अंतर्गत जिले के शासकीय हाईस्कूल, हाईर सेकेण्डरी स्कूलों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण में मार्गदर्शन कार्य के लिये काउन्सर एवं विषय विशेषज्ञों के आवेदन मंगाए गए है। उपसंचालक पी. एस. मण्डलोई ने बताया कि काउन्सलर पद के लिए न्यूनतम योग्यता मनोविज्ञान विषय में स्नातकोत्तर डिग्री में डिप्लोमा होना अनिवार्य है। विषय विशेषज्ञ पद हेतु कॅरियर मार्गदर्शन के क्षेत्र में अनुभव एवं परामर्श देने की योग्यता रखना अनिवार्य रखने वाले आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव सम्पन्न, 25 छात्राओं को मिली नौकरी

**इंदौर।** शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इंदौर में गत दिवस एमआरएफ लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में महाविद्यालय की विभिन्न शाखाओं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्लेसमेंट प्रक्रिया के माध्यम से कंपनी द्वारा 25 प्रतिभावान छात्राओं का चयन किया गया। यह महाविद्यालय द्वारा प्रदान किए गए गुणवत्तापूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण का परिणाम है। शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती विजया शिंदे, प्रभारी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी श्री दिनेश भूरिया तथा अन्य संकाय सदस्यों ने चयनित छात्राओं को बधाई दी है।

---

योजना पर पुजारी महासंघ ने जताई आपत्ति

# सिंहस्थ 2028 से पहले पुजारियों और ड्राइवरों को मिलेगी ट्रेनिंग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 को लेकर मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। ग्वालियर स्थित आईआईटीटीएम के साथ मिलकर उज्जैन के पंडों-पुजारियों और ऑटो-टैक्सी ड्राइवरों को मेहमाननवाजी और व्यवहार संबंधी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अगस्त 2026 से शुरू होने जा रहा है। हालांकि, सरकार की इस योजना पर अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने इस पहल को पंडों-पुजारियों को बदनाम करने की साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि देश के तीर्थ स्थल आज भी पंडों और पुजारियों की वजह से सुरक्षित और व्यवस्थित हैं। श्रद्धालु दूर-दूर से अपने पारंपरिक पंडों को खोजकर उनके माध्यम से पूजा-अर्चना और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

### पंडों-पुजारियों को क्या सिखाया जाएगा?

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंडों-पुजारियों को श्रद्धालुओं के साथ विनम्र और सम्मानजनक व्यवहार करने की जानकारी दी जाएगी। तनावपूर्ण परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सहायता करने के तरीकों पर विशेष जोर रहेगा। इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं को सही मार्गदर्शन देने के बारे में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### ड्राइवरों के लिए भी होगा विशेष प्रशिक्षण



ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइविंग के नियम सिखाए जाएंगे। उन्हें सही किराया लेने, यात्रियों से मुस्कुराकर संवाद करने और प्राथमिक उपचार यानी फर्स्ट एड की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा जीपीएस के उपयोग और उज्जैन शहर की पूरी जानकारी भी प्रशिक्षण का हिस्सा होगी।

महेश पुजारी का कहना है कि सिंहस्थ जैसे आयोजनों में कई बार अधिकारियों और पुलिस का व्यवहार ही सवालों के घेरे में रहता है, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भीड़ प्रबंधन के नाम पर कई संस्थाएं श्रद्धालुओं को दूर से दर्शन करवाकर बाहर कर देती हैं। ऐसे में पहले अधिकारियों को खुद व्यवहार और प्रबंधन के गुण सीखने चाहिए, उसके बाद दूसरों पर सवाल उठाने चाहिए।

### क्या है सरकार का मेगा प्लान?

आईआईटीटीएम के निदेशक डॉ. चंद्रशेखर बरुआ के अनुसार सिंहस्थ 2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव और सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में श्रद्धालुओं को पंडों के रूखे व्यवहार या ड्राइवरों की मनमानी जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है।

### पहले चरण में 1000 लोगों को मिलेगी ट्रेनिंग


योजना के पहले चरण में 1000 लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण लेने वालों को प्रतिदिन 400 से 500 रुपये तक स्टाइपेंड दिया जाएगा। प्रतिभागियों के रहने और खाने की व्यवस्था भी निशुल्क होगी। इसके अलावा फील्ड विजिट और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

**आईआईटीटीएम ने दिया अपना पक्ष-** निदेशक डॉ. चंद्रशेखर बरुआ ने कहा कि संस्था का उद्देश्य किसी को नीचा दिखाना नहीं है। उन्होंने कहा कि कोशिश यह है कि उज्जैन आने वाला हर श्रद्धालु सम्मान और बेहतर अनुभव के साथ वापस लौटे। उनका कहना है कि श्रद्धालु अपने साथ अच्छी यादें लेकर जाएं, शिकायतें नहीं।

---

हरीफाटक से महाकाल के नीलकंठ द्वार रूट पर ऑटो-ई रिक्शा बैन

# उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं को जाम से मिलेगी राहत



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में महाकाल मंदिर क्षेत्र की जाम समस्या कम करने के लिए यातायात पुलिस ने हरी फाटक-बेगमबाग-नीलकंठ द्वार मार्ग पर ऑटो और ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगा दी है। ऑटो संघ की सहमति से लिया गया यह निर्णय श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को राहत देने के उद्देश्य से लागू किया गया है।

नियम उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। महाकाल मंदिर क्षेत्र में जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने बड़ा फैसला लिया है। हरी फाटक क्षेत्र से बेगमबाग होते हुए नीलकंठ द्वार की ओर अब ऑटो एवं ई-रिक्शा का संचालन नहीं होगा। उप पुलिस अधीक्षक यातायात दिलीप परिहार और थाना प्रभारी यातायात इन्द्रपाल सिंह की मौजूदगी में ऑटो एवं ई-रिक्शा संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात सुगम बनाने और आमजन की सुविधा को लेकर चर्चा के बाद इस रूट पर ऑटो-ई रिक्शा बंद करने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी। याद रहे कि महाकाल मंदिर पहुंच इस मार्ग पर हरी फाटक से नीलकंठ द्वार के बीच संकरे रास्ते पर ऑटो-ई रिक्शा की वजह से रोज भारी जाम लगता है। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को परेशानी होती है। महाकाल मंदिर जाने वाला ये प्रमुख मार्ग है, इसलिए यातायात सुचारू करना जरूरी था।

### क्यों लगाया गया बैन?

लंबा जाम- महाकाल मंदिर और भारत माता मंदिर पहुंचने वाले इस मार्ग पर रोज लंबा जाम लगता है। संकरे रास्ते पर ऑटो-ई रिक्शा की भीड़ से ट्रैफिक पूरी तरह ठप हो जाता है।

### श्रद्धालु होते हैं परेशान

देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने में घंटों लगते हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों को जाम में फंसकर सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है।

### वीआईपी-प्रोटोकॉल एंट्री भी यहीं से

इसी मार्ग से वीआईपी और प्रोटोकॉल वाले श्रद्धालुओं का प्रवेश होता है। जाम की वजह से सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल मूवमेंट भी प्रभावित होता था।

### बैठक में ऐसे बनी सहमति

बैठक में ऑटो-ई रिक्शा संघ के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान सभी वाहन चालकों से निर्धारित यातायात नियमों का पालन करने और शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में मदद करने को कहा गया। इस दौरान बताया गया कि नए नियम का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। इस फैसले से हरी फाटक-बेगमबाग-नीलकंठ द्वार रूट पर जाम की समस्या कम होगी। पैदल श्रद्धालुओं और लोकल ट्रैफिक को राहत मिलने की उम्मीद है।

---

# इंदौर की पांच औद्योगिक संस्थानों को किया गया सील

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में फायर सेफ्टी मानकों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर बुधवार को नगर निगम एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाकर फायर सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच औद्योगिक संस्थानों को सील कर दिया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित संस्थानों में आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपकरणों, आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा निर्धारित फायर सेफ्टी मानकों का समुचित पालन नहीं किया जा रहा था। सुरक्षा मानकों में गंभीर कमियां पाए जाने पर प्रशासन ने




तत्काल कार्रवाई करते हुए संस्थानों को सील कर दिया। कार्रवाई के तहत रौनक पेंट फैक्ट्री, स्टार पेंट, पेपर ट्रेंड लिंक प्राइवेट लिमिटेड, सारा फोम तथा वाडीलाल केमिकल को सील किया गया। इन संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की कमी के कारण किसी भी आपात स्थिति में जनहानि एवं बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा है कि नागरिकों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---

# शराब दुकान पर बवाल! ओवररेटिंग के आरोप पर जमकर चले लात-घूंसे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के स्कीम नंबर-54 स्थित एक शराब दुकान पर कथित ओवररेटिंग को लेकर रविवार देर शाम जमकर हंगामा हो गया। आरोप है कि दुकान पर शराब खरीदने पहुंचे एक ग्राहक से निर्धारित कीमत से अधिक पैसे मांगे गए। जब ग्राहक ने इसका विरोध किया तो उसकी दुकान कर्मचारियों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चलने लगे।



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शराब दुकान के बाहर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। विवाद बढ़ता देख वहां मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। कई लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन गुस्से में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते रहे। इस दौरान किसी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला शहरभर में चर्चा का विषय बन गया।

वायरल वीडियो में शराब दुकान के बाहर लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। कुछ लोग एक-दूसरे से धक्का-मुक्की और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। हालांकि वीडियो किस समय का है और उसमें दिखाई दे रहे लोगों की पहचान क्या है, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब दुकानों पर ओवररेटिंग की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। कई बार ग्राहकों द्वारा तय कीमत से ज्यादा पैसे वसूलने के आरोप लगाए जाते रहे हैं, लेकिन अधिकांश मामलों में शिकायतें जांच तक ही सीमित रह जाती हैं। ऐसे में स्कीम नंबर-54 की इस घटना ने एक बार फिर शराब दुकानों पर हो रही कथित ओवररेटिंग और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हालांकि, इस पूरे मामले में अभी तक पुलिस या आबकारी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। न ही यह स्पष्ट हो पाया है कि विवाद वास्तव में ओवररेटिंग को लेकर हुआ था या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी। पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा वायरल वीडियो और घटना की जांच किए जाने की बात कही जा रही है।

---

खजराना के कृष्ण बाग कॉलोनी की घटना, घायल पिता अस्पताल में भर्ती

# इंदौर में प्रेम प्रसंग को लेकर खूनी संघर्ष

### युवक ने पिता पर धारदार हथियार से किया हमला

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर के खजराना थाना क्षेत्र स्थित कृष्ण बाग कॉलोनी में प्रेम प्रसंग को लेकर चल रहा विवाद सोमवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। एक युवक ने अपनी कथित प्रेमिका के पिता पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में घायल की पत्नी के साथ भी मारपीट होने की बात सामने आई है। पुलिस ने आरोपी युवक और उसकी मां के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घायल की पहचान 40 वर्षीय मेहरबान सिंह ठाकुर निवासी कृष्ण बाग कॉलोनी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उनकी बेटी प्राची की शुभम नामक युवक से बातचीत होती थी।



### बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई

परिवार इस रिश्ते का विरोध करता था, जिसके चलते घर में लंबे समय से तनाव की स्थिति बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को शुभम अपनी मां के साथ प्राची के घर पहुंचा था। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक विवाद में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान शुभम ने धारदार हथियार निकालकर मेहरबान सिंह पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले में उनकी पीठ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद परिवार के लोगों और आसपास के रहवासियों ने घायल को तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

### पत्नी के साथ भी मारपीट की गई

डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत पर लगातार नजर रखी जा रही है। जानकारी के अनुसार, विवाद के दौरान मेहरबान सिंह की पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। वहीं पुलिस यह भी जांच कर रही है कि घटना के समय युवती की क्या भूमिका थी और आखिर ऐसा क्या हुआ कि पारिवारिक विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

### कृष्ण बाग कॉलोनी में दहशत का माहौल

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में घर के अंदर खून बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। हालांकि पुलिस ने वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और उसकी सत्यता की जांच की जा रही है। एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि खजराना थाना पुलिस ने आरोपी शुभम और उसकी मां के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद कृष्ण बाग कॉलोनी में दहशत का माहौल है।

---

पवित्र श्रावण मास से बदल सकती है उज्जैन में कालभैरव मंदिर में दर्शन व्यवस्था

# सशुल्क व वीआईपी प्रोटोकॉल की अलग से लाइन चलाएंगे

- कुछ दिनों पहले ही कालभैरव में 500 रुपए सशुल्क दर्शन व्यवस्था शुरू की गई थी
- सशुल्क दर्शन वाली कतार में ही प्रोटोकॉल व वीआईपी वाले श्रद्धालुओं को भी दर्शन करवाए जा रहे हैं
- इससे सुविधा बनाने में मुश्किलें हो रही हैं, क्योंकि इस कतार वाले सभी श्रद्धालुओं को गर्भगृह से दर्शन करवाने होते हैं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

श्रावण महीने की शुरूआत से कालभैरव मंदिर में दर्शन व्यवस्था बदल सकती है। मंदिर प्रबंध समिति अभी से तैयारी कर रही है।

कुछ दिनों पहले ही मंदिर में 500 रुपए सशुल्क वीआईपी दर्शन की व्यवस्था भी शुरू की गई है। ऐसे में अभी मंदिर में निःशुल्क सामान्य व सशुल्क दर्शनार्थियों के लिए अलग-अलग दो कतार लगाई जा रही है। इनमें से सशुल्क दर्शन वाली कतार में ही प्रोटोकॉल व वीआईपी वाले श्रद्धालुओं को भी दर्शन करवाए जा रहे हैं। इससे सुविधा बनाने में मुश्किलें हो रही हैं, क्योंकि इस कतार वाले सभी श्रद्धालुओं को गर्भगृह से दर्शन करवाने होते हैं। अगले महीने 30 जुलाई से सावन महीने की शुरूआत होने जा रही है। ऐसे में समिति यहां की दर्शन व्यवस्था को और भी सरल बनाने की तैयारी कर रही है।

दर्शन की नई प्लानिंग यह की जा रही है कि दो की बजाय दर्शन के लिए तीन कतार का प्रबंध किया जाएगा। इनमें से पहली कतार निःशुल्क सामान्य दर्शनार्थियों के लिए रहेगी। दूसरी कतार 500 रुपए सशुल्क वाले दर्शनार्थियों के लिए और तीसरी कतार प्रोटोकॉल-वीआईपी वाले श्रद्धालुओं के लिए। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एलएन गर्ग पहले ही स्पष्ट कर चुके थे कि व्यवस्थाओं में परिवर्तन करेंगे और ऑनलाइन पर भी जोर देंगे।

### महाकाल दर्शन रूट पर भी बदलाव की तैयारी

श्रावण माह की शुरूआत और महाकाल लोक में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को ट्रैफिक डीएसपी दिलीपसिंह परिहार और थाना प्रभारी इंद्रपाल सिंह की उपस्थिति में ऑटो व ई-रिक्शा संघ के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में सर्वसम्मति बनी है कि बेगमबाग-हरिफाटक से नीलकंठ मार्ग पर लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए अब इस रूट पर ऑटो और ई-रिक्शा का प्रवेश बंद करना जरूरी है। डीएसपी परिहार ने बताया कि इस प्रस्ताव को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर के समक्ष अंतिम नोटिफिकेशन के लिए रखा जाएगा।

### श्रावण में बढ़ेगी भीड़

श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने के बाद अधिकांश श्रद्धालु कालभैरव मंदिर में दर्शन करने पहुंचते हैं। ऐसे में इस मंदिर में भी भीड़ का दबाव रहता है।

### मंदिर जाने के लिए दो वैकल्पिक मार्ग तय

**रूट नंबर 1:** हरिफाटक- बेगमबाग के बजाय ऑटो व ई-रिक्शा गऊघाट और यंत्र महल के रास्ते होते हुए श्रद्धालुओं को नृसिंह घाट छोड़ेंगे।

**रूट नंबर 2:** हरिफाटक ब्रिज टी-पॉइंट से इंटरप्रिटेशन सेंटर होते हुए ई-रिक्शा सीधे चारधाम तक जा सकेंगे।

## न्यूज कालम



### स्टेडियम मैदान पर मनाया अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस

**खरगोन।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग खरगोन एवं हांकी संघ ने स्टेडियम मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खिलाडियों एवं प्रशिक्षकों द्वारा ओलंपिक दिवस की शपथ के साथ किया। फिडर सेंटर और सांई स्माल सेंटर के बीच हांकी का मैत्री मैच भी खेला गया। खिलाडियों ने खेल भावना, अनुशासन, समर्पण एवं टीम वर्क के महत्व को समझते हुए खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। जिला खेल अधिकारी पवी दुबे ने बताया कि ओलंपिक दिवस प्रतिवर्ष 23 जून को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य केवल प्रतिस्पर्धात्मक खेलों को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि समाज में शांति, एकता, भाईचारे एवं स्वस्थ जीवनशैली के संदेश को प्रसारित करना भी है।जिला हांकी संघ के सचिव सीनियर हांकी कोच इकबाल खान ने खिलाडियों को ओलंपिक खेलों के इतिहास, उनके महत्व तथा महान ओलंपियन खिलाडि ?ों की उपलब्धियों की जानकारी दी। ब्लॉक समन्वयक जीतेन्द्र हिरवे, हाँकी कोच प्रवीण किरावर, राकेश अथंनकर, उच्छमसिह रावत, ज्योति बाला रावत, जयराम दांगी, संतोष दांगी विभिन्न खेलों के खिलाड़ी, प्रशिक्षक, खेल विभाग के कर्मचारी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### ऑल इज वेल हॉस्पिटल ने अहिरखेड़ा में लगाया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**बुरहानपुर ।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 24 जून को ग्राम अहिरखेड़ा तहसील भीकनगांव जिला खरगोन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 55 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक अकरम खान जनरल फिजिशियन ने मरीजों की समस्याओं का परामर्श किया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने और सुरक्षित रहने की सलाह दी गई। शिविर में सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन और कमलेश बिरला के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### तहसील स्तरीय नवनियुक्त पदाधि कारियों का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित




**सनावद।** सेन समाज के नारायणी सेना संगठन के तहसील स्तरीय नवनियुक्त पदाधिकारियों का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में संतश्री कैलाशजी भारती,विधायक सचिन बिरला,मांधाता विधायक प्रतिनिधि दीपक पटेल,नपाध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला,नारायणी सेना प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष चौहान 'दादा दयालु',पार्षद पूजा परिहार उपस्थित थे।अतिथि सत्कार नारायणी सेना संगठन के इंदौर संभाग उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सेन ने किया।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सेन समाज परस्पर सहयोग के माध्यम से उन्नति के पथ पर अग्रसर है। विधायक ने कहा कि नारायणी सेना के नवनियुक्त तहसील पदाधिकारी समाज की एकता,प्रगति और सामाजिक उत्थान के संकल्प के साथ अपने दायित्व का निर्वाह करेंगे। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि सेन समाज के युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा कर रहे हैं। दादा दयालु,पटेल एवं गौतम विद्यार्थी ने भी प्रेरक विचार व्यक्त किए। अतिथियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। समारोह के आयोजन में नारायणी सेना के भगवान सेन,राकेश सेन,श्याम सेन,अशोक सेन,राम सेन,राजू सेन,नानूराम सेन,जितेंद्र सेन,ओमप्रकाश सेन,लोकेंद्र सेन,संजय सेन का सहयोग सराहनीय रहा।

# झमाझम बारिश से सड़कें बनीं तालाब, तपती गर्मी से मिली बड़ी राहत

## अब मानसून की नियमित बौछारों का इंतजार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

जिले में मौसम ने एक बार फिर जोरदार करवट ली है। बुधवार सुबह सवा ग्यारह बजे अचानक आसमान में काले घने बादल घिर आए और देखते ही देखते ऐसी झमाझम तेज बारिश शुरू हुई कि आधे घंटे से अधिक समय तक पूरा इलाका तरबतर हो गया। इस मूसलाधार बारिश के चलते सड़कों और आसपास के निचले क्षेत्रों में तेजी से पानी भर गया। हालांकि, इस बारिश ने पिछले कई दिनों से पड़ रही तपती गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बड़ी राहत दी है और मौसम खुशनुमा हो गया है।



**तापमान का पारा गिरा, मौसम हुआ सुहावना**

लगातार हो रही प्री-मानसून बारिश का सीधा असर बुरहानपुर के तापमान पर देखने को मिला है। पिछले आठ दिनों से तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ था। मंगलवार को जहाँ जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं बुधवार को यह घटकर 36 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले गुरुवार को पारा 39 डिग्री और शुक्रवार को 38 डिग्री तक पहुंच गया था, जिससे अब काफी हद तक निजात मिल गई है।

**किसानों के लिए 'अमृत' बनी बारिश, बोवनी के काम में आएगी तेजी**

कृषि विभाग ने किसानों को पहले ही पर्याप्त बारिश होने के बाद ही खेतों में बोवनी करने की सख्त सलाह दी थी। यही वजह थी कि अधिकांश किसान अब तक अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे और बोवनी शुरू नहीं कर पाए थे।

कपास उत्पादकों को बड़ी राहतः हालांकि जिले के कुछ किसानों ने पहले ही कपास की बोवनी कर दी थी, लेकिन एक बड़े वर्ग को इस बारिश की दरकार थी।

खेतों में बढ़ी नमीः अब इस जोरदार बारिश के बाद खेतों में नमी बढ़ गई है, जिससे फसलों की बोवनी के कार्यों में जबरदस्त तेजी आने की संभावना है।

**मौसम विभाग की नजर अगले दौर की बारिश पर**

लगातार बदलते मौसम और प्री-मानसून की सक्रियता को देखते हुए आगामी दिनों में भी जिले में बारिश की पूरी संभावना बनी हुई है। अब किसानों और आम जनता की नजरें मानसून की उस नियमित बारिश पर टिकी हैं, जिससे खेती-

## गायत्री उपासना से जीवन में ज्ञान, सदुबुद्धि और प्रकाश की प्राप्ति होती है – मयाचंद भारद्वाज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

गायत्री मंत्र महामंत्र है।इसे कल्पवृक्ष और अमृत कहा गया है। क्योंकि यह मनुष्य की कामनाओं को परिष्कृत करता है। व्यक्ति की इच्छाएँ स्वार्थ, तृष्णा और वासनाओं से ऊपर उठकर आदर्शों, सेवा और सिद्धान्तों से जुड़ जाती है तब मनुष्य सदैव संतुष्ट और प्रसन्न रहने लगता है।

व्यक्ति सदाचारी बनता है और सुखद परिस्थितियों का निर्माण करता चला जाता हैउपरोक्त चिंतन गायत्री शक्तिपीठ पर गायत्री जयंति तथा वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ, युग परिवर्तन के महानायक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से शिक्षक बलराम गोविंद को गायत्री महामंत्र की गुरु दीक्षा देते हुये युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि मयाचंद भारद्वाज ने दिया।



उन्होंने कहा गायत्री उपासन से मनुष्य के जीवन में चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिये आत्मबल और साहस प्राप्त होता है। जिससे आत्म विश्वास और पुरुषार्थ करने की प्रेरणा मिलती है और जीवन में ज्ञान, सद्बुद्धि और प्रकाश की प्राप्ति होती है।

नव दीक्षित शिष्य को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण तथा नियमित गायत्री उपासना व स्वाध्याय करने हेतु मार्गदर्शन दिया।सभी का जीवन मंगलमय हो, सभी स्वस्थ रहें तथा सभी सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो, सभी का उज्जवल व्यक्तित्व हो, इस भाव से पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में महामृत्युंजय मंत्र से आहुतियां समर्पित कीं। तहसील क्षेत्र गायत्री परिवार की शाखाओं के परिजन, स्थानीय परिजन, समाजसेवी, महिला मण्डल, प्रज्ञा मण्डल, युवा मण्डल तथा

## नर्मदा पुल से लापता इंदौर निवासी का शव 36 घंटे बाद मिला, हरदा में होगा अंतिम संस्कार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

कसरावद रोड स्थित नर्मदा पुल पर कार छोड़कर लापता हुए इंदौर निवासी निशांत (50) जोशी का शव बुधवार दोपहर करीब 36 घंटे बाद नर्मदा नदी से बरामद कर लिया गया। पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान शव गांधीनगर क्षेत्र के समीप नदी में जमा कचरे के बीच तैरता हुआ मिला।

जानकारी के अनुसार निशांत जोशी इंदौर की हैवनॉल पेट्रोल केमिकल कंपनी में कार्यरत थे। वे मूल रूप से हरदा जिले के निवासी थे और पिछले कई वर्षों से इंदौर के राजेंद्र नगर क्षेत्र में रह रहे थे। सोमवार दोपहर वे घर से कार्यालय जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। देर रात मंडलेश्वर पुलिस को नर्मदा पुल पर उनकी कार लावारिस हालत में खड़ी मिली। वाहन में मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद मंगलवार को गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम ने नदी में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे गोताखोरों को गांधीनगर क्षेत्र के पास नदी में एक शव दिखाई दिया। स्थानीय नाविकों की सहायता से शव को बाहर निकालकर पहचान की प्रक्रिया शुरू की गई।दोपहर बाद मंडलेश्वर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान निशांत के रूप में की। पहचान करने वालों में उनकी पत्नी स्मिता जोशी, बेटी आशी जोशी, चचेरे भाई डॉ. विवेक जोशी तथा उनके करीबी मित्र आशीष गंगराड़े शामिल थे।

पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शाम को शव परिजनों को सौंप दिया गया।परिजन शव लेकर हरदा रवाना हो गए हैं। जहां गुरुवार सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम को नदी में शव मिला था। परिजनों द्वारा पहचान किए जाने के बाद पोस्टमार्टम कर शव उन्हें सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम

## ग्राम जैतापुर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**खरगोन।** जैतापुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देरशाम एक २४ वर्षीय युवक राज कुशवाह ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने युवा बेटे की मौत का जिम्मेदार एक वाहन मालिक को ठहराया है। परिजनों ने एक वाहन मालिक पर प्रताड़ित करने और वेतन नहीं देने के गंभीर आरोप लगाए है। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। मृतक के पिता गजेन्द्र सिंह कुशवाह और चाचा राजेन्द्र सिंह कुशवाह ने आरोप लगाया कि राज पिछले कई महीनों से एक प्रतिष्ठित समाज के व्यक्ति के यहां काम कर रहा था, लेकिन उसे नियमित वेतन नहीं दिया जा रहा था। परिजनों के अनुसार, वाहन मालिक सराफा कारोबारी होकर मृतक राज पर पांच लाख रुपये देने का दबाव बना रहा था, जबकि वाहन का बीमा क्लेम मिल चुका था। परिजनों ने बताया कि गाड़ी धोने के दौरान वाहन का पहिया नाली में उतरने की घटना के बाद सोहन महाजन ने राज के साथ गाली-गलौज की और उसे धमकाया था। इसी बात से वह मानसिक तनाव में था। परिजनों का आरोप है कि लगातार प्रताड ?ा और दबाव के कारण राज अवसाद में चला गया और उसने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजन अब वाहन मालिक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी गटाराम सोलंकी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। जैतापुर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माणाधीन शनवारा-लालबाग मार्ग का अर्चना चिटनिस ने किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस और महापौर माधुरी पटेल ने अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ 16 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से निमार्णाधीन शनवारा-सिंधीबस्ती से लालबाग रेलवे स्टेशन तक व्हाइट टॉपिंग सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था, वर्षा जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह मार्ग बुरहानपुर शहर के प्रमुख और व्यस्त मार्गों में से एक है, जहां से प्रतिदिन हजारों नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और यात्रियों का आवागमन होता है। इसलिए निर्माण कार्य केवल तकनीकी मानकों तक सीमित न रहकर आमजन की सुविधा और सुरक्षा को केंद्र में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लालबाग मार्ग से जुड़ी कॉलोनियों, बस्तियों और अन्य आवागमन मार्गों पर आवश्यकतानुसार व्यवस्थित रेम्प बनाए जाएं, ताकि नागरिकों को सड़क पर चढ़ने-उतरने में परेशानी न हो। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और दोपहिया वाहन चालकों की सुविधा का ध्यान रखा जाए।

चिटनिस ने सड़क के दोनों ओर स्थित फुटपाथों को सुव्यवस्थित और उपयोगी स्वरूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैदल चलने वाले नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए फुटपाथों का निर्माण किया जाए और अतिक्रमण व अव्यवस्था की स्थिति न बनने दी जाए। वर्षा ऋतु को देखते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क पर जलभराव की स्थिति न बने। इसके लिए वर्षा जल निकासी की समुचित और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नालियों और ड्रेनेज सिस्टम को व्यवस्थित कर पानी के तेज और सुचारू निकास की व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर पड़े निर्माण मलबे, कीचड़ और अन्य अव्यवस्थित सामग्री को देखकर चिटनिस ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क और आसपास के क्षेत्रों में पड़ा मलबा तत्काल हटाया जाए और निर्माण स्थल को व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण सामग्री, कीचड़ या अन्य अवरोधक वस्तुएं दुर्घटनाओं का कारण बन सकती हैं, इसलिए सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए।

अर्चना चिटनिस ने निर्माण स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा संकेतक, बैरिकेडिंग और रात्रिकालीन चेतावनी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि निर्माण कार्य के दौरान आमजन को असुविधा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े। मार्ग के मध्य स्थापित स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्तमान प्रकाश व्यवस्था का परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार सुधार किया जाए। जहां आवश्यक हो वहां अधिक क्षमता वाली आधुनिक एलईडी स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जाएं, ताकि पूरे मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि बेहतर प्रकाश व्यवस्था से रात्रिकालीन आवागमन सुरक्षित होगा ।

### वषायीग चातुर्मास हेतु आर्यिका संघ को चढ़ाया श्रीफल

**बड़वानी।** आचार्य श्री सुनील सागर जी की शिष्या आर्यिका सुप्रज्ञ मति जी माताजी ससंघ विराजित है बड़वानी नगर में आज दिगंबर जैन समाज बड़वानी द्वारा परम पूज्य आचार्य श्री मुनि कुंजर आदि सागर जी अंकलीकर के मूल परम्परा के वर्तमान पट्टाचार्य और तपस्वी सम्राट आचार्य श्री सन्मति सागर जी महाराज के शिष्य प्रकृताचार्य सुनील सागर जी महाराज की शिष्या आर्यिका सुप्रज्ञ मति, अनघ मति , संभाव मति माताजी बड़वानी नगर में गत दिनों से विराजमान है को आज इस वर्ष के मंगल वषायीग चातुर्मास हेतु निमंत्रण दे कर श्रीफल चढ़ाया गया, यहां ये उल्लेखनीय है कि जैन संत चातुर्मास में एक ही स्थान पर अपनी तप आराधना,और साधना करते है और कुछ सीमा बाँध लेते है जिसके कि बाहर वो बिहार नहीं करते है, चातुर्मास अषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी से प्रारंभ कर के कार्तिक माह की अमावस्या पर समाप्त होता है कुछ संत सावन माह की एकम से चातुर्मास की स्थापना कर अपनी साधना करते है । इन दिनों में धार्मिक कार्यक्रम, शास्त्र प्रवचन, अभिषेक,पूजन,स्वाध्याय,धर्म की क्लास प्रतिक्रमण आदि होते है जिसका की लाभ श्रमण के साथ श्रावक भी उठाते है। श्रीफल भेंट करने में समझने युवा,महिला,पुरुष आदि सम्मिलित हुए ।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बना विश्व रिकॉर्ड

**सनावद।** हाब्यूल्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन द्वारा दिनांक 14 जून से 21 जून तक सामूहिक योग का अंतरराष्ट्रीय आयोजन किया गया। जिसमें 113 देश के कुल एक करोड़ छत्तीस लाख उनहत्तर हजार चार सौ चौरासी लोगों ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। नगर के शिक्षक एवं कवि शिशिर देसाई ने भी इसमें प्रतिभागिता की और विश्व रिकॉर्ड प्रतिभागी का प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

### सीवरेज कार्य में लापरवाही पर एजेंसी पर 5 लाख रूपए की पेनल्टी लगाई

उज्जैन। चौडीकरण के कार्यों में लापरवाही पर एजेंसियों पर नियमित निरीक्षण में पेनल्टी लगाने के बाद नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बारिश के दौर में सिवरेज कार्य में लापरवाही करने वाली एजेंसी पर ५ लाख की पेनल्टी ठोक दी है। इसके साथ ही उन्होंने सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सफाई मित्रों को उनके हित में दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करें, रेनकोट, गमबूट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें। बुधवार को नगर निगम आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था एवं अमृत 2.0 अंतर्गत नगर निगम वार्ड क्रमांक ४२ एवं वार्ड क्रमांक 8 का निरीक्षण किया।

## कबड्डी खेल कर द्रव्य मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध दिखाई एक जुटता

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

हम सभी जानते हैं नशा नाश का कारण है और नशे की सुलभता के साथ-साथ उसकी अवैध तस्करी के माध्यम से यह और अधिक व्यापक होकर यह राष्ट्र और समाज दोनों के लिए घातक बन जाता है इसके दुष्परिणाम सभी को भोगने पड़ते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक जागरूकता दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 17 से 26 जून तक विशेष जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीमती जयति सिंह के मार्गदर्शन में आशाग्राम ट्रस्ट बड़वानी एवं शिवकुंज योगा ग्रुप के द्वारा प्रतिदिन गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

शिवकुंज पर आज कबड्डी मैच के आयोजन के साथ-साथ अवैध तस्करी के विरुद्ध सामाजिक चेतना लाने के लिए मानव श्रृंखला बनाकर मादक द्रव्यों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध सामाजिक प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

आशाग्राम ट्रस्ट के सचिव डॉ चक्रेश पहाड़िया ने बताया कि शिवकुंज योगा ग्रुप फिटनेस के साथ-साथ नशा मुक्ति चेतना की अनेक गतिविधियां आयोजित कर अनुकरणीय कार्य कर रहा है। योगा ग्रुप के संयोजक श्री लव कुमरावत ने बताया कि कबड्डी मैच के आयोजन के पीछे यह उद्देश्य है कि नशे से मुक्त रहकर ही हम स्वस्थ मन और स्वच्छ तन रख सकते हैं।

आयोजन में योगा ग्रुप के श्री हीरा यादव, श्री दलजीत सिंह बंटी, श्री दीपक अग्रवाल, श्री अनिल अग्रवाल, श्री संदीप मुकाती, श्री अंशुल महाजन, श्री अंकित राठौड़, श्री आशीष जोशी, श्री कैलाश नागौर, श्री पवन कुमरावत, श्री सचिन शर्मा पार्षद एवं पत्रकार, श्री संजय सुगंधी, श्री आदर्श श्रीवास्तव, श्री संतोष मुलेवा, श्री अंतिम सोनी, श्री सचिन दुबे श्री मनीराम नायडू श्री कैलाश सोनी आदि सदस्य उपस्थित थे।

### किसानों की मजबूत आवाज बनकर उभरे किसान पुत्र विजय चौधरी, एनटीपीसी प्रभावित किसानों की लड़ाई को दी नई धार

सनावद.- क्षेत्र में किसानों के हितों और अधिकारों की लड़ाई को लेकर लगातार सक्रिय रहने वाले किसान पुत्र विजय चौधरी एक बार फिर किसानों की आवाज बनकर सामने आए हैं। एनटीपीसी पाइपलाइन परियोजना से प्रभावित किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर जनभावनाओं से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की।ग्राम अंजरूद, खंगवाड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों के प्रभावित किसानों का कहना है कि उनकी भूमि, फसल और आवागमन से जुड़ी समस्याओं को जिस मजबूती से विजय चौधरी ने अधिकारियों के समक्ष रखा, उससे किसानों में न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।विजय चौधरी ने कहा कि किसानों के अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ प्रभावित किसानों के हितों की रक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है। किसानों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और उचित राहत सुनिश्चित की जानी चाहिए।क्षेत्र में किसान पुत्र विजय चौधरी की इस पहल की व्यापक चर्चा हो रही है। ग्रामीणों का मानना है कि जब भी किसानों के हितों पर बात आती है, विजय चौधरी हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े दिखाई देते हैं। यही कारण है कि वे क्षेत्र में किसानों की मजबूत आवाज और भरोसेमंद नेतृत्व के रूप में पहचान बना रहे हैं।"किसानों की लड़ाई में हमेशा किसानों के साथ" के संकल्प के साथ विजय चौधरी लगातार प्रभावित परिवारों की समस्याओं को प्रशासन और संबंधित विभागों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इससे क्षेत्र के किसानों में नया विश्वास और उम्मीद का माहौल बना है।

### साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताएगी पुलिस

मंडलेश्वर।बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पुलिस ने २४ जून से ८ जुलाई तक चलने वाला १५ दिवसीय जन-जागरूकता अभियान च्सेफ क्लिक २.०ज शुरू किया है। अभियान का शुभारंभ थाना परिसर में किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया साइबर अपराधी कम जानकारी रखने वाले लोगों को फोन कॉल, मैसेज और ऑनलाइन प्रलोभनों के माध्यम से अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे मामलों को रोकने के लिए पुलिस अब गांवों और दूरस्थ बस्तियों तक पहुंचकर साइबर चौपाल आयोजित करेगी। इन चौपालों में लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन और संदिग्ध गतिविधियों की पहचान के बारे में

### उल्लास के साथ मना महेश नवमी महोत्सव, चारभुजानाथ मंदिर से निकली भगवान महेश की भव्य पालकी

**जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत, माहेश्वरी भवन में माधुर्य भोज के साथ समापन**

**उज्जैन।** महेश नवमी महोत्सव के अवसर पर २३ जून को भगवान महेश की विशेष पूजन-अर्चन के बाद शहर में भव्य पालकी निकाली गई। चल समारोह चारभुजानाथ मंदिर गोला मंडी से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ श्री माहेश्वरी भवन पहुंचा। यहां जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में माधुर्य भोज के साथ आयोजन का समापन हुआ।

इन मार्गों से गुजरी पालकी, मंचों से हुआ स्वागत

चल समारोह गोला मंडी स्थित चारभुजानाथ मंदिर से शुरू होकर गोंदा की चौकी, बुधवारिया, निकास, तेलीवाड़ा और मिर्जानइम मार्ग होते हुए श्री माहेश्वरी भवन गोला मंडी पहुंचा। मार्ग में माहेश्वरी दूध भंडार के राजेश झंवर, अशोक भूतड़ा, राजकुमार भूतड़ा, ओमप्रकाश भूतड़ा, माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी समाज युवा संगठन, वैष्णव मंडल, प्रशांत बंग निलेश कोठारी मित्र मंडल और आनंद अशोक भूतड़ा सहित अनेक परिवारों व संगठनों ने चल समारोह का भव्य स्वागत कर भगवान की पूजा-अर्चना की।

विधायक और जनप्रतिनिधि हुए शामिल

चल समारोह के माहेश्वरी भवन गोला मंडी पहुंचने पर उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, झोन? अध्यक्ष रजत मेहता और पार्षद योगेश्वरी भी शामिल हुए। तत्पश्चात माहेश्वरी भवन में सभी माहेश्वरी परिवारों का माधुर्य भोज संपन्न हुआ।

## न्यूज -कॉलम

### मोहर्रम पर्व: 4 थानों की सीमा में पुलिस का फ्लैग मार्च



**उज्जैन।** मुस्लिम समुदाय के पर्व मोहर्रम को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। बुधवार शाम 4 थानों की सीमा में कानून व्यवस्था के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं को बनाये रखने के लिये फ्लैग मार्च किया गया। महाकाल थाना परिसर से शुरू हुआ फ्लैग मार्च बेगमबाग, नलियाबाखल, तोपखाना होते हुए कोतवाली थाने की सीमा दौलतगंज नईसड़क, निकास होता हुआ जीवाजीगंज थाने की सीमा बड़े साहब, खजूरवाली मजिस्द केडी गेट होते हुये खाराकुआ थाने की सीमा गोपाल मंदिर, गुदरी चौराहा, कसाईवाडा होते हुए पुनः महाकाल थाने की सीमा में पहुंचकर थाना परिसर में समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च एएसपी आलोक शर्मा के निर्देशन में निकाला गया। जिसमें शहर के सभी सीएसपी, थाना प्रभारी, पुलिस बल के साथ व्रज वाहन, अश्वारोही दल, बीडीडीएस और दंगा नियंत्रण बल शामिल रहा। इस दौरान संवेदनशील क्षेत्र और प्रमुख चौराहा पर नागरिको से संवाद कर पर्व को शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की गई। आमजन को जागरूग करते हुये सोशल मीडिया पर भ्रामक और अपुष्ट खबरों पर विश्वास नहीं करने और संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की बात कहीं गई। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग भ्रमण कर निगरानी की जा रही है। सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सतत सीमक्षा के निर्देश जारी किये गये है। मोहर्रम में शांति, सौहार्द्र के व्यापक इंतजाम किये गये है। आमजन की सुविधा और सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### विवाद करने से मना किया तो घर में घुसकर मारा

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम चिकली में रहने वाले अरविंद पिता भगवानसिंह राजपूत ने अपने घर के बाहर विवाद कर रहे प्रद्युमनसिंह और मोहनलाल को रोकने का प्रयास किया और गाली गलौच करने से मना किया। जिस पर प्रद्युमनसिंह ने उनके विवाद में हस्तक्षेप करने पर अरविंद सिंह को घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। प्रद्युमन घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। अरविंद से मारपीट कर रहे प्रद्युमन को रोकने के लिये मोहनलाल पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी और भाग निकला। अरविंद और मोहन ने अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को एक ही मामले में फरियादी बनाकर प्रद्युमन के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर लिया। मोहनलाल ने बताया कि मजदूरी के पैसों को लेकर प्रद्युमनसिंह से विवाद हो रहा था। लेकिन बीच में अरविंद आ गया था। माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत के अनुसार आरोपी भाग निकला था जिसकी तलाश जारी है।

### चालक के खिलाफ लापरवाही से कार चलाने का केस दर्ज

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के उज्जैन-देवास बायपास मार्ग चंदेसरी ब्रिज के पास 20 जून को डिवाइडर से टकराकर कार पलटी खा गई थी। हादसे में आंध्रप्रदेश के रहने वाले नेटी मणिंकाता की मौत हो गई थी और इंदौर का रहने वाला ओमप्रकाश धाकड़ घायल हो गया था। चालक बालकिशन निवासी नीमच को भी चोंट आई थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया था। जांच के दौरान सामने आया कि चालक बालकिशन की लापरवाही से कार डिवाइडर से टकराकर पलटी थी और आंध्रप्रदेश के युवक की जान गई थी। मृतक और घायल बीज का कारोबार करते थे, दोनों चालक के साथ महाकाल दर्शन करने उज्जैन आये थे और वापस इंदौर लौट रहे थे। उसी दौरान हादसा हुआ था। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि चालक को हिरासत में लेकर नोटिस पर रिहा किया गया है। 30 जून को उसे कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### ट्रक दुर्घटना में घायल बड़ोद के वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** बड़ोद के लोटिया कृष्णा में रहने वाले मानसिंह पिता राघु 51 साल को बुधवार शाम गंभीर हालत में उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया था। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि ट्रक ने टक्कर मार थी। अस्पताल स्टॉफ ने मामला सड़क दुर्घटना का होने पर मामले की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम किया है। गुरूवार को पोस्टमार्टम के बाद मर्ग डायरी जांच के लिये बड़ोद पुलिस को भेजी जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 456-5 | 890-7 |
| मेन बाजार | 149-4 | 460-0 |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 449-7 | 700-7 |
| मिलन नाइट | 378-8 | 168-5 |
| मधुर डे | 117-9 | 116-8 |
| मधुर नाइट | 478-9 | 566-7 |
| शुभांक | 3 5 | 6 |

#### एसआईआर फार्म से बीएलओ ने दिया था फोटो...

# गिरफ्त में आपत्तिजनक वीडियों वायरल करने वाले आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



अश्लील वीडियो में युवती का फोटो एडिट कर वायरल करने वाले 4 आरोपियों को 3 दिन बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में महिला बीएलओ भी शामिल है। मामले से जुड़ा एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम में रहने वाली युवती से जुड़ा एक अश्लील वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद ग्राम में हडकंप मच गया था। युवती ग्राम में नहीं रहती है, उसके परिवार ने वायरल वीडियों की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई और पारिवारिक-सामाजिक छवि धूमिल करने का आरोप लगाया। मामला गंभीर होने पर पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। अश्लील वीडियो में युवती का फोटो अलग से एडिट किया गया था और वीडियों में दिखाई दे रही युवती होना बताया था। पुलिस ने परिवार से फोटो के संबंध में जानकारी प्राप्त की, फोटो प्रिंट करने वाले से पूछताछ की। इस दौरान सामने आया कि उक्त फोटो एसआईआर फार्म में लगाया गया था। जिसके आधार पर पुलिस ने बीएलओ फखरूनिशा उर्फ बेबी पति नईम खान निवासी मिल्कीपुरा से पूछताछ शुरू की। जिसमें सामने आया कि उसने एसआईआर फार्म से फोटो वाट्सएप के माध्यम से एहसान पटेल को भेजा था। पुलिस को मामले की लिंक मिल गई और ग्राम ब्यावरा में रहने वाले एहसान पिता शेर मोहम्मद पटेल 60 साल को हिरासत में ले लिया।

पूछताछ में पता चला कि उसने फोटो आबिद पिता बाबू पटेल 48 साल निवासी पंथ मुंडला विजयागंज मंडी और ब्यावरा में रहने वाले मुजफ्फर पिता मुबारिक पटेल 43 साल को भेजा था। मामले में उनके साथ युसुफ पिता शेर मोहम्मद पटेल पंथ मुंडला भी शामिल था। चारों ने मिलकर फोटो को एडिट कर अश्लील वीडियों से जोड़कर वायरल किया है। पुलिस ने 3 दिनों की जांच के बाद बीएलओ सहित एहसान, मुजफ्फर और आबिद को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार दोपहर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। बीएलओ को कर्तव्य में लापरवाही और गोपनीय दस्तावेज से फोटो साझा करने पर वैधानिक कार्रवाई के बाद नोटिस पर रिहा किया गया है।

### मकसद परिवार को बदनाम करने का

थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि गिरफ्त में आये आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उनका मकसद युवती के परिवार को बदनाम करने का था। उनकी सालों से वर्चस्व की लड़ाई चली आ रही है। आरोपी रसूखदार पक्ष है, जिन्होने साजिश रचकर वीडियो वायरल किया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश में एक टीम उसके ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है।

# ट्रेकिंग से खोज निकाले गुम 27 मोबाइल

### वापस मिलने पर पुलिस से कहा थैंक्स

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



गुम मोबाइल खोज निकालने का अभियान चला रही पुलिस से एक बार फिर से 8 लाख कीमत के मोबाइल का पता तकनीकी आधार पर ट्रेक कर खोज निकाले। कुछ मोबाइल को वापस मंगवाने के लिये पुलिस को राशि भी खर्च करना पड़ी। जब धारको को मोबाइल वापस लौटाये गये तो किसी ने थैंक्स कहा तो किसी का कहना था कि मिलने की उम्मीद नहीं थी। पुलिस के पास हर दिन कई शिकायतें मोबाइल गुम होने की मिलती है। जिसको लेकर पिछले कुछ सालों से पुलिस ने गुम मोबाइल को खोज निकालने का अभियान शुरू किया है। जिले की हर थाना पुलिस तकनीकी आधार पर मोबाइलों का पता लगाने में लगी हुई है। कुछ दिन पहले भाटपचलाना थाना पुलिस ने 13 मोबाइल और एक लेपटॉप खोज निकाला था। अब नीलगंगा थाना पुलिस ने 27 मोबाइल के साथ एक टेबलेट को ट्रेक कर वापस मोबाइल धारको को लौटाने का कर्तव्य पूरा किया है।

थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से लगातार मोबाइल ट्रेक किये जा रहे है। जिनका पता चलते ही उन्हे वापस प्राप्त किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 लाख कीमत के मोबाइल और टेबलेट को खोज निकाला गया है। जिसमें आरक्षक लोकेश प्रजापति और टीम की भूमिका रही है। बुधवार को वापस मिले मोबाइल संबंधित धारको को लौटा दिये गये। मोबाइल वापस मिलने पर महिलाओं ने थैंक्स कहा और युवाओं ने कहा कि उन्हे मोबाइल मिलने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन नीलगंगा थाना पुलिस ने खोज निकाला। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि हमारा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा गुम मोबाइल खोज निकालने का है। जिसके प्रयास पूरे जिले की पुलिस कर रही है।

### सैकड़ो किलोमीटर दूर मिले मोबाइल

पुलिस के अनुसार गुम मोबाइल उत्तरप्रदेश, गाजियाबाद, खरगोन, अमेठी, दिल्ली तक पहुंच गये थे। ट्रेक होने पर मोबाइल चलाने वालों से संपर्क कर पूछताछ की गई तो अधिकांश का कहना था कि उज्जैन आने पर उनके परिवार के बुजुर्गो को मिले थे। उनकी गलती रही कि मोबाइल मिलने पर पुलिस को नहीं सौंपे और अपने शहर आ गये। वह मोबाइल लौटाने के लिये तैयार है, लेकिन वापस उज्जैन नहीं आ सकते है। पुलिस ने मोबाइल वापस मंगवाने के लिये उन्हे कुरियर राशि का ट्रांजेक्शन किया और समझाईश के बाद कई मोबाइल पुलिस थाना नीलगंगा के पते पर प्राप्त कर लिये।

### हफ्ता मांगने वाले 2 बदमाशों को भेजा सलाखों में



**उज्जैन।** खुद का दादा पहलवान बताकर हफ्ता मांगने वाले 2 बदमाशों को 9 दिन की तलाश के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेज दिया। बदमाशों के 2 साथी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 14 जून को जवाहर मार्ग पर रहने वाले मोहम्मद शाहिद शेख को चार बदमाशों ने रोका था और कहा कि हम दादा-पहलवान है। महिदपुर में रहना है तो हफ्ता देना होगा। मो. शाहिद ने विरोध किया तो चारों ने मारपीट की और कहा कि अगर आगे से मना किया तो जान से मार देगें। मामले में मो. शाहिद की शिकायत पर चार बदमाशों जवाब पिता मुजम्मिल शाह, शाहनवाज उर्फ गोलू पिता कासम शाह, अब्दुल वहाब पिता मुजम्मिल और अब्दुल खालिद पिता युसुफ निवासी फकीर मोहल्ला के खिलाफ अवैध वसूली, मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज किया गया। चारों की गिरफ्तारी के लिये एसआई सुखसेन अरियाम, एएसआई वीपी सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, आरक्षक आदिशम, प्रवीण की टीम गठित की गई। 9 दिनों की तलाश के बाद मंगलवार रात आरोपी अब्दुल वहाब और शाहनवाज उर्फ गोलू को महिदपुर नगीना मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार अब्दुल वहाब के खिलाफ 9 और शाहनवाज के खिलाफ पूर्व से 7 प्रकरण दर्ज होना पाये गये। दोनों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर उपजेल महिदपुर भेजा गया है। दोनों के फरार 2 साथियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

### शराब के रूपये नहीं देने पर वृद्ध के साथ मारपीट

**उज्जैन।** घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम जैथल टैक स्थित राममंदिर के पास 62 साल के वृद्ध तेजूलाल पिता भागीरथ चौधरी का आधी रात को बदमाश ने रास्ता रोका और शराब पीने के रूपये मांगने लगा। मंदिर से लौट रहे वृद्ध ने रूपये देने से मना किया तो बदमाश ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और भाग निकला। वृद्ध की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है। बदमाश की तलाश जारी है।


**क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय 5,बुधवारिया उज्जैन ( म.प्र )**

SBI

**शाखा के स्थान परिवर्तन की सूचना**

बैंक द्वारा सुमराखेड़ा शाखा(30259) को बेहतर ग्राहक सेवा की दृष्टि से एक नए परिसर में स्थान एअंतरिक करने का निर्णय लिया गया है शाखा द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं दिनांक29/6 2026 से नए परिसर में उपलब्ध रहेंगी।

**पुराना पता**
भारतीय स्टेट बैंक सुमराखेडा शाखा
ग्राम+पोस्ट सुमराखेडा तहसील-
तराना, जिला उज्जैन म.प्र 45666

**नया पता**
भारतीय स्टेट बैंक
सुमराखेड़ा शाखा नजदीक
तराना रोड रेलवे स्टेशन
स्टेशन रोड ग्राम+पोस्ट सुमराखेडा
तहसील तराना।

इस संबंध में सम्मानिय ग्राहकों को होने वाली और सुविधा के लिए खेद है ग्राहकों से अनुरोध है कि वह अपने नियमित लेनदेन के लिए दिनांक 29/6/ 2026 से नए परिसर में संपर्क करें हम आपको नए स्थान से अपनी सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने का आश्वासन देते हैं।

दिनांक 24/6/26

**क्षेत्रीय प्रबंधक**


### कार की डिक्की में छुपाकर लाया था अवैध शराब



**उज्जैन।** रात्रि गश्त पर निकली पुलिस ने मंगलवार-बुधवार रात 1 बजे विक्रम नगर ब्रिज के नीचे से एक कार की डिक्की में छुपाकर लाई गई हजारों की अवैध देशी-विदेशी शराब बरामद की है। कार चालक को हिरासत में लिया गया है। जिससे शराब संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।

माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक चैतन्य जौहरी ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि कार क्रमांक एमपी 13 सीए 5215 में शराब बेचने के लिये लाई जा रही है। कार विक्रमनगर ब्रिज के नीचे आने वाली है। गश्त टीम के साथ ब्रिज के नीचे पहुंच घेराबंदी की गई। तभी एक कार दिखाई दी, जिसकी ओर पुलिस पहुंचने लगी तो चालक ने कार को तेजगति से लेकर भागने का प्रयास किया। गश्त टीम ने घेराबंदी में कार को रोक लिया और चालक को कस्टडी में लिया। पूछताछ करने पर उसका नाम अर्जुन पिता चम्पालाल निवासी शक्करवासा हाल मुकाम गणेशनगर नागझिरी सामने आया। कार की तलाशी लेने पर डिक्की से विदेशी शराब की तीन पेटी और देशी शराब के 150 क्वार्टर बरामद हो गये। मामले में कार जप्त कर चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर पता लगाया जा रहा है कि शराब कहां से लेकर आया था और किसे बेचने की फिराक में था।

### रैली निकालकर दिया साइबर सुरक्षा का संदेश




**उज्जैन।** साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन को डिजिटल सुरक्षा को लेकर एक बार फिर पुलिस ने जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 की शुरूआत की है। अभियान के प्रथम दिन बुधवार सुबह पुलिस ने रैली निकालकर साइबर सुरक्षा का संदेश दिया।

डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक बार फिर पुलिस द्वारा 24 जून से 8 जुलाई तक अभियान सेफ क्लिक 2.0 की शुरूआत की है। पहले दिन सुबह पुलिस कंट्रोलरूम से जन-जागरूकता रैली निकाली गई। जिसको पुलिस अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पुलिस अधिकारियों के साथ शैक्षणिक संस्था, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी और आम नागरिक शामिल हुये। जिनके हाथों में साइबर सुरक्षा को लेकर लिखे गये संदेशों की तख्तियां थी। अभियान में साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के लिये प्रेरित किया गया। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि अभियान के 14 दिनों में विद्यालयों, शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर कार्यशाला आयोजित की जायेगी और जनसंवाद किया जायेगा। ऑनलाइन होने वाले फ्रॉड से बचने के लिये सावधानी ही सबसे बड़ा हथियार है। इसको लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक को जागरूक किया जायेगा।


**जाहिर सूचना के खण्डन का खण्डन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रोहितदास बैरागी पिता स्व. श्री लक्ष्मीनारायणदास बैरागी निवासी. 44/1/3 छोटी कमल कॉलोनी लैथ मशीन के सामने उज्जैन म.प्र.की ओर से दिनांक 08/06/2026 को समाचार पत्र में एक वैध एवं सत्य जाहिर सूचना प्रकाशित की गई थी। उक्त जाहिर सूचना के विरोध में विपक्षीगण 01 श्यामदास बैरागी एवं 02. राजेन्द्रदास बैरागी पुत्रगण स्व. श्री लक्ष्मीनारायणदास बैरागी द्वारा अपने अधिवक्ता जय जायसवाल के माध्यम से जो जाहिर सूचना का खण्डन प्रकाशित करवाया गया है, वह पूर्णतः असत्य है। विवादित मकान क्रं. 44/1/2 एवं 44/1/3 जो कि बड़ी कमल कॉलोनी गली नं. 10 अंकपात मार्ग उज्जैन म.प्र. में स्थित है वह मेरे पक्षकार के पिता स्व. श्री लक्ष्मीनारायणदास बैरागी की वैधानिक पैतृक संपत्ति है। विपक्षीगणों द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड वसीयत वह पूर्णतः संदिग्ध व फर्जी और शून्यवत है। विपक्षीगणों द्वारा अपने खण्डन में यह असत्य लिखा गया है कि न्यायालय में कोई वाद लंबित नहीं है और कोई स्थगन आदेश नहीं है। वास्तविकता यह है कि उक्त संपत्ति के स्वत्व, हक और हिस्सेदारी के संबंध में माननीय सक्षम् व्यवहार न्यायाधीश महोदय राघवेन्द्र पटेल साहब वर्ग.1 उज्जैन के समक्ष साम्पत्तिक वाद प्रकरण क्रं. आरसीएसए/96/2026 (रोहितदास बैरागी विरुद्ध श्यामदास आदि) संस्थित किया गया है जो वर्तमान में विचाराधीन है। उक्त लंबित प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाये रखे जाने बाबत स्पष्ट वैधानिक स्थगन आदेश पारित किया गया है जिसकी जानकारी विपक्षीगणों को भली.भांति है। इसके बावजूद न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना करते हुए उनके द्वारा नगर पालिक निगमए झोन क्रं. 2 में नामांतरण का झूठा प्रयास किया जा रहा है। अतः इस खण्डन के खण्डन के माध्यम से सर्व साधारण क्रेडिट सोसायटियों राष्ट्रीयकृत व निजी बैंकों शासकीय व अर्द्धशासकीय विभागों एवं वित्तीय संस्थाओं को पुनः सचेत और सूचित किया जाता है कि विपक्षीगणों (श्यामदास व राजेन्द्रदास बैरागी) द्वारा दिनांक 08/06/2026 के बाद प्रकाशित करवाया गया खण्डन पूरी तरह निष्प्रभावी व असत्य है। मेरे पक्षकार की अनुमति सहमति और माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के बिना उक्त संपत्ति मकान क्रं. 44/1 / 2 एवं 44 / 1 / 3 के संबंध में किसी भी प्रकार का सौदा बयाना क्रय-विक्रय, लीज, बंधक या नामांतरण का संव्यवहार न करें। सो सूचित हो।

दिनांक.24.06.2026

**चितरंजन चौधरी हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय पता-47 ए मुरलीपुरा उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9827748508**

## पुलित्जर से नवाजे गए अपटॉन सिंक्लेयर की अजब है कहानी



अपटॉन सिंक्लेयर अमेरिका के मेरीलैंड के एक बेहद गरीब परिवार में जन्मा था। गरीबी में कई बार हाल यह होता था कि उसके पूरे परिवार को भूखा रहना पड़ता। उनके पास घर का किराया चुकाने को भी पैसे न होते। अपटॉन को पढ़ने-लिखने का बेहद शौक था, लेकिन गरीबी के चलते दस साल की उम्र तक वह स्कूल का दरवाजा भी नहीं देख पाया। लेकिन कहते हैं कि जहां चाह, वहीं राह। अपटॉन ने खुद से पढ़ना-लिखना सीखा और जब होश में आने की उम्र आई तो उसने चार्ल्स डिकेंस और विलियम थेकरे के सारे उपन्यास पढ़ डाले। जब उपन्यास खत्म हुए तो उसने एनसाइक्लोपीडिया भी पढ़ डाली। अब तो जब भी मजदूरी से उसे फुर्सत मिलती, उस समय का उपयोग वह कोई न कोई किताब पढ़ने में करता। ऐसे ही संघर्ष और परिश्रम से अपटॉन कॉलेज पहुंच गया। अब वह कमाई के लिए छोटी पत्रिकाओं के लिए लिखने लगा, लेकिन उसके मन में गरीबी और अन्याय के विरोध भीषण क्रोध भरा हुआ था। अपटॉन इस दुनिया को बदलना चाहता था, सो उसने कलम उठाई। उसने पांच साल में पांच उपन्यास गरीबी और असमानता पर लिखे, लेकिन उनको पाठक नहीं मिले। इन सबसे अविचलित अपटॉन ने अपना लेखन कार्य पूरे मनोयोग से जारी रखा। उसे यकीन था कि दुनिया को आज नहीं तो कल, गरीबों की बात सुननी ही होगी। उसने अगला उपन्यास द्द जंगल के नाम से लिखा। यह उपन्यास हिट हो गया और गरीबी के खिलाफ दुनिया भर में आवाज उठी। इस उपन्यास के लिए अपटॉन सिंक्लेयर को पुलित्जर पुरस्कार भी मिला। अपटॉन ने अपने जीवन में सौ किताबें लिखीं, कई पर तो हॉलिवुड ने फिल्में भी बनाईं। वे अक्सर कहा करते थे कि समाज की सूरत तभी बदलेगी, जब कोई उसे आईना दिखाएगा, और यह लेखक ही करेगा।



**सम्पादकीय**

# आस्था पर आघात है चढ़ावा चोरी

सदियों के संघर्ष, असंख्य लोगों के बलिदान और दशकों की कानूनी लड़ाई के बाद अयोध्या में साकार हुए राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी के मामले ने लोगों की आस्था पर गहरी चोट करने के साथ ही उनके भरोसे को डिगाने का काम किया है। किसी के लिए भी यह सोचना कठिन है कि चढ़ावे में चोरी वही लोग कर रहे थे, जिन पर उसकी पाई-पाई का हिसाब रखने की जिम्मेदारी थी। इस हैरान-परेशान करने वाले मामले की जांच एसआइटी की ओर से की जा रही है। आशा की जाती है कि सच में दूध का दूध और पानी का पानी होगा, लेकिन जब तक ऐसा हो न जाए, तब तक निश्चिंत नहीं हुआ जा सकता।

कहना कठिन है कि चढ़ावे में चोरी कब से हो रही थी, लेकिन यह विचित्र है कि सबसे पहले इसकी भनक स्थानीय विपक्षी नेताओं को लगी और फिर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इसे सार्वजनिक किया। जब ऐसा हुआ तो मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सब कुछ ठीक होने का दावा कर दान राशि में किसी तरह की हेराफेरी से इन्कार कर दिया। आखिर उन्हें ऐसा करने की जल्दी क्या थी? इस इन्कार के बाद यह सामने आया कि कुछ लोगों के ठिकानों से पैसा मिला। यह भी पता चला कि जो लोग दान राशि की गिनती में शामिल थे, उनकी आर्थिक हैसियत अचानक अच्छी हो गई थी और वे लाखों-करोड़ों की जमीन खरीद रहे थे। ऐसी बातें भी सामने आईं कि जिन लोगों ने भगवान राम को आभूषण आदि अर्पित किए, उन्हें दान की रसीद नहीं दी गई और कुछ से यह कहा गया कि उन्होंने भेंट स्वरूप चांदी या सोने का जो कुछ दिया था, उसे गला दिया गया। यह भी सामने आया कि दान पात्रों की निगरानी और दान राशि की गणना भी सही तरह नहीं हो रही थी। जब कथित आंतरिक जांच में गंभीर किस्म की गड़बड़ी सामने आई तो मंदिर ट्रस्ट की ओर से राज्य सरकार से जांच कराने को कहा गया। इसके बाद एसआइटी का गठन हुआ। इसके पहले राम मंदिर निर्माण समिति के जो अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र यह कह रहे थे कि उनका काम केवल निर्माण कार्यों को देखना है, वे अचानक टीवी चैनलों में यह बताते हुए दिखाई दिए कि दान पात्रों की निगरानी और चौकसी में भारी कमी थी। उन्होंने चढ़ावा चोरी को डकैती कह कर स्वतः ही मामले की गंभीरता को रेखांकित कर दिया। उन्होंने इसकी भी जरूरत जतानी शुरू कर दी कि मंदिर प्रबंधन की देख-रेख के लिए किसी सीईओ की नियुक्ति आवश्यक है।

**मोबाइल के बढ़ते नेटवर्क बनाम दिलों के घटते कनेक्शन**

# रिश्तों की खुशबू बनाम डिजिटल दूरी : प्रेम, विश्वास और संवाद की नई चुनौती



किशन सनमुखदास
(दैनिक अवन्तिका)

वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी का वर्तमान दौर विज्ञान, तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सोशल मीडिया और डिजिटल क्रांति का युग है। दुनिया पहले की तुलना में कहीं अधिक जुड़ गई है। एक क्लिक पर हजारों किलोमीटर दूर बैठे व्यक्ति से संवाद संभव है। वीडियो कॉल, मैसेजिंग ऐप्स और सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म ने भौगोलिक दूरियों को समाप्त कर दिया है। परंतु विडंबना यह है कि जितनी तेजी से तकनीक ने लोगों को ऑनलाइन जोड़ा है, उतनी ही तेजी से दिलों के बीच की दूरी भी बढ़ी है। आज मनुष्य के पास सैकड़ों डिजिटल संपर्क हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में उसे सुनने और समझने वाले कुछ ही लोग बचे हैं। यही कारण है कि आधुनिक समाज में रिश्तों का संकट वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है। रिश्ते मानव जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। मनुष्य जन्म लेते ही अनेक रिश्तों से जुड़ जाता है। माता-पिता, भाई-बहन, मित्र, गुरु, जीवनसाथी और समाज के अन्य संबंध उसके जीवन को अर्थ प्रदान करते हैं। ये रिश्ते केवल सामाजिक व्यवस्था का हिस्सा नहीं होते, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा, मानसिक संतुलन और जीवन की खुशियों का आधार भी होते हैं। जब व्यक्ति कठिन परिस्थितियों से गुजरता है, तब धन, पद और प्रतिष्ठा से अधिक उसके रिश्ते ही उसके साथ खड़े होते हैं। इसलिए कहा जाता है कि जीवन की वास्तविक समृद्धि बैंक खाते में नहीं, बल्कि दिलों में बसे रिश्तोंमें होतीहै।

साथियों डिजिटल युग ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इसके साथ अनेक नई चुनौतियाँ भी पैदा की हैं। आज परिवार के सदस्य एक ही घर में रहते हुए भी अलग-अलग स्क्रीन की दुनिया में खोए रहते हैं। भोजन की मेज पर संवाद की जगह मोबाइल फोन ने ले ली है। परिवारों में साथ बैठकर बातचीत करने की परंपरा कमजोर पड़ती जा रही है। बच्चों और अभिभावकों के बीच संवाद कम हो रहा है। पति-पत्नी के बीच भी समय का अभाव और डिजिटल व्यस्तता संबंधों में दूरी पैदा कर रही है। परिणामस्वरूप भावनात्मक जुड़ाव कमजोर होता जा रहा है।

साथियों, विश्व के अनेक देशों में किए गए सामाजिक और मनोवैज्ञानिक अध्ययनों ने संकेत दिया है कि अत्यधिक डिजिटल निर्भरता अकेलेपन, अवसाद और सामाजिक अलगाव को बढ़ा रही है। सोशल मीडिया पर हजारों मित्र होने के बावजूद व्यक्ति भीतर से अकेला महसूस कर रहा है। वह अपनी वास्तविक भावनाओं को साझा करने के बजाय एक आभासी छवि प्रस्तुत करने में व्यस्त रहता है। लाइक्स, कमेंट्स और फॉलोअर्स की संख्या को लोकप्रियता का पैमाना मान लिया गया है, जबकि वास्तविक रिश्ते विश्वास, समय, त्याग और संवेदनशीलता पर आधारित होते हैं।

साथियों, आधुनिक जीवन की एक बड़ी विडंबना यह है कि लोग संवाद तो बहुत कर रहे हैं, लेकिन संप्रेषण कम हो रहा है। संदेशों का आदान-प्रदान बढ़ा है, परंतु भावनाओं का आदान- प्रदान घटा है। छोटी-छोटी गलत फहमियाँ बड़े विवादों का रूप ले रही हैं क्योंकि लोग आमने- सामने बैठकर बातचीत करने के बजाय अनुमान और धारणाओं के आधार पर निर्णय लेने लगे हैं। रिश्तों में जो गर्मजोशी कभी एक मुस्कान, एक स्पर्श या एक आत्मीय मुलाकात से मिलती थी, उसे डिजिटल माध्यम पूरी तरह प्रतिस्थापित नहीं कर सकते।बदलते समय में रिश्तों के टूटने का एक प्रमुख कारण बढ़ता हुआ व्यक्तिवाद भी है। आज सफलता, प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत उपलब्धियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। व्यक्ति अपने करियर, आर्थिक विकास और व्यक्तिगत लक्ष्यों में इतना व्यस्त हो गया है कि रिश्तों को समय देना कठिन लगने लगा है। जबकि हर रिश्ता समय और समर्पण मांगता है। जिस प्रकार पौधे को नियमित जल और देखभाल की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार रिश्तों को भी प्रेम, विश्वास और संवाद की आवश्यकता होती है। उपेक्षा किसी भी संबंध को धीरे-धीरे कमजोर कर देती है।

साथियों, वैश्विक स्तर पर परिवार संस्था में आ रहेबदलाव भी रिश्तों की प्रकृति को प्रभावित कर रहे हैं। संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों ने ले ली है। रोजगार और शिक्षा के कारण लोग अपने घरों और समुदायों से दूर रहने लगे हैं। प्रवासन ने आर्थिक अवसर तो दिए हैं, लेकिन भावनात्मक दूरी भी बढ़ाई है। कई बार माता-पिता एक देश में होते हैं और बच्चे दूसरे देश में। ऐसे में डिजिटल माध्यम संपर्क बनाए रखने में सहायक तो हैं, परंतु वे शारीरिक उपस्थिति और आत्मीयता का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकते।

साथियों,रिश्तों के कमजोर होने का एक अन्य कारण अपेक्षाओं का बढ़ना भी है। आधुनिक समाज में लोग अक्सर दूसरों से अधिक अपेक्षाएँ रखते हैं, लेकिन स्वयं उतना योगदान देने के लिए तैयार नहीं होते। जब अपेक्षाएँ पूरी नहीं होतीं, तब निराशा और तनाव पैदा होता है। स्वस्थ रिश्तों की नींव अधिकारों पर नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों पर टिकी होती है। जहाँ केवल लेने की इच्छा हो और देने की भावना न हो, वहाँ संबंध लंबे समय तक टिक नहीं सकते।डिजिटल युग में गलत सूचनाएँ, अफवाहें और अधूरी जानकारियाँ भी रिश्तों को प्रभावित कर रही हैं। सोशल मीडिया पर देखी गई किसी पोस्ट, फोटो या संदेश के आधार पर लोग निष्कर्ष निकाल लेते हैं। कई बार बिना सत्यता जाने आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो जाते हैं। विश्वास की कमी रिश्तों की सबसे बड़ी शत्रु है। एक बार विश्वास टूट जाए तो उसे पुनः स्थापित करने में लंबा समय लगता है। इसलिए आवश्यक है कि किसी भी परिस्थिति में संवाद और समझदारी का मार्ग अपनाया जाए।इसके विपरीत, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाए तो डिजिटल तकनीक रिश्तों को मजबूत करने का माध्यम भी बन सकती है। विदेश में रहने वाला पुत्र प्रतिदिन अपने माता-पिता से वीडियो कॉल पर बात कर सकता है। मित्र दूर रहते हुए भी संपर्क बनाए रख सकते हैं। परिवार के सदस्य महत्वपूर्ण अवसरों को ऑनलाइन साझा कर सकते हैं। अर्थात समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके उपयोग के तरीके में है। यदि तकनीक का उपयोग संवेदनशीलता और संतुलन के साथ किया जाए तो यह रिश्तों को सटीक रूप सेसशक्त बना सकती है। साथियों रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व है झ संवाद। खुलकर बात करना, एक-दूसरे की भावनाओं को सुनना और समझना हर६ संबंध की आवश्यकता है। जब व्यक्ति अपने प्रियजनों को समय देता है, उनकी समस्याओं को सुनता है और उनकी खुशियों में सहभागी बनता है, तब संबंधों में गहराई आती है।

# कर्म चाहे नंगा, बस बहती रहे गंगा

गंगा नदी नहीं है भाई, हम भारतीयों के लिए एक यूनिवर्सल वॉशिंग मशीन है। डिटर्जेंट की जरूरत नहीं, बस एक डुबकी मारो और जनम-जनम के पाप ऐसे गायब, जैसे गधे के सिर से सिंग।

हम बचपन से सुनते आ रहे हैं मन चंगा तो कठौती में गंगा। लेकिन हमने इसका प्रैक्टिकल वर्ज़न ढूंढ निकाला है: कर्म चाहे नंगा, बस बहती रहे गंगा।

ऋषिकेश से लेकर बनारस के घाटों तक चले जाइए, गंगा किनारे खड़े होकर आपको लगेगा कि यहाँ मोक्ष का कोई स्टार्ट-अप चल रहा है। लोग घाट पर ऐसे आते हैं जैसे किसी बैंक की कैश-डिपॉज़िट मशीन के सामने खड़े हों। जेब से निकाला 'घोटाला नंबर 1', 'झूठ नंबर 2', 'पड़ोसी की चुगली नंबर 3' और 'धपाक!'... सब गंगा जी के खाते में। गंगा मैया भी मन ही मन सोचती होंगी, भैया, मैं मोक्षदायिनी हूँ, तुम्हारी रीसायकल बिन नहीं कि जो कचरा समाज में नहीं खपा पाए, वो लाकर मुझमें वाश आउट कर दिया।

हमारी श्रद्धा इतनी भारी है कि वह सीधे प्लास्टिक के थैलों में बंद होकर नदी में तैरती है। हम गंगा को 'माँ' कहते हैं, और माँ के प्रति हमारा प्यार इतना अगाध है कि हम उनके आँचल में फूल, अगरबत्ती के रैपर, अधजली लकड़ियाँ, लाशें और जहरीला केमिकल सब कुछ उड़ेल देते हैं।

गंगा पुत्र होने का हमारा दावा तब तक जोरदार रहता है, जब तक बात नारे लगाने की हो। जैसे ही बात कचरा डस्टबिन में डालने की आती है, हम सब अचानक सौतेले हो जाते हैं। हम हर साल हजारों करोड़ के 'नमामि गंगे' प्रोजेक्ट्स लाते हैं। फाइलें तैरती हैं, बजट बहता है, मगर गंगा का पानी? वह आज भी इस ताक में रहता है कि कोई उसमें अपनी आस्था बहाने से पहले थोड़ा सा 'कॉमन सेंस' भी बहा दे। आजकल गंगा किनारे मोक्ष कम, 'इंस्टाग्राम रील्स' ज्यादा मिलती हैं। घाट की आरती में लीन भक्त का ध्यान इस बात पर कम होता है कि मंत्र क्या हैं, और इस बात पर ज्यादा कि 'सिनेमैटिक शॉट' में बैकग्राउंड ब्लर सही आ रहा है या नहीं।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25 जून 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:47 सूर्यास्त 19:12
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - एकादशी 20:10 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - स्वाति 16:29 उपरांत विशाखा
योग - शिव 10:54 सिद्ध
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 09 तारिख

**मेष-** आज नया रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें।

**वृषभ-** नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**मिथुन-** विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी।

**कर्क-** आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी।

**सिंह-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा।

**कन्या-** पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी।

**तुला-** आज घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। भाई को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक-** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा।

**धनु-** कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें।

**मकर-** पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। अस्वस्थता बनी रहेगी।

**कुंभ-** खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है।

**मीन-** पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा।

**समसामयिक**

# धधक रहे हैं पहाड़



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कष्मीर के जंगलों में लगी आग पर वायु सेना ने काबू न पाया होता तो बड़े संकट का सबब बन गई होती ? हालांकि अभी भी पहाड़ धधक रहे है। हिमाचल के सोलन जिले के कसोली क्षेत्र में लगी आग सैन्य ठिकानों और आवासीय इलाकों तक पहुंच गई थी। वन अमला आग बुझाने का कोई सार्थक उपाय कर नहीं पाया, तब भारतीय वायु सेना को राहत अभियान में उतरना पड़ा। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में जंगल की आग गंगोत्री राजमार्ग पर पहुंच गई थी, जहां गेस्ट हाउस में ठहरे 70 यात्रियों को बड़ी मुश्किल से बचाया। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर और रामवन जिलों में कई दिनों से पहाड़ अभी भी धधक रहे है। अनेक गांव आग के दायरे से घिरते जा रहे है।

गर्मियों के शुरू होते ही इन राज्यों के पहाड़ी वनों में आग लगने की घटनाएं प्रतिवर्ष सुर्खियां बनने लगती हैं, लेकिन किसी भी राज्य ने आग न लगे ऐसे स्थायी प्रबंध करने की जरूरत आज तक नहीं समझी है। आरक्षित वनों में आग लगने की इन घटनाओं से हजारों हेक्टेयर जंगल सुलग कर राख में तब्दील हो जाते हैं। हिमाचल के अकेले कसौली वनक्षेत्र में 10 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गया है। उत्तराखंड में वनाग्नि की 388 से ज्यादा घटनाएं दर्ज होने के साथ तीन लोगों की मृत्यु भी हो गई है। 340 हेक्टेयर वन भूमि अभी भी धधक रही है। चमोली के आदिबद्री और कालसी में ग्रामों तक आग पहुंच गई। पौड़ी में आग लगाने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। जम्मू-कश्मीर के रामवन, चंदरकोट और उधमपुर में अभी भी कई वनक्षेत्र धधक रहे हैं, इन पहाड़ी क्षेत्रों में आग पर काबू पाना इसलिए मुष्किल होता है, क्योंकि पहाड़ी क्षेत्रों में राहत की सुविधाएं आसानी से पहुंच नहीं पाती। यहां आग बुझाने का काम वन अमले और स्थानीय लोगों की मदद से ही संभव हो पाता है। हिमाचल की आग पर तो इसलिए काबू पा लिया गया, क्योंकि वायु सेना ने आग बुझाने की कमान अपने हाथ में ले ली थी। हेलिकॉप्टरों में बाम्बी बकेट प्रणाली का प्रयोग करके आग नियंत्रित कर ली गई। इस तरीके में निकट के जल-स्रोतों से पानी भरकर सीधे आग वाले क्षेत्रों में गिरा दिया जाता है। चूंकि आग तीन राज्यों के बहुत बड़े क्षेत्र में फैली हुई थी, इसलिए हेलिकॉप्टरों से आग बुझाना संभव ही नहीं है।


यूं तो जंगल में आग लगना एक सामान्य घटना है। वन-प्रांतरों में आग लगती ही रहती हैं। उत्तराखंड में प्रत्येक वर्ष आग की सबसे ज्यादा घटनाएं देखने में आती हैं। उत्तराखंड का भौगोलिक क्षेत्रफल 53,483 वर्ग किलोमीटर है। इसमें 64.79 प्रतिशत, यानी 34,651.014 वर्ग किमी वन क्षेत्र हैं। इनमें से 24414408 वर्ग किमी क्षेत्र वन विभाग के अधीन हैं। इसमें से करीब 24260.783 वर्ग किमी क्षेत्र आरक्षित वनों की श्रेणी में हैं। शेष 39.653 वर्ग किमी जंगल वन पंचायतों के नियंत्रण में हैं। आरक्षित वनों में से 394383.84 हेक्टेयर भूमि में चीड़ के जंगल हैं और 383088.12 हेक्टेयर बांस एवं शाल के वन हैं। वहीं 614361 हेक्टेयर में मिश्रित वन हैं। लगभग 22.17 फीसदी वन क्षेत्र खाली पड़ा है। चीड़ के जंगल और लैंटाना की झाड़ियां इस आग को फैलाने में सबसे ज्यादा जिम्मेबार हैं। दरअसल चीड़ के पत्तों में एक विशेष किस्म का ज्वनलशील पदार्थ होता है। इसकी पत्तियां पतझड़ के मौसम में आग में घी का काम करती हैं। गर्मियों में पत्तियां जब सूख जाती हैं तो इनकी ज्वलनशीलता और बढ़ जाती है। इसी तरह लैंटाना जैसी विषाक्त झाड़ियां आग को भड़काने का काम करती हैं। करीब 40 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र में ये झाड़ियां फैली हुई हैं। इस बार इन पत्तियों का भयावह दावाग्नि में बदलने के कारणों में वर्षा की कमी, जाड़ों का कम पड़ना, गर्मियों का जल्दी आना और तिस पर भी शुरूआत में ही तापमान का बढ़ जाना रहा है।

# गर्दन के कालेपन से ऐसे पाएं छुटकारा, आजमाए ये आसान उपाय

आकर्षक दिखना कौन नहीं चाहता है। एक आकर्षक पर्सनैलिटी के लिए लोग पार्लर जाते हैं और सलून के चक्कर काटते हैं। लेकिन क्या हो अगर अच्छी पर्सनैलिटी होते हुए भी गर्दन काली और दाग धब्बों वाली हो? जी हां, अगर ऐसा है तो निश्चित रूप से उसकी सारी पर्सनैलिटी एक मिनट में खराब हो सकती है। हमारे समाज में कई महिलाएं और पुरुष ऐसे मिल जाते हैं जिन्हें अपने चेहरे की स्किन का तो बहुत ख्याल रहता है लेकिन उनकी गर्दन इतनी गंदगी भरी होती है कि किसी की भी नजर सबसे पहले उनकी गर्दन पर पड़े। हम आपके लिए कुछ ऐसे टिप्स दे रहे हैं, जिनकी मदद से आप गर्दन के कालेपन को दूर कर एक साफ स्किन पा सकती हैं। इसके लिए आपको बेसन, कच्चा दूध, बेकिंग सोड़ा और टमाटर की जरूरत पड़ेगी।

**बेसन का ऐसे करें उपयोग**

- बेसन, हल्दी, नींबू का रस और दही को अच्छी तरह मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें।
- इसे गर्दन पर अच्छी तरह लगाएं और 15-20 मिनट के लिए सूखने के लिए छोड़ दें।
- 20 मिनट बाद गर्दन को हल्के गुनगुने पानी से अच्छी तरह धो लें।



- बेहतर परिणाम के लिए इस विधि को सप्ताह में 2-3 बार जरूर दोहराएं।

**कच्चा दूध**

- गर्दन पर जमी गंदगी को दूर करने के लिए कच्चे दूध का उपयोग किया जा सकता है।
- एक कप कच्चा दूध लेकर उसमें रुई डुबोएं और गर्दन के प्रभावित हिस्से पर लगाएं।
- करीब महीने भर इसे यूज करने से आपको बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।

**बेकिंग सोडा का इस तरह करें उपयोग**

- बेकिंग सोडा गर्दन के कालेपन को दूर करने में सहायक है।
- आप इसे सादे पानी में मिलाकर मिश्रण तैयार करें।
- गर्दन पर इस पेस्ट को लगाकर करीब 15 मिनट तक रहने दें।
- बेकिंग सोडा पैची स्किन से छुटकारा दिलाने में मददगार है।
- ये स्किन में होने वाली हाइपर पिग्मेंटेशन की दिक्कत को दूर करने में भी सहायक है।

**टमाटर का ऐसे करें यूज**

- टमाटर को नेचुरल ब्लीच माना जाता है, जो काली स्किन को चमकाने में मददगार है।
- टमाटर के एक भाग को काटकर उसके रस को गर्दन पर रगड़ें
- टमाटर काली हो चुकी स्किन को साफ करने में मदद करता है
- रस को गर्दन पर 20 मिनट तक लगे रहने दें और फिर सादे पानी से धो लें।

**धर्म-आस्था**

# नाड़ी ज्योतिष क्यों माना गया है रहस्यमयी और पूरी तरह सटीक?

नाड़ी ज्योतिष और सामान्य वैदिक ज्योतिष दोनों ही प्राचीन भारतीय परंपराओं से जुड़े हैं, लेकिन दोनों के भविष्यवाणी के तरीके और उद्देश्य बिल्कुल अलग हैं। वैदिक ज्योतिष जन्म कुंडली और ग्रहों की गणना पर आधारित है, जबकि नाड़ी ज्योतिष प्राचीन ऋषियों द्वारा लिखी गई ताड़पत्र पांडुलिपियों पर आधारित है, जिन्हें अंगूठे के निशान से खोजा जाता है। सामान्य वैदिक ज्योतिष का मूल स्रोत वेद हैं, जबकि नाड़ी ज्योतिष का स्रोत ऋषियों द्वारा लिखी गयी पांडुलिपियाँ हैं। वैदिक ज्योतिष में जन्म तिथि, समय और स्थान के आधार पर जन्म कुंडली बनाई जाती है और फिर ग्रहों की स्थिति, दशा-भुक्ति और गोचर से भविष्यवाणी की जाती है। इसमें जन्म समय की सटीकता न होने पर भविष्यवाणी प्रभावित होती है। जबकि इसकी तुलना में नाड़ी ज्योतिष ज्यादा रहस्यमयी और सटीक माना गया है।

कहा जाता है कि प्राचीन ऋषि जैसे अगस्त्य, भृगु, वशिष्ठ आदि ने हजारों साल पहले अपनी आध्यात्मिक शक्तियों का प्रयोग कर ताड़पत्रों पर लोगों का अतीत, वर्तमान और भविष्य लिखा था। यानि इसके अनुसार, वर्तमान, भूत और भविष्य से जुड़ी हर व्यक्ति की जानकारी पहले से ही ताड़ के पत्तों पर दर्ज है। नाड़ी ज्योतिष में लोगों को उसके बारे में जानकारी देने के लिए पुरुषों के लिए दाएँ हाथ के अंगूठे का निशान और महिलाओं के लिए बाएँ अंगूठे का निशान लिया जाता है और फिर इस निशान से संबंधित पांडुलिपि खोजी जाती है। नाड़ी ज्योतिष की प्रक्रिया में ज्योतिषी सबसे पहले उपलब्ध ताड़पत्रों में से ऐसे पत्तों की पहचान करने का प्रयास करते हैं जो प्रश्नकर्ता से संबंधित हो सकते हैं। इसके लिए प्रश्नकर्ता से कुछ बुनियादी जानकारी, जैसे नाम का पहला और अंतिम



अक्षर या अन्य पहचान संबंधी संकेत पूछे जाते हैं। इसके बाद माता-पिता, जीवनसाथी या परिवार से जुड़े कुछ विवरणों का मिलान किया जाता है। जब किसी ताड़पत्र में दर्ज जानकारी प्रश्नकर्ता के जीवन से मेल खाती प्रतीत होती है, तब उसे पढ़कर जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं और संभावित भविष्य के बारे में बताया जाता है।

**नाड़ी ज्योतिष की प्रमुख विशेषताएँ**

नाड़ी ज्योतिष को इसकी विशिष्ट कार्यप्रणाली के कारण पारंपरिक ज्योतिष से अलग माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति को अपनी जन्मतिथि, जन्म समय, नक्षत्र या अन्य जन्म विवरण ज्ञात हों, तो संबंधित ताड़पत्र की पहचान अपेक्षाकृत सरल हो सकती है। वहीं यह पद्धति उन लोगों के लिए भी उपयोगी मानी जाती है जिन्हें अपने जन्म संबंधी सटीक विवरण ज्ञात नहीं होते। इस प्रणाली की एक विशेष मान्यता यह भी है कि ताड़पत्रों में उपलब्ध जानकारी के आधार पर व्यक्ति के जन्म से संबंधित कुछ विवरणों की पुष्टि या अनुमान लगाया जा सकता है। माना जाता है कि नाड़ी पत्तों में व्यक्ति का नाम, परिवार, विवाह, करियर और जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख हो सकता है। पारंपरिक वैदिक ज्योतिष जहां मुख्य रूप से बारह भावों पर आधारित होती है, वहीं नाड़ी ज्योतिष की कुछ परंपराओं में सोलह भावों का उल्लेख मिलता है, जिनके आधार पर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों का विश्लेषण किया जाता है। उस पांडुलिपि को देखकर व्यक्ति विशेष को कर्मफल, जीवन की घटनाएँ, विवाह, संतान, स्वास्थ्य, आध्यात्मिक मार्ग और उपाय (परिहार) विस्तार से बताए जाते हैं।

नाड़ी ज्योतिष के समर्थकों का मानना है कि इसमें जीवन की कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं के समय और परिस्थितियों का अपेक्षाकृत विस्तृत वर्णन मिल सकता है। इसी कारण कई लोग इसे अन्य ज्योतिषीय पद्धतियों के साथ मिलाकर भी देखते हैं, ताकि भविष्य संबंधी संकेतों की तुलना की जा सके। इस परंपरा में विश्वास और श्रद्धा को महत्वपूर्ण माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति को ग्रहों से संबंधित कष्टों या चुनौतियों के लिए उपाय बताए जाते हैं, तो पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार उन्हें पूरी निष्ठा और विश्वास के साथ अपनाने की सलाह दी जाती है। माना जाता है कि सुझाए गए उपायों का ईमानदारी से पालन करने पर सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। हालांकि, इस बात का खयाल रहे कि नाड़ी ज्योतिष से संबंधित असली पांडुलिपियाँ केवल कुछ मंदिरों में हैं। नकली प्रथाएँ भी चलती हैं, इसलिए सावधानी जरूरी है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेंर्ड- 1,45,600 रवा- 1,45,500 चांदी-टंच- 2,30,500 पाट- 2,30,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## मां कलिका मंदिर स्थापना दिवस पर उमड़ा आस्था का सैलाब, दक्ष प्रजापति आर्मी के पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**सुसनेर।** नगर के प्रजापति समाज द्वारा मां कलिका मंदिर का स्थापना दिवस श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। साथ ही समाज के नवचयनित युवा पदाधिकारियों का सम्मान कर सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। विद्वान पंडित प्रवीण भट्ट के सानिध्य में मां कलिका का विधि-विधान से पूजन एवं आरती संपन्न हुई। इसके बाद माता रानी को प्रसाद अर्पित कर महाआरती की गई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की गई। धार्मिक आयोजन के साथ ही दक्ष प्रजापति आर्मी संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। सम्मानित पदाधिकारियों में विधानसभा अध्यक्ष संजय चौहान, तहसील अध्यक्ष बलराम कुम्भकार तथा नगर अध्यक्ष हरिओम प्रजापति शामिल रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता संतोष भेनिया ने संगठन के उद्देश्यों, समाज सेवा की गतिविधियों एवं युवा शक्ति की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रजापति समाज एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष घनश्याम प्रजापति ने समाज में शिक्षा, संगठन और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं युवा सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में रोडुलाल प्रजापति, संतोष प्रजापति, पप्पू प्रजापति, रामप्रसाद प्रजापत, शिव भेनिया, दीपक प्रजापति, गोपाल प्रजापति, गौतम प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, कमलेश प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, गोविंद प्रजापति, देवकरण प्रजापति, श्याम प्रजापति, विनोद भेनिया, अनिल प्रजापति, ओमप्रकाश प्रजापति एवं रमेश चौहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को इस जाहिर सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि मैं राजेन्द्र प्रसाद पिता अर्जुनलाल निवासी 39/26 भगतसिंह मार्ग देवता कालोनी उज्जैन का होकर मेरी पत्नी स्व. कमला देवी मेरे स्वामित्व एक मकान 39/26 भगतसिंह मार्ग देवता कालोनी उज्जैन में स्थित होकर वर्तमान में तल मंजिल व प्रथम मंजिल निर्मित है। जिसे मेरे द्वारा स्व०अर्जित पूंजी से निमार्ण किया जाकर उक्त भवन पर मेरा स्वामित्व व आधिपत्य होकर तल मंजिल पर काबिज हुँ। उक्त संपति को मेरी पुत्र वधु राखी शर्मा पति स्व. चन्दन शर्मा को किसी भी प्रकार का अंतरण हस्तांतरण करने का अधिकार नही है। परन्तु मेरी पुत्र वधु राखी शर्मा पति स्व. चन्दन शर्मा जो की मेरे स्वामित्व के उक्त वर्णित भवन की प्रथम मंजिल पर निवास कर रही है। उसके द्वारा उपरोक्त संपति के मूल दस्तावेज मुझसे धोखे से लेकर मेरे हक व हित को नुकसान पहुंचाने की गरज से बिना मेरी मरर्जी के उक्त संपति रहन बय दान या अंतरण हस्तातरण करना चाहती है। जिसकी सूचना थाना महाकाल मे दिये गये आवेदन के माध्यम से दर्ज है। ऐसी दशा में कोई भी व्यक्ति, संस्था या पेढी फर्म उक्त संपति पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बोझ कय, व्यय या किसी प्रकार से बाधित या भारित नही किया जा सकता है और ना ही करें यदि किसी के द्वारा ऐसा कोई व्यवहार, संव्यवहार अंतरण, हस्तांतरण किया जाता है। तो वह अवैध होकर मुझ पर किसी प्रकार का बंधनकारक नहीं रहेगा। और इस कारण से किसी को वैधानिक स्वत्व प्राप्त नहीं होगा। हर आम व खास को इस जाहिर सूचना द्वारा सूचित किया है कि उपरोक्त संपति के संबध में कोई भी कय विक्रय रहन बय दान या अन्य किसी प्रकार से कोई भी अंतरण हस्तांतरण का व्यव्हार नहीं करे नही तो इस हेतु वह स्वयं दोषी माना जावेगा मेरे द्वारा कानूनी कार्यवाही की जावेगी सो सूचित हो।

**राजेन्द्र प्रसाद पिता अर्जुनलाल**
**39/26 भगतसिंह मार्ग देवता कालोनी उज्जैन**
**आधार न 6959 7570 2935**
**8435727162, 8989729974**



### न्यायालय तहसीलदार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन

प्र.क्र. 0004/-20(3)/2023-24 दिनांक: 23/06/2026

### सार्वजनिक उद्घोषणा कंडिका 142

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्रीमान कलेक्टर कलेक्टर महोदय (नजूल) जिला उज्जैन म.प्र. का पत्र क्रमांक/नजूल / रीडर/2024/196 उज्जैन दिनांक 05.06.2026 से प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय राजस्व अनुभाग घट्टिया को भूमि आंवटन के संबंध में प्रकरण प्राप्त हुआ है जिसमें लेख है कायार्पालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग उज्जैन द्वारा जिला उज्जैन तहसील घट्टिया के ग्राम बिछडौद खालसा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 865/1 रकबा 0.500 हे. सर्वे क्रमांक 865/2 रकबा 0.400 हे. सर्वे कंमाक 865/3 रकबा 0.620 हे. शासकीय भूमि शाला भवन निर्माण / विस्तार हेतु के निर्माण हेतु भूमि आंवटन किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह विज्ञप्ति चस्पा दिवस के 15 दिनों के भीतर स्वंय अथवा अपने वैद्य अभिभावक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील घट्टिटया, जिला उज्जैन**



## दैनिक अवन्तिका

### अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**


### त्रिवेणी संगम के झरनों पर उमड़ रही पर्यटकों की भीड़, प्राकृतिक सौंदर्य बना आकर्षण

# झरनों में स्नान, मंदिरों में दर्शन, त्रिवेणी संगम पर उमड़ रहे श्रद्धालु और पर्यटक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर मोड़ी के समीप स्थित ग्राम पायली और ताखला के बीच लखुंदर, कालीसिंध एवं भाटन नदी का त्रिवेणी संगम इन दिनों क्षेत्रवासियों और पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। प्राकृतिक झरनों, कल-कल बहते स्वच्छ पानी, पहाड़ियों और हरियाली से घिरा यह स्थल गर्मी के मौसम में लोगों को सुकून के पल बिताने का अवसर दे रहा है। रविवार को अवकाश के दिनों में यहां सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में लोग परिवार और मित्रों के साथ पहुंचकर पिकनिक का आनंद लेते नजर आ रहे हैं।



#### प्राकृतिक सौंदर्य का अनोखा संगम

त्रिवेणी संगम का मनमोहक प्राकृतिक वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। तीन नदियों का संगम, पहाड़ियों से बहता निर्मल जल और चारों ओर फैली हरियाली इस स्थान की सुंदरता को और बढ़ा देती है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह स्थान किसी उपहार से कम नहीं है। गर्मी और उमस से राहत पाने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं। बच्चे, युवा और बुजुर्ग झरनों में स्नान कर प्राकृतिक ठंडे पानी का आनंद ले रहे हैं जबकि कई परिवार अपने साथ भोजन लेकर पूरे दिन यहां पिकनिक मनाते हैं।

#### गर्मी में ही मिलता है आनंद

स्थानीय लोगों के अनुसार इस प्राकृतिक झरने का आनंद केवल गर्मी के दिनों में ही लिया जा सकता है। मानसून शुरू होने के बाद लखुंदर, कालीसिंध और भाटन नदी में पानी का बहाव तेज हो जाता है, जिससे पूरा क्षेत्र जलमग्न हो जाता है

#### बारिश में बरतनी पड़ती है सावधानी

बारिश के मौसम में पानी का तेज बहाव होने के कारण यहां स्नान करना खतरनाक हो जाता है। सुरक्षा की दृष्टि से इस दौरान लोगों को झरनों के पास जाने से बचने की सलाह दी जाती है और पर्यटक केवल दूर से प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेते हैं।

#### आस्था का भी प्रमुख केंद्र

त्रिवेणी संगम केवल प्राकृतिक पर्यटन स्थल ही नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था का भी प्रमुख केंद्र है। संगम के पूर्व दिशा में पहाड़ी पर स्थित तारकेश्वर महादेव मंदिर तथा पश्चिम दिशा में स्थित भगवान देवनारायण मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालु पहले पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और इसके बाद संगम के झरनों व प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेते हैं।

#### पर्यटन की अपार संभावनाएं

क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि इस प्राकृतिक और धार्मिक स्थल का सुनियोजित विकास किया जाए तथा यहां सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, तो यह स्थान जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी अलग पहचान बना सकता है। फिलहाल गर्मी के मौसम में त्रिवेणी संगम अपनी प्राकृतिक छटा, ठंडे झरनों और धार्मिक महत्व के कारण लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। यहां पहुंचने वाला हर पर्यटक इस खूबसूरत स्थल की यादें अपने साथ लेकर लौटता है।

### हादसों से सबक कब?

# सारंगपुर में बेखौफ चल रहे बिना पंजीकृत कोचिंग सेंटर

### एक ही रास्ता, दर्जनो जान खतरे में...सुरक्षा के नही इंतजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

लखनऊ के कोचिंग सेंटर में आग और वहां छात्रों की मौत के हादसे से सबक लेने की बजाय शहर के कोचिंग संचालक अब भी नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। छात्रों की सुरक्षा को ताक में रखकर बडी संख्या में संचालन किया जा रहा है। शहर के विभिन्ना इलाकों में करीब 2 दर्जन कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे है। हमने इन कोचिंग सेंटर्स की जमीनी हकीकत देखी तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। अधिकांश आवासीय मकानों, नपा दुकानों, अपार्टमेंटों और बहुमंजिला भवनों की पहली-दूसरी मंजिल पर चल रहे हैं। कुछ तो बेसमेंट में लग रहे हैं। इन संस्थानों में पढने पहुंचने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास और सुरक्षित निकासी व्यवस्था जैसे बुनियादी इंतजाम तक नजर नहीं आते। बावजूद इसके वर्षों से इनका संचालन हो रहा है, फिर भी जिम्मेदार आंखों में पट्टी बांधे बैठे है।

शहर के व्यस्तम मार्ग भेरू दरवाजा, बांगकुआ, नजीमाबाद स्कूल के पीछे, दीनदयाल चौराहा, अस्पताल रोड आदि जगहों पर कोचिंग सेंटर्स का संचालन हो रहा है। कमर्शियल बिल्डिंग में संचालित हो रही कोचिंग में सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम तक नहीं है। डिस्प्ले बोर्ड में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, फीस, बैच टाइम, टीचर डिटेल बाहर लगाना जरूरी होने के बाद भी सेंटर पर नहीं लगे हुए हैं। कोचिंग संस्थानों में पहुंचने के लिए संकरी सीढियां, लाइट, एसी, पंखा तक पर्याप्त नहीं हैं। कई जगह पीने के पानी की व्यवस्था तक नहीं। वेंटिलेशन नहीं। सिंगल एग्जिट पॉइंट के साथ ही सुरक्षा के सभी इंतजाम नदारद।

शहर-ग्रामीण में कोचिंग बिना रजिस्ट्रेशन, बिना फायर एनओसी, बिना सीसीटीवी के क्लास लगा रहे हैं। अधिकांश सेंटर इनमें से कोई भी शर्त पूरी नहीं कर रहे। लखनऊ जैसी तंग बिल्डिंग, एक ही रास्ता, खिडकी नहीं यही मॉडल यहां भी चल रहा है। कमर्शियल बिल्डिंग से आपातकालीन निकास की कोई व्यवस्था नहीं है। दो से तीन मंजिला भवनों में चल रहे कई कोचिंग संस्थान में सीढियों पर लाइट तक नहीं है। आने-जाने का रास्ता भी संकरा है की दुर्घटना होने पर निकलना मुश्किल होगा। कई जगह घर के भीतर ही कोचिंग संचालित की जा रही है। यहां आग बुझाने का एक साधारण यंत्र तक मौजूद नहीं है। जब कोचिंग संचालकों से सवाल किया गया तो उन्होंने जिम्मेदारी लेने के बजाय सरकारी विभागों का हवाला देते हुए मामले को टाल दिया। वहीं नपा की बने दुकानों की दूसरी मंजिल पर कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे है। यहां निकासी के लिए महज एक द्वार है। नियमानुसार शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिना पंजीयन के संचालित हो रहे सभी कोचिंग संस्थानों पर नियमानुसार कार्रवाई करना चाहिए।


### निविदा विज्ञप्ति

उपरोक्त विषयांतर्गन्त लेख है कि संस्थान के द्वारा असिस्टेंट ड्रेस मेकर, ब्युटी केयर असिस्टेंट, दर्जी एंडवास, असिस्टेंट हेयर ड्रेसर, आदि के क्षेत्रान्तर्गत निरंतरित विभिन्न व्यवसायिक प्रशिक्षणों हेतु प्रशिक्षण सामग्री (TLM) क्रय किया जाना है। सामग्री सूची कार्यालयीन समय में संस्थान के मुख्यालय एम.आर. 2 भवन क्र. 20/2 भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र के सूचना पटल पर चस्पा देखी जा सकती है। गुणवत्ता एंव उसके मूल्य के आधार पर तय कर सामग्री क्रय की जावेगी। सामग्री चार या इससे अधिक किस्तो में क्रय की जावेगीं एंव कीमत सम्पूर्ण किट की मान्य की जायेगी। निविदा निरस्त करने या स्वीकार करने का सर्वाधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है। सील बंद लिफाफे में मय जी.एस.टी. निविदा प्रकाशन दिंनाक से 02.07.2026 सांय 05:00 बजे तक आमंत्रित है।

टेलीफोन न.-0734-3500532

**निदेशक**
**श्रीमती अनीता सक्सेना जन शिक्षण संस्थान उज्जैन**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने दिवाकर कोठालकर पिता श्री शंकरराव कोठालकर एंव श्रीमती विजया कोठालकर पति श्री दिवाकर कोठालकर निवासीगण- 37, सरदारपुरा, शंकर भवन आर.एस.एस कार्यालय के पास , उज्जैन (म.प्र) से उनके स्ववत्वर स्वामित्व एंव आधिपत्यस का फ्री-होल्डी राईटस का भवन क्रमांक ए-12/3, श्रेणी एम.आई.जी जिसका कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर स्थित उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जौन की बंसत विहार योजना, उज्जैन (म.प्र) जिसके पूर्व में-भवन क्रंमाक ए-12/4 ,पश्चिम में- भवन क्रंमाक ए-12/2, उत्तर में- भवन क्रंमाक ए-12/22, 23 के भाग एवं दक्षिण में- 9.00 मीटर चौड़ी सड़क हैं को क्रय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशि का भुगतान भी कर दिया है केवल विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष रहा हैं यदि उक्तय भूखण्डको विक्रय किये जाने में किसी व्यपक्त्नि संस्थो बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो या किसी का कोई ऋण भार बोझ हित अधिकार आधिपत्य ब्रिकी या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के 7 दिवस (सात) के भीतर सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यकथा बाद मियाद अवधि मेरा पक्षकार दोनों भूखण्ड का विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी को सूचित हो इति दिनांक 23.06.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**पता-11/1 घटकरपर मार्ग उज्जैन (म.प्र)**
**मोबाईल नबंर- 9827228461**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने सागीर शेख पिता रज्जाक शेख निवासी ग्राम कपाल्याखेड़ी खुदेल जिला इन्दौर (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 339/3/2 रकबा 0.1500 हेक्टर ,सर्वे क्रमांक 340/3/2 रकबा 0.4500 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 0.6000 हेक्टर ग्राम पिपलौदा द्वारकाधीष प.ह.न.0046 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांकः- 24-06-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**ऑफिस क्रमांक डी-5, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन मोबा. 98264-44002**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामीगण 1. दिनेश पिता श्री लक्ष्मी नारायण जी, निवासी 5/2, अंकपात मार्ग गली न.8 उज्जैन 2. पदम सिंह मीण पिता श्री लक्ष्मी नारायण जी, निवासी- 5/8, काजी पुरा, अंकपात मार्ग, उज्जैन से उनके अपने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 235/1 रकबा 1.475 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 236/1/1 रकबा 0.030 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 238/1/1 रकबा 0.136 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 236/1/2 रकबा 0.054 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 237/1 रकबा 1.452 हेक्टर में से 0.395 हेक्टर, कुल किता 5 कुल रकबा 2.090 हेक्टर भूमि, स्थित ग्राम भीतरी (चकभ) 2 तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, उक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निदेर्शानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-24/06/2026, उज्जैन

**मोनिका सिंह, एडवोकेट**
**ऑफिस-CF-10, भरतपुरी, उज्जैन मो. नम्बर 98263 42244**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री भेरूसिंह पिता श्री शंकरलाल, जाति-सोंधिया, निवासी-ग्राम रनाहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-280/4 रकबा 2.2600 हेक्टर ग्राम रनाहेडा, प. ह. नं.-00097 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 2.2600 हेक्टर मेसे 1.6600 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हों। इति दिनांक-24.06.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**




## जनपद पंचायत में आरजीएसए योजना के तहत जीपीडीपी प्रशिक्षण संपन्न

### सरपंचों और सचिवों ने सीखे योजना निर्माण के गुर

**सारंगपुर।** बुधवार को जनपद पंचायत सारंगपुर के सभाकक्ष राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) निर्माण का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में सारंगपुर जनपद क्षेत्र की विभिन्ना ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों ने हिस्सा लिया, जिन्हें ग्रामीण विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के तकनीकी गुर सिखाए गए। इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक के रूप में क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र भोपाल से आए बालकृष्ण व्यास उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीपीडीपी किसी भी ग्राम पंचायत के समग्र विकास का आधार स्तंभ है। इसके सही निर्माण से ही गांवों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढीकरण किया जा सकता है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान पंचायत स्तर पर बजट आवंटन, प्राथमिकताओं का निर्धारण, कार्ययोजना तैयार करने और उसे पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। इस दौरान जनपद पंचायत सारंगपुर सीईओ हेमेंद्र गोविल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतें अपने क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर ही विकास योजनाएं तैयार करें। योजना पारदर्शी और जनहितैषी होनी चाहिए ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक आसानी से पहुंच सके। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने की सख्त हिदायत भी दी।


### समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन हेतु विज्ञप्ति

**आवेदिका** -श्रीमती मोनल मुन्दड़ा पुत्री अभय गादिया आयु 44 वर्ष, निवासी-704, जयदीप अपार्टमेंट, भटार रोड़, नियर उमा भवन, सुरत (गुजरात) हॉल मुकाम 108, कंठाल बाजार, गोपाल मंदिर मार्ग, छत्रीचौक जिला उज्जैन (म.प्र.)

**आवेदक** -लक्ष्मीनिवास पिता श्री नरेन्द्र कुमार मुन्दड़ा आयु 45 वर्ष निवासी-704, जयदीप अपार्टमेंट, भटार रोड़, नियर उमा भवन, सुरत (गुजरात) हॉल मुकाम 108, कंठाल बाजार, गोपाल मंदिर मार्ग, छत्रीचौक जिला उज्जैन (म.प्र.)

यह कि, आवेदिका एवं आवेदक का आपस में कोई रक्त संबंध नही है। हम उभयपक्ष पूर्णतः बालिग होकर अपना भला बुरा समझने के योग्य है। आवेदिका श्रीमती का विवाह पूर्व में श्री परिवेश चौहान से संपन्न हुवा था, जिसमे उन्हे 02 संताने है जिनके नाम (1) रुद्रांश चौहान जन्म दिनांक 03/06/2017 (2) अवियांश चौहान जन्म दिनांक 05/06/2010 होकर जो कि नाबालिग है। तथा इसी प्रकार आवेदक लक्ष्मीनिवास मुन्दड़ा का विवाह पूर्व में श्रीमति शिल्पा से संपन्न हुआ था, जिससे उन्हे 02 संताने है, जिनका नाम (1) मान्यता मुन्दड़ा जन्म दिनांक 09/12/2002 जो कि बालिग है तथा (2) मानवी मुन्दड़ा जन्म दिनांक 02/10/2013 जो कि नाबलिग है, तथा आवेदिका के पूर्व पति तथा आवेदक की पत्नि का पूर्व में स्वर्गवास हो चुका है।

2. यह कि, उभयपक्षो के दोनो परिवारों की आपसी सहमति से सप्तविधि के अनुसार विवाह दिनांक 06/03/2025 को संपन्न हुआ है। उभयपक्ष के सप्तविधि से विवाह होने के कारण प्रथम पक्ष की 02 संताने एवं द्वितीय पक्ष की 2 संतानों उभयपक्ष द्वारा अंगीकर किए गए है।

अतः 1. रूद्रांश मुन्दड़ा 2. अवियांश मुन्दड़ा को इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।दिनांकः-05/06/2026

**नोटः-** पुराना नाम (1) रुद्रांश चौहान
(2) अवियांश चौहान — **हस्ताक्षर आवेदिका...**
नया नामः (1) रुद्रांश मुन्दड़ा
(2) अवियांश मुन्दड़ा — **हस्ताक्षर आवेदक...**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर-53/1/1/1 रकबा 0.5000 हेक्टेयर ग्राम छायन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, उपरोक्त वर्णित सर्वे नंबर-53/1/1/1 रकबा 0.5000 हेक्टेयर में से रकबा 0.2000 हेक्टेयर इस प्रकार कुल किता 1-एक कुल रकबा 0.2000 हेक्टेयर ग्राम छायन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी गोवर्धन पिता श्री आत्माराम, निवासी-ग्राम छायन जिला उज्जैन (म०प्र०) से क्रय करने का अनुबंध कर टोकन राशि भू-स्वामी को अदा कर दी है, जल्द ही बयाना राशि/शेष सौदा राशि अदा कर अनुबंध-पत्र / विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नही करे।

इति दिनांकः-24/06/2026

**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**दुकान नं. ए-17, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 98272-99159**



### जाहिर सूचना

#### भूखण्ड की क्रय रसीद गुम हो जाने के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, संपत्ति भूखण्ड क्रमांक 75 जो कि शिवांश होम्स कालोनी, ग्राम सुरासा तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त संपत्ति को मैरी पक्षकार फर्म मेसर्स गौतम इन्फ्रा, उज्जैन ने श्रीमती संगीता आंजना पति श्री राजेश आंजना, निवासी ग्राम सुरासा तहसील घटिया जिला उज्जैन (म.प्र.) को जरिये भूखण्ड क्रय रसीद पर विक्रय किया हैं। उक्त मूल रसीद श्रीमती संगीता आंजना पति श्री राजेश आंजना से कही गुम हो गई हैं तथा कई बार तलाश ने पर भी नही मिल रही हैं तथा गुम होने के संबंध में श्रीमती संगीता आंजना द्वारा जीवाजीगंज पुलिस थाने में दिनांक 19.06.2026 को आवेदन देकर वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की गई हैं। यदि उक्त वर्णित सम्पत्ति की मूल रसीद के संबंध में किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई का ऋण, भार या मतालबा हो या किसी के पास बंधक, गिरिवी या शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा अनुबंध पत्र विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरी पक्षकार फर्म मेसर्स गौतम इन्फ्रा, उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र श्रीमती संगीता आंजना के हित में संपादित कर दिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। ईति दिनांक 24-06-2026

**सौरभ जैन, (चौरड़िया) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो0 नं 96177-77776**

## गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम

**गाजियाबाद।** कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में बुधवार को कलक्ट्रेट में डीएम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें डीएम ने निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा के मद्देनजर न केवल रास्तों पर बल्कि ढाबों और दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मार्ग पर पर्याप्त बैरिकेडिंग लगाने के साथ ही प्रकाश व्यवस्था और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग सुनिश्चित करे कि मार्ग पर कहीं पर भी खुले तार, झूलती विद्युत लाइनें, क्षतिग्रस्त पोल न हो। कांवड़ मार्ग पर झाड़ियों की कटाई, यात्रा में बाधा उत्पन्न करने वाले पेड़ों की शाखाओं की छंटाई की जाए। मुरादनगर नहर एवं घाट पर आवश्यक सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग अपने-अपने कंट्रोल रूम में तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं, जिससे कि किसी भी समस्या का त्वरित समाधान हो सके।

## आठ महीने के अंदर दो मौतों से घर पर पसरा सन्नाटा

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में बाघा का किरदार निभाने वाले एक्टर तन्मय वेकारिया के घर मातम पसरा हुआ है। एक्टर ने अपने पिता और जाने-माने गुजराती एक्टर अरविंद वेकारिया को खो दिया। उनके निधन की खबर से परिवार सदमे में है। करीब आठ महीने पहले तन्मय ने अपनी मां को खोया था।इस वजह से तन्मय और उनका परिवार इस समय बेहद दुख में हैं। तन्मय की मां का निधन अक्टूबर 2025 में हुआ था। हाल ही में, तारक मेहता का उल्टा चश्मा के सेट पर उन्हें याद करते हुए तन्मय भावुक हो गए थे। अब, उनके पिता के निधन ने अभिनेता को कुछ ही समय में एक और दुखद व्यक्तिगत क्षति पहुंचा दी है।

## राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाई जाएंगी 595 अनधिकृत पार्किंग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर यहां-वहां खड़े वाहन अक्सर गंभीर हादसों का कारण बनते हैं। ऐसे हादसों पर संज्ञान लेते हुए ही सुप्रीम कोर्ट ने अतिक्रमण चिह्नित कर उन्हें हटाने का आदेश दिया था। उसके पालन में अब भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने अभियान शुरू किया है। उसने देशभर में मुख्यत-595 अनधिकृत पार्किंग स्थलों को चिह्नित किया है और राज्य सरकारों के साथ मिलकर इनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू की है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्गों को स्थायी रूप से अतिक्रमणमुक्त और सुरक्षित बनाए रखने के लिए जिला राजमार्ग सुरक्षा कार्यबल गठित करने भी तैयारी है।

## बर्डथे मनाने वालों को पुलिस ने सिखाया सबक

**नई दिल्ली।** असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बना कुमार भास्कर वर्मा ब्रिज पर देर रात जन्मदिन मनाने के एक कार्यक्रम के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है। इस घटना की वजह से लोगों की सुरक्षा और एक जरूरी ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के गलत इस्तेमाल को लेकर तीखी आलोचना हो रही है। बता दें कि ब्रह्मपुत्र नदी पर बना यह छह लेन का सड़क पुल है। यह गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ता है, जिससे नॉर्थ-ईस्ट भारत में परिवहन और क्षेत्रीय संपर्क में काफी सुधार होता है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब 22 जून की सुबह-सुबह ब्रिज पर लोगों के एक ग्रुप ने जमा होने का वीडियो सामने आया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने सड़क के एक हिस्से को गुब्बारों और पार्टी के दूसरे सामान से सजाया था और जश्न के दौरान गाडियां सीधे ब्रिज पर ही खड़ी कर दी थीं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी और पता लगाया कि जन्मदिन की पार्टी नॉर्थ गुवाहाटी के रहने वाले गौतम बोरुआ ने अपनी पत्नी कराबी बोरुआ के 42वें जन्मदिन के लिए आयोजित की थी। जांच में पता चला कि यह जमावड़ा रात करीब 12.10 बजे हुआ था और इसमें कई दोस्त और परिचित शामिल थे।

## धोखाधड़ी से 3 लाख पाउंड लेने वाले कंपनी डायरेक्टर को जेल

**लंदन।** एक कंपनी डायरेक्टर, जिसे बिजनेस चलाने से बैन किया गया था, उनसे धोखाधड़ी करके कोविड सपोर्ट लोन के तौर पर 3 लाख पाउंड हासिल किए और उस पैसे को परिवार की छुट्टियां, प्राइवेट स्कूल की फीस और निजी खरीदारी पर खर्च किया। स्टीवन ब्रूक्स को तीन साल की जेल की सजा सुनाई गई। उन्होंने मई और अक्टूबर 2020 के बीच अपनी पत्नी रिया ब्रूक्स की जानकारी के बिना उनके नाम का इस्तेमाल करके छह बाउंस बैक लोन लिए थे। कोर्ट को बताया गया कि ब्रूक्स को 2010 में कंपनी डायरेक्टर के तौर पर काम करने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बैन के बावजूद, उन्होंने पांच अलग-अलग कंपनियों से जुडे लोन के लिए अप्लाई किया और फंड पाने के लिए उनका टर्नओवर गलत बताया।

## स्टॉक में गड़बड़ी मिलने पर तीन बीज विक्रेताओं का विक्रय प्रतिबंधित

**गुना।** शासन स्तर से संचालित गुण नियंत्रण सघन अभियान अंतर्गत, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि संजीव शर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय गुण नियंत्रण दल द्वारा जिले के कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृषि आदानों की गुणवत्ता की जांच की गई। जांच दल के द्वारा निरीक्षण में पाई गई कमियों एवं दुकानदारो द्वारा संधारित स्टॉक रजिस्टर के अनुसार भण्डारित भौतिक मात्रा का मिलान न होने के आधार पर मेसर्स मडवरिया बीज भण्डार गुना, मेसर्स शिवहरे ट्रेडर्स गुना एवं मेसर्स उमा कृषि सेवा केन्द्र गुना के गोदामों/दुकानों को सील्ड करने के साथ ही संबंधित संस्थाओ का बीज विक्रय प्रतिबंधित किया गया एवं संबंधितो को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। प्रतिउत्तर संतोषजनक नही पाये जाने की स्थिति में संबंधितो के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# भाजपा ने बूथ स्तर पर मनाया बलिदान दिवस

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**



भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा जनसंघ के संस्थापक एवं भाजपा के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार नगर मंडल क्षेत्र के सभी बूथों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में विभिन्न शक्ति केंद्रों पर बूथ अध्यक्षों एवं बूथ समिति के सदस्यों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके राष्ट्रवादी विचारों का स्मरण किया। मुख्य कार्यक्रम भाजपा कार्यालय बीटीआई कॉलोनी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रवाद, अखंडता और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर मंडल पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, महिला पदाधिकारी एवं विभिन्न मोर्चों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा मीडिया एवं शक्ति केंद्र प्रभारी पं. प्रवीण जोशी ने बताया कि नगर मंडल क्षेत्र के सभी बूथों पर बलिदान दिवस के कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**वार्ड 19 में भी पुष्पांजलि अर्पित की-** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की व्यवस्था का विरोध करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। यह बात वार्ड क्रमांक 19 में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वक्ताओं ने कही। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष खुशीराम आचार्य तथा अनिल शर्मा गुरु की उपस्थिति में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर गोविंद सोनी, सुनील रायकवार, मुकेश बैरागी, गोलू मालवीय, मनोज मीणा, घनश्याम राठौर, गोपाल मालवीय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छह बैटरियां और 95 लीटर डीजल चोरी

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

शहर और आसपास के क्षेत्रों में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में अज्ञात बदमाशों ने आष्टा-शुजालपुर रोड स्थित एक वाहन यार्ड में घुसकर खड़े भारी वाहनों को निशाना बनाया और छह बैटरियां सहित करीब 95 लीटर डीजल चोरी कर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वाहन मालिक और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मामले की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाण्डुरंग कॉलोनी निवासी दशरथ सिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे कंस्ट्रक्शन का कार्य करते हैं तथा न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर शोरूम के सामने उनका वाहन यार्ड स्थित है। यार्ड में निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले भारी वाहन खुले स्थान पर खड़े किए जाते हैं।

**रात में खड़े किए थे वाहन, सुबह गायब मिली बैटरियां**

फरियादी के अनुसार 23 जून की रात करीब तीन बजे उनके चालक संजय मालवीय और इरफान ने दो डंपर यार्ड में खड़े किए थे। इसके अलावा एक ट्रैक्टर-लोडर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पहले से यार्ड में खड़ी थी। वाहन खड़े करने के बाद दोनों चालक यार्ड के सामने स्थित कार्यालय में सो गए, जबकि दशरथ सिंह अपने घर चले गए। सुबह करीब सात बजे चालक संजय मालवीय ने फोन कर सूचना दी कि यार्ड में खड़े वाहनों की बैटरियां चोरी हो गई हैं। जांच में पता चला कि दोनों डंपरों से चार बैटरियां, ट्रैक्टर-लोडर से एक बैटरी तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली से एक बैटरी गायब है।



**टैंक का ढक्कन खोलकर निकाला ईंधन**

चोरों ने केवल बैटरियां ही नहीं चुराईं, बल्कि यार्ड में खड़े 12 चक्का डंपर के डीजल टैंक को भी निशाना बनाया। टैंक का ढक्कन खुला मिला। जांच करने पर उसमें से करीब 95 लीटर डीजल कम पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश रात के अंधेरे में आराम से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। फरियादी ने पुलिस को बताया कि चोरी गई छह बैटरियों की कीमत करीब 40 हजार रुपए है, जबकि चोरी हुए डीजल की कीमत लगभग 9,500 रुपए है। इस तरह बदमाश करीब 50 हजार रुपए का माल समेट ले गए।

**सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। भारी और बड़े वाहनों से बैटरियां निकालने तथा डीजल चोरी करने में समय लगता हैए इसके बावजूद बदमाश बिना किसी बाधा के वारदात को अंजाम देकर निकल गए। इससे क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोह की आशंका भी जताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

# दूलदुल-बुर्राक का चल समारोह निकला

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

मोहर्रम पर्व के अवसर पर मंगलवार रात शहर के बड़े बाजार क्षेत्र में दूलदुल और बुर्राक का चल समारोह निकाला गया, साथ ही सवारियों भी निकली, जिसे देखने के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे। मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

मोहर्रम के छह दिवसीय आयोजन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में दूलदुल और बुर्राक व सवारियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पारंपरिक स्वरूप में सजाई गई सवारियों के साथ समाज के लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम स्थल पर देर रात तक लोगों की आवाजाही बनी रही।

### ताजियों की आकर्षक सजावट खींचेगी ध्यान

इस 6 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कल विभिन्न ताजियों का प्रदर्शन किया जाएगा। आकर्षक सजावट और पारंपरिक स्वरूप में तैयार किए गए ताजियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आयोजन स्थल पर पहुंचते है। मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदस्यों ने बताया कि मोहर्रम पर्व के अवसर पर छह दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक और पारंपरिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैंए जिनमें समाज के लोगों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है। सिटी क्षेत्र में आलम अखाडे का प्रदर्शन भी प्रमुख मार्गो पर किया गया।

### शनिवार को होगा समापन

मोहर्रम इंतजामिया कमेटी शुजालपुर सदर ने बताया कि ताजिए इस्लामपुरा दशहरा मैदान मंडावर रोड नूरपुरा से एकत्रित होकर वाल्मिकीपुरा, त्रिपोलिया बाजार से बडे बाजार में पहुंचेगे।

यहां पर रात्रि में सवारियों का कार्यक्रम होगा, जो कि प्रात: 5 बजे तक चलेगा तथा इसके बाद ताजिए बाजार से पथरोडी पहुंचेगे। शुक्रवार को इस्लामी अखाडे का चल समारोह बंजीपुरा, मलकपुरा, मनिहारपुरा होते हुए ताजियों का अखाडों का चल समारोह काजीपुरे से बाजार में प्रवेश करेगा। यह चल समारोह काली माता मंदिर, नगर पालिका कार्यालय के सामने से वापस बडे बाजार में आएगा और ताजिए रातभर बाजार में रहेगे। इसी प्रकार अखाडों का प्रदर्शन होगा। मोहर्रम पर्व का समापन शनिवार को होगा। सिटी बस स्टेंड पर कलात्मक ताजिए बनाने वाले ताजिएदारों, उस्ताद, खलिफाओं का सम्मान किया जाएगा और उसके बाद चल समारोह में रूप ताजियों का विसर्जन जमधड़ नदी में किया जाएगा।

## सहायक प्राध्यापकों का सम्मान

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अटल भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी की सहायक आचार्य भर्ती 2023 में चयनित सहायक प्राध्यापक पूनम राठौड़ एवं पंकज कुमार शर्मा के सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रवीणा धारीवाल ने की। उन्होंने दोनों चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, लगन और समर्पण का परिणाम है। उनकी सफलता महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर योगेंद्र चौहान ने दोनों शिक्षकों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें भावी शैक्षणिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पतंजलि के संरक्षक हरि सिंह का पतंजलि परिवार ने किया स्वागत



**गुना।** पतंजलि के संरक्षक हरि सिंह यादव सांसद प्रतिनिधि व पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर पतंजलि परिवार द्वारा स्वतंत्रता पार्क योग कक्षा में सभी योग साधकों द्वारा माल्यार्पण और साफा बांधकर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम पतंजलि के राज्य प्रभारी कृष्ण योगेंदर रघुवंशी के नेतृत्व में किया गया।

पतंजलि जिला सोशल मीडिया प्रभारी व पतंजलि योग समिति के मीडिया प्रभारी नरोत्तम यादव ने बताया कि गुना जिले से प्रदेश कार्यसमिति में प्रतिनिधित्व मिलने पर पतंजलि के संरक्षक हरी सिंह यादव का पतंजलि परिवार द्वारा स्वागत किया गया

श्री यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य के रूप में प्रदेश भाजपा की पूर्व कार्यकारिणी में भी शामिल थे। हाल ही में नये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा 106 सदस्यों की कार्यसमिति का गठन किया गया है। कार्यसमिति घोषित होने पर गुना जिले से महेंद्र सिंह सिसोदिया पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा हरि सिंह यादव को गुना जिले से प्रदेश कार्य समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि हरि सिंह यादव विगत कई वर्षों से पतंजलि परिवार से जुड़े हुए हैं उनका पतंजलि के माध्यम से शहर में विभिन्न स्थानों पर नयी योग कक्षाओं को खोलने में विशेष योगदान है। श्री यादव प्रतिदिन स्वतंत्रता पार्क योग कक्षा में योग करने आते हैं। इस मौके पर स्वागत कार्यक्रम में पतंजलि के राज्य प्रभारी कृष्णा योगेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला प्रभारी बाबूलाल यादव, सहप्रभारी व योग आयोग के जिला अध्यक्ष हरिओम राठौर, पूर्व भाजपा मंडल बमौरी के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरी सिंह यादव, अरविंद श्रीवास्तव, भानु सिंह तोमर, महावीर सिंह तोमर, प्रेमचंद कारोलिया, अशोक त्रिवेदी, सुरेन्द्र सिंह परिहार, राजकुमार सोनी, राजकुमार शिवहरे, महाराज सिंह लोधा, शिवचरण धाकड़, मोहन लाल शर्मा, जेपी रघुवंशी, रेणु परिहार, वंदना राठौर, अनसूया रघुवंशी सुषमा रघुवंशी, संगीता राजपूत शशि भार्गव, रजनी रावत, ममता अग्रवाल, सरस्वती धाकड़, सहित स्वतंत्रता पार्क योग कक्षा के सभी योग साधक महिला पुरुष उपस्थित रहे।

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने खेमराज दत्तक पुत्र बद्रीलाल जाति गारी निवासी ग्राम बामोरा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 509/1 रकबा 1.1000 हेक्टर में से 0.2000 हेक्टर ग्राम बामोरा प.ह.न.0004 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक:- 24-06-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट) एम.ए.एल.एल.बी.**
**ऑफिस क्रमांक डी-5, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, पुराना आर.टी.ओ. ऑफिस के पीछे उज्जैन मो. 98264-44002**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती विजयकांता बेस पति श्री उदयसिंह जी बेस, निवासी-पवांसा, मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 425/2 रकबा 0.21 हे. एवं सर्वे नंबर 425/3 रकबा 0.631 हे. कुल किता 02 कुल रकबा 0.841 हे. स्थित ग्राम नीमनवासा पटवारी हल्का नंबर 41 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है, को क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र सम्पादित कर विक्रेतापक्ष ने मेरे पक्षकार से अनुबंध पत्र अनुसार राशि प्राप्त कर ली गई है तथा मेरे पक्षकार को भूमि को विक्रय कर दी गई है तथा शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक 23/06/2026 को विकय अनुबंध पत्र सम्पादित कराये जाने एवं अनुबंध पत्र की समस्त शर्तों का पालन कर विकय पत्र सम्पादन कराया जावे। इस हेतु सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्रेषित् किया है। यदि उसके उपरान्त भी किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बिल्डर या कम्पनी द्वारा उक्त सर्वे नंबरान की कृषि भूमि के संबंध में कोई लेन-देन अथवा सौदा या अनुबंध अथवा विक्रय पत्र किया जाता हैं तो वह मेरे पक्षकार के अनुबंध के समक्ष शून्य एवं अवैधानिक होगा तथा उसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं का होगा।

दिनांक - 24-06-2026

**विवेक सिंह हाईकोर्ट एडवोकेट,**
**कार्यालय-170, मालीपूरा उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 9827292229**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. किशोरसिंह भदौरिया पिता स्व.श्री महेन्द्रसिंह भदौरिया निवासी 187, विद्यापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) 2. गोर्की दुबे पिता श्री शिवकुमार दुबे निवासी एच 14/32, ऋषि नगर, उज्जैन (म.प्र.) 3. सुमित जैन पिता श्री सुनील जैन निवासी 49, सुभाष नगर, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा मूल स्वामी 1. इकरार अहमद पिता एजाज अहमद 2. अनवर अहमद पिता एजाज अहमद निवासीगण खुदीराम बोस मार्ग, गली नंबर 03, उज्जैन (म.प्र.) से क्रय अनुबंधित किया हुआ उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 04 स्थित खुदीराम बोस मार्ग, गली नंबर 03, उज्जैन (म.प्र.) में है, जो पश्चिम से पूर्व 14.65 मीटर, उत्तर से दक्षिण 4.17 मीटर फिर पूर्व से पश्चिम 6.10 मीटर, उत्तर से दक्षिण 1.50 मीटर बतरफ पूर्व से पश्चिम 8.55 मीटर बतरफ दक्षिण से उत्तर 6.91 मीटर इस प्रकार कुल क्षेत्रफल 942.00 वर्गफीट है, जिसके पूर्व में अन्य का मकान, पश्चिम में की सड़क, उत्तर में ओपन बाडा, नासीर अली व वजिर अली का व दक्षिण में अहमद एवं ईसरार अहमद का मकान मिला है, को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि, उक्त संपत्ति में कोई अपना स्वत्व या हिस्सा रखता हो या किसी भी राष्टीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक-24/06/2026 उज्जैन

कार्यालयीन समय- सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**

### जाहिर-सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती हीरामणी वर्मा पति श्री दिनेश वर्मा से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक कार्नर का भवन जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 1504 में की भूमि का भाग होकर राजीव नगर, बापू नगर के पास, आगर रोड़ उज्जैन में स्थित है, उक्त संपत्ति को भूखण्ड के रुप में श्रीमती हीरामणी वर्मा पति श्री दिनेश वर्मा द्वारा इसके पूर्वस्वामी सफदर हुसैन पिता स्व. हसन अली से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022017 ए 1047901 दिनांक 03.02.2017 के माध्यम से क्रय कर अपने व्यय से उक्त भूखण्ड पर तीन मंजिला भवन निर्माण करवाया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 22.26 वर्गमीटर अर्थात् 240 वर्गफीट है, जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है-पूर्व की और अन्य का मकान एवं सडक कॉलोनी की, पश्चिम की और नन्ना का मकान, उत्तर की और सडक कॉलोनी की, दक्षिण की और अन्य का मकान को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है तथा शेष राशि का भुगतान कर रजिस्ट्री का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भवन पर अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, अधिकार हो या उक्त भवन किसी बैंक, पेढ़ी, निगम वित्तिय संस्था आदि का कोई ऋण भार बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् कोई भी आपत्ति आदि मान्य नही जावेगी तथा अवधि समाप्त किये जाने के बाद मेरे पक्षकार उक्त भवन की रजिस्ट्री का निष्पादन करवा लेवेगें। इति दिनांक 25/06/2026 स्थान उज्जैन

**अश्विन मेहता (एडव्होकेट)**
**नवीन कोर्ट परिसर, उज्जैन मो. 96694-90876**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि सोहनसिंह पिता चंदरसिंह जाति राजपूत व्यवसाय कृषि निवासी ग्राम कलेसर तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र. से कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 66 रकबा 1.04 हैक्टर में से रकबा 0.60 हैक्टर कुल किता 01 कुल रकबा 0.60 हैक्टर स्थित ग्राम कलेसर तहसील घटिटया जिला उज्जैन म.प्र में स्थित होकर से सौदा चिट्ठी संपादित कर बयाना राशि भी प्राप्त कर ली है एवं समय अवधि में अनुबंध पत्र व पंजीयन भी पूर्ण करवा दिया जावेगा। यह कि उक्त अनुबंधित भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालीयन समय मे लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो- दिनांक 24-06-2026

**विष्णु राईया सर्विस प्रोवाईडर**
**ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 75664-70288**

## न्यूज-कॉलम

### अजय सिंह ने कार्य कर्ताओं में भरा जोश

**नीमच।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधानसभा से सात बार विधायक रह चुके अजय सिंह राहुल भैया बुधवार को नीमच प्रवास पर पहुंचे। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में आयोजित संगठनात्मक बैठक में उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं से संवाद कर संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता एकजुटता और आगामी चुनावी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की।गांधी भवन पहुंचने पर अजय सिंह राहुल भैया का कांग्रेसजनों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया। बैठक की शुरूआत जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन सृजन के बाद अब जमीनी स्तर पर कार्यकताओं के बीच पहुंचकर संगठन को नई ऊर्जा देने का कार्य कर रही है।

### मातेश्वरी सरस्वती की पुण्य स्मृति दिवस मनाया

**नीमच।** अन्तर्राष्ट्रीय शांतिदूत ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती के ६१ वें स्मृति पुण्य दिवस पर ज्ञान मार्ग स्थित विशाल सद्भावना सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया । यह कार्यक्रम ब्रह्ममुहूर्त्त से ही प्रारंभ हो गया । इस प्रातः कालीन आध्यात्मिक समागम में बहुत बड़ी संख्या में नीमच के ब्रह्मावत्सों ने भाग लिया । इस समागम में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि च्मातेश?वरी जगदम्बा मम्मा ने परमात्मा की हर आज्ञा को शिरोधार्य कर अपने स्वरूप को उन शिक्षाओं के अनुसार ढाला । मातेश?वरी मम्मा हमेशा ध्यान दिलाती थी कि हर घड़ी को अपनी अंतिम घड़ी समझ कर हर कर्म करें तो सदैव सुकर्म ही होंगे। आपने अपने दिव्य चाल चलन और चरित्र से लाखों ब्रह्मावत्सों के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया एवं उनकी हर समस्या का समाधान भी दिया ।

## सृजन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड साइंस द्वारा

# रतलाम एवं आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा दी जा रही

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम




सृजन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड साइंस द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से पॉलीटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की शुरूआत कर रतलाम एवं आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा की नई सौगात दी जा रही है। इस पहल से १०वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

वर्ष 2009 से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विश्वसनीयता, अनुशासन एवं विद्यार्थी-केंद्रित वातावरण के लिए प्रतिष्ठित सृजन कॉलेज अब स्थानीय युवाओं को उनके अपने शहर में ही आधुनिक तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराकर रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करेगा।

महाविद्यालय में इस वर्ष से पॉलीटेक्निक के अंतर्गत सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग जैसे रोजगारपरक डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। वहीं १२वीं के बाद बी.टेक. स्तर पर सिविल, मैकेनिकल, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल इंजीनियरिंग जैसे आधुनिक पाठ्यक्रम पूर्व से ही संचालित किए जा रहे हैं। पॉलीटेक्निक डिप्लोमा धारक विद्यार्थियों को आगे बी.टेक. में लेटरल एंट्री के माध्यम से सीधे उच्च अध्ययन का अवसर भी प्राप्त होगा। सृजन कॉलेज से बी.टेक. की शिक्षा प्राप्त कर चुके सैकड़ों विद्यार्थी आज देश-विदेश की प्रतिष्ठित संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। संस्था के चेयरमेन श्री अनिल झालानी ने बताया कि सृजन कॉलेज का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को हुनर, आत्म विश्वास एवं सफल भविष्य के लिए तैयार करना है। इसी लक्ष्य के तहत आधुनिक प्रयोगशालाएं, वर्कशॉप, अनुभवी फैकल्टी, प्लेसमेंट सहायता, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.एस. यादव ने कहा कि अपने ही शहर में अध्ययन करने से विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण, पारिवारिक सहयोग तथा कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलता है। सही शिक्षा, उचित मार्गदर्शन और विद्यार्थियों का परिश्रम ही उनके उज्ज्वल भविष्य का आधार बनता है।समन्वयक श्री निसर्ग दुबे ने बताया कि पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए आगामी सत्र की प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है तथा इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# मकान में चल रही अवैध एमडी ड्रग्स निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर।



थाना नई आबादी मंदसौर पुलिस की विशेष टीम ने ग्राम बाजखेड़ी में एक खेत पर बने मकान में दबिश देकर अवैध रूप से संचालित की जा रही एमडी ड्रग निर्माण फैक्ट्री का पदार्फाश किया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि एक आरोपी मौके से भाग निकला जिसकी तलाश की जा रही है।

प्रेसवार्ता में एसपी विनोद कुमार मीना ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि थाना प्रभारी नई आबादी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम बाजखेड़ी में स्थित एक खेत पर बने पक्के मकान पर अचानक छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध रूप से नशीला पदार्थ बनाने की पूरी इकाई संचालित होती पाई गई। पुलिस ने मौके से 13 किलो 850 ग्राम तैयार एमडी ड्रग और 9 किलो 109 ग्राम रासायनिक पदार्थ (केमिकल) बरामद किया है। इसके साथ ही ड्रग्स तैयार करने में उपयोग की जाने वाली सेंट्रीफ्यूगल मशीन, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, इलेक्ट्रिक इंडक्शन, स्टील के बड़े मटके, ड्रम, बाल्टियां और ड्रग्स को सुखाने के लिए लगाई गई हैलोजन लाइटें सहित भारी मात्रा में अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं।

पुलिस ने इस अवैध धंधे में लिप्त दो आरोपियों सदाकत खान निवासी अरोरा कॉलोनी, मंदसौर और आरिफ निवासी अरनिया निजामुद्दीन को मौके से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी ताहिर निवासी बाजखेड़ी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने थाना नई आबादी पर एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है ताकि इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों और मुख्य सरगनाओं का पता लगाया जा सके।




## संगठन की मयार्दा और गरिमा बनाए रखना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व-अजय सिंह

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सिंह (राहुल भैया) के जिला कांग्रेस कार्यालय आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया।इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कहा कि जिला कांग्रेस कार्यालय हमारे संगठन का मंदिर है, जिसकी गरिमा और मयार्दा का संरक्षण करना प्रत्येक कार्यकर्ता का परम दायित्व है। कांग्रेस के प्रति हमारी निष्ठा और प्रतिबद्धता संगठनात्मक कार्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस की लड़ाई केवल राजनीतिक न होकर विचारधारा की लड़ाई है, इसलिए सभी को अनुशासन और आपसी सम्मान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं को सोश्यल मीडिया पर अनावश्यक टिप्पणी या विवादित प्रतिक्रियाओं से बचने की सलाह दी।कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन संगठन में नई ऊर्जा का संचार कर रहा है। इस दौरान विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायकद्वय नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारतीय, वरिष्ठ नेता प्रकाश रातडिया, ओमसिंह भाटी, सोमिल नाहटा, मंजीत सिंह टूटेजा, अजय लोढ़ा, सुनील गुप्ता, रवींद्र रांका, असगर मेव, सुनील बसेर, बालेश्वर पाटीदार, दिलीप देवड़ा, रूपल संचेती, राखी सत्रावाला, राघव शक्तावत, वाहिद जैदी, आदित्य पाटिल आदि उपस्थित थे।

## न्यूज कालम



### गायत्री जयंती पर पक्षियों के लिए जल-पात्रों का वितरण

मंदसौर। भीषण गर्मी के इस दौर में मूक पक्षियों को पानी की तलाश में दर-दर भटकना पड़ता है। पक्षियों की इसी पीड़ा को समझते हुए गायत्री परिवार द्वारा पिछले १७ वर्षों से लगातार एक अनूठा सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ पिपलियामंडी पर गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस एवं गायत्री जयंती के पावन अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहाँ आयोजित यज्ञ में सम्मिलित होने आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को संस्था की ओर से निःशुल्क जल-पात्र बांटे गए। पक्षी बचाओ आंदोलन के संयोजक जगदीश पोरवाल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों को अपने घरों में जल-पात्र लगाने और नियमित रूप से उनमें पानी भरने का संकल्प दिलाया, ताकि इस भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों के प्राणों की रक्षा की जा सके।

### महिला पार्षद के खाते में गलती से आई 7 .28 लाख राशि बैंक को लोटाई .

नीमच- नगर पालिका परिषद नीमच के इंदिरा नगर क्षेत्र की सक्रिय पार्षद श्रीमती सुमित्रा मुकेश पोरवाल के बैंक ऑफ बड़ोदा पुस्तक बाजार की शाखा में खाते के अंदर गलती से स्वामीनारायण ट्रस्ट मंदिर अहमदाबाद की राशि लगभग 7 लाख 28 हजार आ गई थी जो की बैंक द्वारा खाते को बंद कर दिया था बहुत दिनों के पश्चात जब श्रीमती पोरवाल बैंक में अपना खाता में राशि निकालना गई तो पता चला कि मंदिर ट्रस्ट की राशि आइसीआइसीआइ बैंक के द्वारा आर डी जी एस के माध्यम से खाता नंबर से राशि प्राप्त हुई है जैसे ही पता चला तो श्रीमती पोरवाल ने उक्त राशि को बैंक मैनेजर के माध्यम से तत्काल स्वामीनारायण मंदिर ट्रस्ट अहमदाबाद के खाते में भिजवा दी गई है। श्रीमती पोरवाल की ईमानदारी पर बैंक प्रबंधक द्वारा भी प्रशंसा के साथ उन्हें सम्मानित किया गया। श्रीमती सुमित्रा मुकेश पोरवाल पार्षद के रूप में इंदिरा नगर क्षेत्र में सक्रियता से कम करती है उनके पति भी पूर्व पार्षद हैं जो समाज सेवाओं में भी सदैव अग्रणी रहते हैं। श्रीमती पोरवाल ने आम जनता से अनुरोध किया कि जिस किसी भी खाते में गलती से राशि आ जाती है, तो उसे ईमानदारी से भिजवाने का कष्ट करें द्य ताकि भेजने वाला व्यक्ति परेशान ना हो एवं आपकी ईमानदारी सदा बनी रहे।

### खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर विशेष जांच अभियान चलाने की मांग

**मन्दसौर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने खाद्य एवं औषधि निरीक्षक धीरेंद्र सिंह जादौन को ज्ञापन सौंपकर जिलेभर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाने की मांग की है। ज्ञापन में इस बात पर चिंता व्यक्त की गई है कि वर्तमान मौसम में खाद्य पदार्थों के दूषित होने तथा मिलावट की आशंका काफी बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में बाजार में बिकने वाली पैक्ड खाद्य सामग्री, मिठाई, नमकीन, शीतल पेय, दूध, दही और पनीर जैसे उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर आम जनता में असमंजस और चिंता का माहौल है। ग्राहक पंचायत ने मांग की है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत जिले के होटलों, रेस्टोरेंटों और विक्रय केंद्रों से नियमित रूप से सैंपल लेकर उनकी प्रयोगशाला में जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। इस अवसर पर प्रांत सह सचिव नवनीत शर्मा, जिलाध्यक्ष विजय कोठारी, जिला सचिव आशीष भाटिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### तीन पैक्स सहकारी संस्थाओं ने की शत-प्रतिशत ऋण वसूली

**मंदसौर।** जिला सहकारी बैंक मंदसौर से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं ने जिले में सहकारिता के क्षेत्र का गौरव बढ़ाते हुए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जिले की तीन प्रमुख संस्थाओं-पानपुर, संधारा एवं कनावटी ने सदस्य स्तर पर शत-प्रतिशत ऋण वसूली कर सहकारिता के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच दिया है। यह गौरवपूर्ण सफलता संस्थाओं के कुशल प्रबंधन, कर्मचारियों की अथक मेहनत, कृषक सदस्यों के सक्रिय सहयोग और बैंक की प्रभावी कार्य योजना का परिणाम है। इन तीनों संस्थाओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे मध्य प्रदेश में सहकारिता की सशक्त कार्यप्रणाली का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर जिला सहकारी बैंक मंदसौर द्वारा कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक अदिति गर्ग के सतत मार्गदर्शन, प्रेरणा व प्रभावी नेतृत्व के साथ-साथ अपेक्स बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है।

# मातृत्व एवं शिशु अस्पताल परिसर से ज्वलनशील कचरा तत्काल हटवाना शुरू किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

जिला रोगी कल्याण समिति के सदस्य गोविंद काकानी ने मातृत्व एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि अस्पताल में पिछले दिनों आग लगने की घटना के बावजूद उसी स्थान के आसपास ज्वलनशील सामग्री एवं कचरा पड़ा हुआ है, जिससे पुनः दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए श्री काकानी ने तत्काल सिविल सर्जन डॉ. अखंड प्रताप सिंह को मौके पर बुलाया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ज्वलनशील सामग्री और कचरे को तुरंत हटाने के लिए कर्मचारी बुलवाकर कचरा हटवाना शुरू किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाना चाहिए तथा ऐसी लापरवाही दोबारा नहीं होना चाहिए।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अखंड प्रताप सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आरसी डामोर द्वारा सफाई व्यवस्था प्रभारी कैलाश से कर्मचारी लगवा कर कचरा हटवाना शुरू करवाया। साथ में खुले चैंबरों पर सफाई के पश्चात ढक्कन लगाने के लिए भी निर्देश दिए। श्री काकानी ने अस्पताल प्रशासन से परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का आग्रह किया, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 145 आवेदकों की सुनी समस्याए, दिये निराकरण के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच




कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई करते हुए १४५ आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर ने सिंगोली के गोपाल गाडी लौहार को एक बत्ती कनेक्शन के लिए न.पा.से तत्काल एन.ओ.सी.प्रदान करने के निर्देश सीएमओ सिंगोली को दिए। इस अवसर पर एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम श्री पराग जैन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में कलेक्टर ने लसुडिया मनासा की बब्बुबाई पति मुकेश के आवेदन पर उसे परेशान करने पर उतारू रहने वाले एवं फसलों को नुकसान पहुचाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम मनसा को दिए है। कलेक्टर ने जनसुनवाई में गुडीखेडा (रतनगढ़) निवासी देवराज राठौर के आवेदन पर उसके कुए पर जमीन का रास्ता बंद करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कर समय सीमा में रास्ता खुलवाने के निर्देश एसडीएम जावद को दिए है। सेमली इस्तमुरार की मायाबाई ने रास्ते के अभाव में एक वर्ष से पडत जमीन पर जाने का रास्ता दिलाने संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार कुकडेश्वर को निर्देश दिए, कि वे तत्काल टीम भेजकर मायाबाई को खेत पर जाने का रास्ता दिलवाए।

जनसुनवाई में घसुण्डी बामनी की कान्ताबाई, डिकेन के सुरेश कुमार, केनपुरिया के अनिल कछावा, बांगरेड का खेडा, भरभडिया के उदयराम, हिंगोरिया की सुनीता बाई, नाथूलाल बंजारा, जोडमी के पूरनमल बंजारा, सुवाखेडा के राजेश, भवरासा की राजीबाई, चम्पी के भागीरथ, खजुरिया के मोतीलाल, जावद के गोविंद धाकड़, फोफलिया के गुलाबचंद, आम्बा की मानाबाई, बडी की राजुली बाई, रतनपुरा के नानालाल, आदि उपस्थित थे।

# सांवलिया सेठ मण्डफिया मंदिर भंडार से 40 करोड़ का चढ़ावा प्राप्त

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच




समीप राजस्थान के चित्तौड़ जिले के सुप्रसिद्ध सांवलिया सेठ मंदिर में जून माह में चढ़ावे के तौर पर चालीस करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। यह राशि एक माह में अब तक की सर्वाधिक है। मंदिर प्रबंधन की देखरेख में ही चढ़ावे की गणना पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूर्ण हुई।एक माह में चालीस करोड़ रुपए के चढ़ावे से साल भर के चढ़ावे का अंदाजा लगाया जा सकता है। सवाल उठता है कि जब सांवलिया सेठ के चढ़ावे का काम ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ हो सकता है तब अयोध्या के राम मंदिर के चढ़ावे की गणना क्यों नहीं हो सकती? राम मंदिर के प्रबंधन के लिए ट्रस्ट बना हुआ है और इस ट्रस्ट में स्वच्छ छवि के लोग पदाधिकारी है, लेकिन फिर भी कुछ बेईमानों ने भगवान राम के चढ़ावे में चोरी की । सरकार ने जो जांच कमेटी बैठाई उसका भी मानना है कि मंदिर के चढ़ावे की जिन लोगों ने गणना की उन्होंने चढ़ावे की चोरी कर ली। इसमें बैंक कर्मचारी भी शामिल हैं। चढ़ावे चोरी के आरोपों के मद्देनजर अब यह मांग उठने लगी है कि मंदिर प्रबंधन में किसी वरिष्ठ आईएएस की नियुक्ति की जाए। यदि किसी सरकारी अधिकारी की नियुक्ति होती है तो फिर आगे चलकर मुसीबत भी खड़ी हो सकती है। सब जानते हैं कि अयोध्या में जन्म स्थल पर लंबे संघर्ष के बाद राम मंदिर का निर्माण हुआ है। जिन लोगों ने मंदिर निर्माण में बाधाएं खड़ी की उनके चेहरे जगजाहिर है। यदि ऐसे विधर्मियों की सरकार उत्तर प्रदेश में बन गई तो फिर अपने सरकारी अधिकारी के माध्यम से मंदिर को लेकर कई समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। अच्छा हो कि मंदिर प्रबंधन में सरकारी दखल नहीं हो। प्रबंधन और चढ़ावे की गणना में ऐसे कार्मिकों की नियुक्ति हो ताकि चढ़ावे की गणना ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ हो सके द्य फिलहाल सांवलिया सेठ मंडपिया में प्रशासक के रूप में जहां सरकार के प्रतिनिधि एसडीएम और कलेक्टर होते हैं इस प्रकार का नियंत्रण जारी रहे ताकि यहां इसी तरह की शक की गुंजाइश न रहे ।

## बदमाशों ने कर्मचारी युवक पर चाकू से हमला कर 50 हजार रुपए लूटे

**नीमच** – शहर के महू रोड पर कैंट थाना क्षेत्र में दक प्लाजा के समीप के कंधे और पीठ पर चाकू के दो गहरे वार मंगलवार रात पौने दस बजे एक लूट और चाकूबाजी की वारदात सामने आई। उदय विहार और वृंदावन कॉलोनी मार्ग पर मह रोड स्थित दक प्लाजा के समीप एक डिलेवरी कुरियर ऑफिस में चार बदमाशों ने घुसकर युवक पर हमला कर दिया। बदमाश पार्सल की जानकारी लेने के बहाने दुकान में आए थे। जानकारी के अनुसार, घटना के समय दुकान के अंदर सूरजनाथ पिता ओंकारनाथ निवासी नीमच सिटी मौजूद थे।

**वेस्टर्न रेलवे विशेष ट्रेनों की यात्राओं का विस्तार करेगी।**

| ट्रेन नं. | उत्पत्ति और गंतव्य स्टेशन | सेवा के दिन | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|
| 09079 | मुंबई सेंट्रल - इंदौर (दो सप्ताह में एक बार) | रविवार, मंगलवार | 28.07.2026 |
| 09080 | इंदौर - मुंबई सेंट्रल (द्विमासिक) | सोमवार, बुधवार | 29.07.2026 |
| 09343 | डॉ. अंबेडकर नगर - पटना (साप्ताहिक) | गुरुवार | 30.07.2026 |
| 09344 | पटना - डॉ. अंबेडकर नगर (साप्ताहिक) | शुक्रवार | 31.07.2026 |
| 09309 | इंदौर - हजरत निजामुद्दीन (द्विमासिक) | शुक्रवार रविवार | 31.07.2026 |
| 09310 | हज़रत निज़ामुद्दीन - इंदौर (द्विमासिक) | शनिवार, सोमवार | 01.08.2026 |

रेल के ठहरावों, समय-सीमाओं और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

लंबी यात्राओं के लिए बुकिंग
ट्रेन संख्या 09079, 09080, 09343 & 09309 25.06.2026 से खुलेगा
सभी पीआरएस काउंटरों पर और IRCTC की वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध है।
उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेंगी।

पश्चिमी रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें हमें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/Western RailwayOffical

सभी आरक्षित टिकटों के लिए कृपया मूल पहचान पत्र साथ रखें।

### खाद्यान्न पात्रता पर्ची से मिलेगा शासन कई योजनाओं का लाभ-प्रहलाद पटेल



**रतलाम ।** नागरिकों के उत्थान हेतु शासन ने कई जनकल्याणकारी योजनाऐं बनाई उन योजनाओं में से खाद्यान्न पात्रता पर्ची महत्वपूर्ण योजना है, योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाना पुण्य का कार्य है। उक्त उद्गार महापौर प्रहलाद पटेल ने नगर निगम महापौर कार्यालय में नगर के ८३ परिवारो को खाद्यान्न पात्रता पर्ची वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होने कहा कि आज जिन्हे खाद्यान्न पात्रता पर्ची प्राप्त हो रही है वे आयुष्मान कार्ड के साथ-साथ शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिये भी पात्र हो जायेगें। उन्होने हितग्राहियों से कहा कि वे पात्रता पर्ची से राशन की दुकान से राशन अनिवार्य रूप से लेवें अन्यथा आपकी पात्रता पर्ची निरस्त हो जायेगी। इस अवसर पर सामान्य प्रषासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, पार्षद प्रतिनिधि जलज सांकला, कार्यालय अधीक्षक गोपाल झालीवाल, महेन्द्र सोलंकी सहित हितग्राही उपस्थित थे।



## अध्यक्ष को ज्ञापन देकर वार्ड 10 में आरसीसी सड़क व पक्की नाली निर्माण की मांग

**सुसनेर।** मंगलवार को नगर के वार्ड क्रमांक 10 के रहवासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी को ज्ञापन सौंपकर मस्जिद वाली गली में आरसीसी सड़क एवं पक्की नाली निर्माण की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि यह मार्ग डाक बंगला रोड को मैना रोड से जोड़ता है तथा हरिजन मोहल्ला, बाडपीड़ित कॉलोनी, बाबा रामदेवजी की बाड़ी सहित आसपास के कई क्षेत्रों के लोगों का मुख्य आवागमन इसी रास्ते से होता है। रहवासियों ने बताया कि गली की सड़क वर्षों पुरानी और पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे होने से लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। गर्मी के दिनों में धूल उड़ती रहती है, जबकि बारिश के समय पूरी गली में कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन जाती है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि गली की नालियां कच्ची होने के कारण उनकी नियमित सफाई नहीं हो पाती। इससे गंदा पानी जमा रहता है जिससे मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ने के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। इस समस्या से मोहल्लेवासियों के अलावा राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। रहवासियों ने नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए वार्ड क्रमांक 10 की मस्जिद वाली गली में शीघ्र आरसीसी सड़क एवं पक्की नालियों का निर्माण कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को धूल, कीचड़ और जलभराव जैसी समस्याओं से स्थायी राहत मिल सके। इस दौरान वार्डवासियों ने शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई। चित्रः-0093

## द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत भव्य कलश यात्रा निकाली



तराना।श्री द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नयापुरा स्थित देवनारायण मंदिर से शुरू हुई जो नयापुरा, भेरू महाराज चौराहा होते हुए तेजाजी चौक पहुंची।द्वारकाधीश मंदिर पर कलश यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में सुसज्जित भव्य बग्गी में भगवान द्वारकाधीश विराजमान रहे रहवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर दिव्य स्वागत किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल रहे।

## माहेश्वरी समाज का भव्य चल समारोह धूमधाम से मनाई महेश जयंती



**सुसनेर।** माहेश्वरी समाज द्वारा महेश जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में बैंड-बाजों के साथ भव्य चल समारोह निकाला गया। भगवान महेश के जयघोष और धार्मिक भजनों के बीच निकले इस शोभायात्रा में समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर सराफा बाजार स्थित मंदिर पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों, व्यापारियों एवं नागरिकों द्वारा चल समारोह का पुष्पवर्षा कर एवं स्वागत द्वार बनाकर भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं का जगह-जगह अभिनंदन होने से पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना रहा। मंदिर परिसर में भगवान महेश की विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती संपन्न हुई। समाजजनों ने भगवान महेश से समाज की सुख-समृद्धि, उन्नति और नगर की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला।

## महाराणा प्रताप जयंती को लेकर बैठक में धार्मिक कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार



**खाचरौद।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वीं जन्म जयंती की तैयारीयों को लेकर मंगलवार को नगर के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर समाज कि बैठक संपन्न हुई। जिसमें महाराणा प्रताप की जयंती को धूमधाम के साथ मनाने और धार्मिक कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में 28 जून रविवार को नगर में महाराणा प्रताप की जयंती पर एक विशाल शौर्य यात्रा निकाली जावेगी। यात्रा प्रातः 10:30 बजे नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई संजोग परिसर पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित होगी। कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 मैं कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जावेगा। यात्रा में समस्त राजपूत समाज अपने परंपरागत वेशभूषा में शामिल होकर निकलने वाली शौर्य यात्रा को सफल बनावे। यात्रा में नगर एवं ग्रामीण अंचल से अधिक से अधिक संख्या में समाज जनों से यात्रा में शामिल होने की अपील समस्त राजपूत समाज जनों द्वारा की गई है।

### समावेशी शिक्षा को लेकर शिक्षकों की संयुक्त समीक्षा बैठक संपन्न

# सीडब्ल्यूएसएन बच्चों के नामांकन, शैक्षणिक प्रगति और दिव्यांग मूल्यांकन शिविर की तैयारियों पर चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले (सीडब्ल्यूएसएन) बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जन शिक्षा केंद्र देहरिया सोयत एवं जन शिक्षा केंद्र सोयत की संयुक्त समीक्षा बैठक सांदीपनि विद्यालय सोयतकला में तथा जन शिक्षा केंद्र डोंगरगांव की बैठक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव में आयोजित की गई।

बैठक का संचालन एमआरसी ओमप्रकाश पाटीदार ने किया। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राधेश्याम पाटीदार के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में सीडब्ल्यूएसएन बच्चों के नामांकन, नियमित उपस्थिति, शैक्षणिक प्रगति तथा समावेशी शिक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। शिक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों ने बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सहायक उपकरणों तथा व्यक्तिगत शिक्षण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

एमआरसी ओमप्रकाश पाटीदार ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यार्थी की विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण गतिविधियों का संचालन किया जाए तथा अभिभावकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखा जाए। उन्होंने छात्रवृत्ति, शासकीय योजनाओं एवं अन्य लाभकारी सुविधाओं का लाभ पात्र बच्चों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने पर भी विशेष बल दिया।

बैठक में बताया गया कि 24 जून 2026 को जनपद पंचायत सुसनेर में दिव्यांगजन मूल्यांकन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड तथा सहायक उपकरणों के लिए आवश्यक मूल्यांकन किया जाएगा। शिक्षकों एवं अभिभावकों से पात्र बच्चों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की गई। बैठक में बीएससी मुकेश पालीवाल, जनशिक्षक भेरूसिंह सिसोदिया, रामदयाल गुर्जर, इफ्तियार खान, मनीष शर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के अंत में विद्यालय परिसरों को दिव्यांगजन-अनुकूल बनाने, बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनकी शिक्षा की गुणवत्ता एवं सर्वांगीण विकास के लिए सभी संबंधित पक्षों द्वारा सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया।

# दो महीने से खुले पड़े गड्ढे में गिरा ई-रिक्शा, बाल-बाल बचा चालक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



नगर पालिका की घोर लापरवाही और अधूरे कामकाज की पोल उस समय खुल गई, जब लालघाटी इलाके में एक ई-रिक्शा सड़क के बीचों-बीच खुले पड़े एक गहरे गड्ढे में जा समाया। पाइपलाइन सुधारने के नाम पर दो महीने पहले खोदे गए इस 'मौत के कुएं' को जिम्मेदार विभाग बंद करना ही भूल गया था। गनीमत यह रही कि इस घटना में रिक्शा चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई और स्थानीय लोगों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे लालघाटी स्थित होंडा शोरूम के पास हुई। ई-रिक्शा चालक भगवान सिंह कुंडल, जो शहर में खाने-पीने के सामान की सप्लाई का काम करते हैं, अपने वाहन को रिवर्स ले रहे थे। इसी दौरान उन्हें पीछे खुले गड्ढे का अंदाजा नहीं हुआ और रिक्शे का पिछला हिस्सा सीधे गड्ढे में जा धंसा। ई-रिक्शा बुरी तरह फंस गया और पलटते-पलटते बचा। हादसे की यह पूरी खौफनाक तस्वीर पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गई है।

**पाइपलाइन सुधारी, पर गड्ढा भरना भूले**

इस हादसे ने स्थानीय प्रशासन के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि लगभग दो महीने पहले इस जगह पर पानी की पाइपलाइन फूट गई थी। तब नगर पालिका के अमले ने सुधार कार्य के लिए यह भारी-भरकम गड्ढा खोदा था। पाइपलाइन तो ठीक कर दी गई, लेकिन कर्मचारी गड्ढे को मिट्टी से बंद करना भूल गए। तब से यह लावारिस गड्ढा आम जनता और राहगीरों के लिए हादसों को न्यौता दे रहा था।

**लोगों ने बल्लियों के सहारे निकाला बाहर**

दिनदहाड़े हुए इस हादसे को देख आस-पास के लोग और दुकानदार तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए दो बल्लियों (लकड़ी के लट्ठों) का इंतजाम किया। इसके बाद सभी ने मिलकर कड़ी मशक्कत की और जैसे-तैसे ई-रिक्शा को खींचकर गड्ढे से सुरक्षित बाहर निकाला।

## आज श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जाएगी निर्जला एकादशी

**सुसनेर।** गुरुवार 25 जून को ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी पूरे देश के साथ सुसनेर क्षेत्र में भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। सनातन धर्म में निर्जला एकादशी का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन बिना जल ग्रहण किए व्रत रखकर भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा करने पर वर्षभर की सभी 24 एकादशियों के व्रत के समान पुण्य प्राप्त होता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहा जाता है। कथा के अनुसार महाभारत काल में भीमसेन भोजन के बिना नहीं रह पाते थे, इसलिए महर्षि वेदव्यास ने उन्हें केवल निर्जला एकादशी का व्रत रखने का उपदेश दिया था। तभी से इस व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। निर्जला एकादशी के दिन प्रातः स्नान कर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। भक्त उपवास रखते हुए विष्णु सहस्त्रनाम, गीता और भगवान के मंत्रों का जप करते हैं। अगले दिन द्वादशी तिथि में विधि-विधान से व्रत का पारण किया जाता है। इस दिन जल से भरे घड़े, शीतल पेय, पंखे, छाता, फल, वस्त्र तथा अन्न का दान विशेष पुण्यदायी माना गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए कई स्थानों पर समाजसेवी संस्थाओं और धार्मिक संगठनों द्वारा राहगीरों के लिए शीतल जल एवं शरबत की व्यवस्था भी की जाती है। इसे मानव सेवा का श्रेष्ठ कार्य माना गया है। सुसनेर के मंदिरों में भी निर्जला एकादशी पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और भगवान विष्णु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

## मेडिकेयर इंस्टीट्यूट पर मनाया गया योग दिवस

**सारंगपुर।** स्वस्थ आयु के लिए योग की विशेष थीम के अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग सारंगपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर शहर के विभिन्ना प्रमुख संस्थानों में योग सत्रों का आयोजन कर आमजन को निरोगी जीवन जीने का संदेश दिया गया।

आयोजन की कडी में उप जेल सारंगपुर में एक विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। यहाँ आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक राहुल पुष्पद एवं उनके सहयोगी लोकेश पुष्पद द्वारा जेल के बंदियों को योग, प्राणायाम और ध्यान का गहन अभ्यास कराया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य बंदियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना और मानसिक तनाव को दूर करना रहा।

### टचिंग ग्राउंड आरसीसी रोड धंसने की कगार पर:

# बंद ड्रेनेज पाइप के कारण नीचे बना एक फीट गहरा गड्ढा, बडे हादसे का डर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

एबी रोड से नगर के भीतर आने वाला मुख्य आरसीसी मार्ग की सडक कभी भी जमींदोज हो सकती है। दो वर्ष पूर्व हाइवे के जोड़ के पास बनी इस आरसीसी रोड के नीचे लगे ड्रेनेज पाइप के चोक होने के कारण पानी के साथ सड़क का बेस बह गया है जिससें करीब एक फीट गहरी जानलेवा गड्ढा सड़क के नीचे बन चुका है, जिससे यहां हर वक्त दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार इस दुर्दशा की मुख्य वजह सडक के नीचे डाला गया ड्रेनेज पाइप है, जो लंबे समय से पूरी तरह बंद पडा है। पानी की सही निकासी न होने के कारण जलभराव हुआ और भीतर ही भीतर पानी ने सडक के नीचे की पूरी मिट्टी को काट दिया। नतीजा यह हुआ कि ऊपर से मजबूत दिखने वाली आरसीसी सडक अंदर से पूरी तरह खोखली हो चुकी है। यह मार्ग सारंगपुर नगर में प्रवेश के मुख्य मार्गो में शामिल है और यही से दशहरा मैदान होते हुए शहर में दाखिल शहरवासी होते भी है, दिन-रात सैकडों छोटे-बडे वाहन और हजारों लोग गुजरते हैं। सडक की इस खतरनाक स्थिति को लेकर स्थानीय निवासी ईद अंसारी, नासिर अंसारी, राहुल नागर, संतोष कुमार, अनिल कुमार आदि लोगों का कहना है कि भारी वाहनों के दबाव से यह खोखली हो चुकी सडक कभी भी धंस सकती है। नागरिकों ने मांग की है कि बंद ड्रेनेज पाइप को तुरंत साफ कराकर सडक के नीचे मजबूत फिलिंग की जाए, ताकि समय रहते हादसे को टाला जा सके।

**बोले जिम्मेदार**

आपके माध्यम से इस समस्या की जानकारी मिली है। हमारे द्वारा तत्काल इस सड़क पर सुधार कार्य करवाया जाएगा। ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।
दीपक रानवे, सीएमओ, नपा सारंगपुर।

### नेटवर्क ठपः

# सारंगपुर में जियो और बीएसएनएल बंद होने से रुकीं रजिस्ट्रियां, परेशान हो रहे किसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



उपपंजीयक कार्यालय सारंगपुर में पिछले कुछ समय से जियो और बीएसएनएल का नेटवर्क पूरी तरह ठप होने के कारण शासकीय कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। सर्वर डाउन और नेटवर्क न मिलने की वजह से जमीनों की रजिस्ट्रियां नहीं हो पा रही हैं, जिससे अपनी जमीन की खरीद-बिक्री के लिए तहसील कार्यालय पहुंच रहे किसान और आम नागरिक भीषण गर्मी में परेशान होने को मजबूर हैं।

**खाली हाथ लौट रहे किसान**

इन दिनों कृषि कार्य और अन्य घरेलू जरूरतों के लिए किसानों को रुपयों की सख्त आवश्यकता है। इसके लिए कई किसान अपनी जमीनों का सौदा कर रजिस्ट्री कराने उपपंजीयक कार्यालय पहुंच रहे हैं। लेकिन जैसे ही वे दफ्तर पहुंच रहे हैं, उन्हें नेटवर्क न होने का हवाला देकर वापस लौटाया जा रहा है। बायोमेट्रिक मशीन और ऑनलाइन पोर्टल के लिए जरूरी इंटरनेट कनेक्टिविटी न मिलने से रोजाना दर्जनों फाइलें पेंडिंग हो रही हैं।

दूर-दराज के गांवों से पैसे खर्च कर ट्रैक्टर और अन्य वाहनों से आ रहे किसानों का कहना है कि वे सुबह से आकर लाइन में खडे हो जाते हैं। दोपहर तक इंतजार करने के बाद अधिकारी नेटवर्क न होने की बात कहकर पल्ला झाड लेते हैं। नेटवर्क की इस आंख-मिचौली के कारण न केवल किसानों का समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि उन्हें आर्थिक नुकसान भी उठाना पड रहा है।

**आमजन का हो रहा बडा नुकसान**

एक तरफ जहां किसान और आम जनता परेशान है, वहीं दूसरी तरफ रजिस्ट्रियां रुकने से शासन को मिलने वाले राजस्व (का भी हर दिन भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय नागरिकों, दस्तावेज लेखकों और वकीलों ने प्रशासन और संबंधित दूरसंचार कंपनियों से मांग की है कि सारंगपुर उपपंजीयक कार्यालय क्षेत्र में जियो और बीएसएनएल के नेटवर्क की समस्या को तुरंत सुधारा जाए, ताकि किसानों को दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिल सके। रजिस्ट्री की समस्या के अलावा नेटवर्क की समस्या का हजारों उपभोक्ताओं को भी करना पड़ा, जबकि उन्हें एक दूसरे से संपर्क करने एवं इंटरनेट का उपयोग करने में खासी कठिनाईयां आई जिससें लोगों के कई महत्वपूर्ण कार्य अटक गए।

## पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर बने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



**सुसनेर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर को भाजपा ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य का दायित्व सौंपा है। इस नियुक्ति पर उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने लिए गर्व के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी बताया। राठौर ने कहा कि वे संगठन की विचारधारा, नीतियों और जनसेवा के संकल्प को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का स्नेह, विश्वास और मार्गदर्शन ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है तथा सभी के सहयोग और आशीर्वाद से वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## बीच सड़क कार खड़ी करना पड़ा महंगा, पुलिस ने काटा 500 का चालान

**सुसनेर।** नगर के व्यस्त शुक्रवारिया बाजार स्थित एसबीआई बैंक चौराहे पर बीच सड़क पर खड़ी एक कार के कारण काफी देर तक यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। मुख्य मार्ग पर कर्नाटक पासिंग की कार खड़ी होने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी समय तक वाहन के पास कोई नहीं पहुंचने पर लोगों ने कार को लावारिस समझते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार की जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की तथा वाहन की जानकारी जुटाई। जांच के दौरान पता चला कि कार के मालिक दिनेश पाटीदार हैं, जबकि वाहन कन्हैयालाल पाटीदार चला रहे थे। चालक बैंक के कार्य से एसबीआई शाखा में गए थे और उन्होंने कार को मुख्य सड़क पर ही खड़ा कर दिया था, जिससे चौराहे पर यातायात बाधित होने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले यातायात को सुचारु कराया, इसके बाद वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाना परिसर पहुंचाया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने और सार्वजनिक मार्ग पर वाहन खड़ा कर आवागमन में बाधा उत्पन्न करने के मामले में चालक के विरुद्ध 500 का चालान काटकर वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सड़क पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित करना यातायात नियमों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश भी मिला है।

## उदनखेडी में चार महीने से अटकी वृद्धा, विधवा और विकलांग पेंशन

**ग्रामीणों में सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश**

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गरीब, बेसहारा और जरूरतमंदों को संबल देने के लिए चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं सरकार की ही लापरवाही की भेंट चढ रही हैं। समीपस्थ ग्राम उदनखेडी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 4 महीनों से वृद्धा, विकलांग और विधवा पेंशन नहीं मिलने से हितग्राही दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं। ग्रामीण हितग्राहियों ने आक्रोश जताते हुए बताया कि वे पिछले कई महीनों से जनपद पंचायत से लेकर ग्राम पंचायत के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि इस गंभीर लापरवाही को जनप्रतिनिधि एवं सरकार के नुमांइदे व वरिष्ठ अधिकारियों की इस बेरुखी के कारण ग्रामीणों में गहरा रोष है। पेंशन न मिलने से सबसे ज्यादा परेशानी बेसहारा विधवा महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों को हो रही है, जिनका भरण-पोषण इसी सरकारी राशि पर निर्भर है। हितग्राहियों का आरोप है कि सरकार और जनप्रतिनिधि भी इस समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा भी शासन की इन जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ सरकार सबका साथ, सबका विकास का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते योजनाएं दम तोड रही हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि मामले को संज्ञान में लेकर अटकी हुई पेंशन राशि का तुरंत भुगतान कराया जाए और लापरवाहो पर सख्त कार्रवाई की जाए।

**देसी आम की अंतिम बिक्रीः**

## एक महीने से 40-50 रुपए किलो बिक रहा बारिश के बाद आवक बंद हो जाएगी

**सारंगपुर।** क्षेत्र में पिछले एक माह से देशी आमों की बडी मात्रा में बिक्री हो रही है। हालांकि, यह आमों की आवक का अंतिम सप्ताह है। बारिश शुरू होने के बाद देशी आमों की बिक्री लगभग बंद हो जाएगी। वर्तमान में ये आम 40 से 50 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव से बिक रहे हैं। सारंगपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को ये आम काफी पसंद आ रहे हैं। सारंगपुर में दूसरे स्थानों से लाकर आम बेच रहे हैं, जिससे उन्हें बेहतर मूल्य मिल रहा है। सारंगपुर के राजीव गांधी चौराहे पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 50 से अधिक आम विक्रेता ठेलो में देशी आम बेचते देखे जा सकते हैं। विक्रेता ग्राहकों को आम चखाकर पसंद आने पर मोलभाव करते हैं। चूसने वाले देसी आम की कीमत 40 से 50 रुपए प्रति किलोग्राम है। देशी आमों में भी कई प्रकार की किस्में उपलब्ध हैं, जो शौकीन ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। बादाम, तोतापरी, नीलम, लाल पट्ठा और अन्य देशी आम की किस्में भी 50 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव से बिक रही हैं। आम विक्रेता सलमान फ्रुट ने बताया कि यह देसी आम का आखिरी हफ्ते है। बारिश के बाद आमों की आवक बंद हो जाएगी और किसान अपने खेती के कार्यों में व्यस्त हो जाएंगे। वही बात करें अचार बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाला छोटा देशी आम की तो पहली बार बडी मात्रा में बाजार में पहुंचा है। आम बेचने आए शंकर सिंह ने बताया कि अचार का देसी आम बाजार में 60 से 70 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। अन्य किस्मों में लंगडा आम 70 रुपए किलो, दशहरी 60 रुपए किलो, तोता परी और नीलम आम 50 रुपए प्रति किलो के भाव से बेचे जा रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार, मई महीने में क्षेत्र में आई हवा-आंधी और बारिश के कारण स्थानीय आम की फसल को सर्वाधिक नुकसान हुआ था।

# जगन्नाथ रथ यात्रा

पुरी की प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा के लिए हर साल तीन नए रथों का निर्माण अक्षय तृतीया से शुरू होता है, जिनकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन्हें बनाने में किसी धातु या कील का प्रयोग नहीं होता। जानिए भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष, बलभद्र के तालध्वज और देवी सुभद्रा के दर्पदलन रथ की अनोखी बनावट और उनमें अंतर के बारे में।



## 42 पहिए, बिना धातु का इस्तेमाल, कैसे बनते हैं ये 3 भव्य रथ ?

भारत में व्रत, त्योहारों और संस्कृतियों का समावेश है। यहां पर हर एक त्योहार की विशेष खासियत है। विविधताओं से भरा हुआ भारत में कई सारे त्योहारों को उत्साह के साथ मनाया जाता है। ऐसा ही हर साल ओडिशा के पुरी में निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक पर्व के रुप में मानी जाती है।

इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा भव्य रथों पर सवार होकर गुंडिचा मंदिर तक जरुर पहुंचती हैं। दरअसल, रथ यात्रा का मुख्य आकर्षण केवल भगवानों के दर्शन तक सीमित नहीं होता है, बल्कि इन विशाल रथों का निर्माण और उनकी अनोखी बनावट भी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र माना जाता है। असल में हर साल इन तीनों रथों का निर्माण नए सिरे से किए जाता है। आइए आपको बताते हैं रथ यात्रा के तीनों रथों की अनोखी संरचना के बारे में विस्तार से।

### अलग-अलग तरह से रथों की सजावट होती

इन रथों की सजावट काफी अलग-अलग होती है। असल में जगन्नाथ रथ यात्रा के रथों की खूबसूरती उनकी कलात्मक सजावट में छिपी होती है। ओडिशा की पारंपरिक मंदिर वास्तुकला से प्रेरित नक्काशी रथों पर की जाती है। रथ की लकड़ी पर उकेरे गए डिजाइन और रंग-बिरंगी पेंटिंग इन रथों की भव्य रुप प्रदान करते हैं। रंथों के ऊपर लगाए जाने वाले विशाल कपड़े के छत्र लाल, पीले, हरे और काले रंगों से सजाया जाता है।

### कब शुरू होता है जगन्नाथ रथ यात्रा के लिए रथ का निर्माण?

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के लिए रथों का निर्माण कार्य अक्षय तृतीया से आरंभ किया जाता है, जिसे सनातन परंपरा में बेहद मंगलकारी दिन माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस शुभ तिथि पर शुरू किए गए कार्यों में सफलता और समृद्धि प्राप्त होती है। यही कारण है कि रथ निर्माण की शुरूआत इसी दिन की जाती है। इस पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और हवन के साथ रथ निर्माण का शुभारंभ किया जाता है।

फिर मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना करके मुख्य कारीगरों को माला अर्पित करते हैं। इसके बाद तीनों रथों का निर्माण एक साथ शुरू किया जाता है और करीब एक ही समय पर पूरा भी किया जाता है। इन तीनों रथों का सबसे जरुरी हिस्सा इसके पहिए होते हैं। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के तीनों रथों के लिए कुल 42 पहिए बनाए जाते हैं। इन पहियों को तैयार करने के बाद उन्हें रथ के मुख्य ढांचे में लगाया जाता है।

### नंदीघोष- भगवान जगन्नाथ का रथ

भगवान जगन्नाथ का रथ नंदीघोष के नाम से प्रसिद्ध है। यह तीनों रथों में सबसे भव्य माना जाता है और इसकी ऊंचाई करीब 45 फीट तक होती है। इस विशाल रथ को 16 बड़े पहियों से सजाया जाता है। रथ पर मुख्य रूप से लाल और पीले रंग का आकर्षक संयोजन देखने को मिलता है। वहीं, इसे आगे बढ़ाने वाले घोड़े सफेद रंग के होते हैं, जो पवित्रता और दिव्यता का प्रतीक माने जाते हैं।



### लालध्वज- भगवान बलभद्र का रथ

भगवान बलभद्र के रथ को तालध्वज कहा जाता है। इसकी ऊंचाई भी करीब 45 फीट होती है और इसके 14 पाहिए होते हैं। इस रथ को लाल और हरे रंग से सजाया जाता है। इसके घोड़े काले रंग के होते हैं।

### दर्पदलन- देवी सुभद्रा का रथ

देवी सुभद्रा का रथ दर्पदलन या देबदलन होता है। इसकी ऊंचाई करीब 44 फीट 6 इंच होती है। वहीं, इसमें 12 पहिए होते हैं। रथ का प्रमुख रंग लाल और काला होता है। इसे खींचने के लिए घोड़े का रंग लाल होता है।

### बिना कील के बनाया जाता है रथ

इन रथ की सबसे खास बात यह है कि इनमें किसी भी प्रकार का धातु इस्तेमाल नहीं होता है बल्कि इनमें केवल लड़कियों का इस्तेमाल किया जाता है। इसके निर्माण में लकड़ी के हिस्सों को आपस में जोड़ने के लिए खांचे और लकड़ी की खूंटियों का इस्तेमाल किया जाता है।




## विमेंस वर्ल्डकप में भारत का सेमीफाइनल पहुंचना मुश्किल

### ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराना पड़ेगा; टूनार्मेंट से 4 टीमें बाहर हो चुकी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप-अ का समीकरण पूरी तरह बदल गया है। मंगलवार को मैनचेस्टर में खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 6 विकेट से हराकर टूनार्मेंट में उसकी पहली हार दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 158/7 रन बनाए थे। आखिरी ओवर में साउथ अफ्रीका ने टारगेट हासिल कर लिया।

इस हार के बाद भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल हो गया है। टीम को अब अपने बाकी दोनों मुकाबले बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीतने ही होंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान, नीदरलैंड्स, आयरलैंड और स्कॉटलैंड टूनार्मेंट से बाहर हो चुके हैं।

ग्रुप-अ में ऑस्ट्रेलिया, भारत, साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच



सेमीफाइनल की जंग जारी है। ऑस्ट्रेलिया का रनरेट (+4.724) सबसे बेहतर है। भारत का रनरेट साउथ अफ्रीका से बेहतर है। ग्रुप-इ में मेजबान इंग्लैंड और वेस्टइंडीज मजबूत स्थिति में है।

भारतीय टीम अपने दोनों मैच जीत जाए। इस स्थिति में टीम के 8 अंक होंगे। इंडिया का नेट रन रेट साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश से बेहतर है। ऐसे में टीम सेमीफाइनल में पहुंच सकती है।

पाकिस्तान पर जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली है। टीम ने अब तक खेले चारों मैच जीते हैं और 8 अंकों के साथ ग्रुप-अ में टॉप पर है। उसका नेट रनरेट भी सबसे बेहतर (+4.724) है। ऑस्ट्रेलिया को लीग स्टेज में अपना आखिरी मुकाबला 28 जून को भारत के खिलाफ खेलना है।

### भारत कैसे पहुंच सकता है सेमीफाइनल में?

साउथ अफ्रीका से हार के बाद भारत के दोनों मैच नॉकआउट जैसे हो गए हैं। टीम अपना अगला मुकाबला 25 जून को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद 28 जून को उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा।

भारत के लिए बांग्लादेश के मुकाबले ऑस्ट्रेलिया को हराना कहीं ज्यादा मुश्किल होगा। आंकड़े भी यही बताते हैं। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 23 में से 20 टी-20 जीते हैं। वहीं टी-20 वर्ल्डकप में भी भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ खेले सभी तीन मुकाबले अपने नाम किए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। दोनों टीमों के बीच 38 टी-20 मैचों में भारत को सिर्फ 9 जीत मिली हैं। वहीं टी-20 वर्ल्ड कप में भी ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच खेले गए 7 मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने 5 और भारत ने सिर्फ 2 मैच जीते हैं।

## रोनाल्डो 6 वर्ल्डकप में गोल करने वाले पहले फुटबॉलर

### पुर्तगाल के लिए टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा गोल का रिकॉर्ड बनाया

**5-0 से हराया उज्बेकिस्तान को**

एजेंसी ▸▸ ह्यूस्टन



पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो 6 फुटबॉल वर्ल्डकप में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। 41 साल के रोनाल्डो ने ह्यूस्टन स्टेडियम में उज्बेकिस्तान के खिलाफ छठे मिनट में गोल दागकर यह रिकॉर्ड बनाया। इसके बाद उन्होंने 39वें मिनट में दूसरा गोल भी किया। इन्हीं गोल की मदद से पुर्तगाल ने 5-0 की जीत हासिल की।

रोनाल्डो पुर्तगाल के लिए वर्ल्डकप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले प्लेयर भी बने। उनके नाम 10 गोल हैं। उन्होंने पुर्तगाल के स्ट्राइकर यूसेबियो के 9 गोल को पीछे छोड़ा।

रोनाल्डो ने 2006, 2010, 2014, 2018, 2022 और अब 2026 वर्ल्डकप में गोल किया है। उनके बाद अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी हैं। उन्होंने 2010 को छोड़कर 2006, 2014, 2018, 2022 और 2026 वर्ल्ड कप में गोल किए हैं।

पुर्तगाल के लिए रोनाल्डो के अलावा नूनो मेंडेस (17वें मिनट) और राफेल लेओ (87वें मिनट) ने गोल किया। 59वें मिनट में उज्बेकिस्तान के गोलकीपर अब्दुवोहिद नेमातोव से बॉल टकराकर गोल में चली गई। इसे ओन गोल माना गया।

मौजूदा टूनार्मेंट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 2 गोल हो चुके हैं। वे पहले मैच में डीआर कांगो के खिलाफ गोल नहीं कर सके थे।

मैच की शुरूआत से ही पुर्तगाल अटैकिंग दिखा। चौथे मिनट में नूनो मेंडेस के क्रॉस पर रोनाल्डो मौका चूक गए, लेकिन दो मिनट बाद उन्होंने गलती नहीं दोहराई। जोआओ कैंसिलो के लो क्रॉस पर रोनाल्डो ने शानदार राइट-फुटेड शॉट लगाकर गेंद को नेट में पहुंचाया। इसी गोल के साथ वह 6 वर्ल्डकप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रात: 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें। 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### काफी देर तक बातों में उलझाया और ज्वेलरी दुकान से डेढ़ लाख के गहने लेकर फरार युवक

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी दुकान से सोने के आभूषण लेकर फरार हुए बदमाश का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। आरोपी ने बड़ी चालाकी से पहले दुकान संचालक और वहां बैठी युवती को बातचीत में उलझाए रखा, फिर मौका मिलते ही सोने की चेन और अंगूठियां लेकर भाग निकला। पुलिस अब सीसीटीवी के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार कनाड़िया रोड पर 70 साल के शिवशंकर विजयवर्गीय की चंद्रिका ज्वेलर्स नाम से दुकान है। सोमवार सुबह एक युवक दुकान पर पहुंचा और गिफ्ट देने के लिए दो अंगूठियां और एक सोने की चेन पसंद की। उसने करीब डेढ़ लाख रुपए का सौदा तय किया और एटीएम से पैसे निकालकर आने की बात कहकर चला गया। शाम करीब 5 बजे युवक दोबारा दुकान पहुंचा। उसने काउंटर पर बैठी युवती से वही आभूषण दिखाने को कहा और नकद भुगतान करने की बात कही। युवती ने चेन और अंगूठियों का बॉक्स उसे दे दिया। इसके बाद आरोपी ने दुकान संचालक शिवशंकर विजयवर्गीय से गहनों का वजन करने को कहा।

### सड़क हादसों में 2 की मौत, 1 घायल, लवकुश चौराहे पर महिला को आयशर ने कुचला

**इंदौर।** मंगलवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और फरार वाहन ड्राइवरों की तलाश की जा रही है। पहला हादसा मंगलवार शाम लवकुश चौराहे के पास हुआ। पुलिस के अनुसार खरगोन निवासी रीना पति शेरसिंह को आयशर वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन के दोनों पहिए महिला के ऊपर से गुजर गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अरविंदो अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने आयशर वाहन जब्त कर लिया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि महिला सड़क पार कर रही थी, तभी वह हादसे का शिकार हो गई। दूसरा हादसा मंगलवार रात आजाद नगर क्षेत्र में तीन इमली के पास हुआ। यहां स्कूटी पर सवार दो दोस्तों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

### कारोबारी से 65 लाख की धोखाधड़ी, तुअर दाल के कारोबार में मुनाफे का झांसा दिया

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के साथ तुअर दाल के व्यापार में निवेश के नाम पर 65 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो व्यापारियों ने बड़े मुनाफे का लालच देकर रकम अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा ली, लेकिन न तो माल भेजा और न ही रकम वापस की। पुलिस के अनुसार, रानीबाग निवासी गिरीश रामनानी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पहचान महाराष्ट्र के सोलापुर निवासी गुरुशांतलिंग कुंभार और सोमनाथ हलगोदे से हुई थी। दोनों ने खुद को तुअर दाल का बड़ा कारोबारी बताते हुए अपनी फर्म श्री विजयलक्ष्मी ट्रेडर्स के माध्यम से व्यापार करने का प्रस्ताव दिया। गिरीश कई वर्षों से दोनों के संपर्क में थे। इससे पहले छत्तीसगढ़ और नागपुर से भी उनके साथ व्यापारिक लेन-देन हो चुका था। फरियादी के मुताबिक, गुरुशांतलिंग कुंभार ने फरवरी 2026 में सोमनाथ को उनके पास भेजा। रानीबाग स्थित घर पर मुलाकात के दौरान उसने मोबाइल पर तुअर दाल के स्टॉक की तस्वीरें दिखाईं और व्यापार में निवेश करने पर अधिक मुनाफा मिलने का भरोसा दिलाया।

### घर बैठे-बैठे खाते से निकले 6.47 लाख रुपए, मोबाइल हैक होने की आशंका

**इंदौर।** कनाड़िया क्षेत्र में साइबर ठगों ने बीएसएनएल के रिटायर्ड अधिकारी को निशाना बनाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। मोबाइल फोन हैक कर उनके बैंक खातों से 6.47 लाख रुपए निकाल लिए गए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक, 63 वर्षीय महेंद्र सिंह चौहान, निवासी संचार नगर एक्सटेंशन, ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 22 जून को वह घर पर थे, तभी उनके मोबाइल पर दो ओटीपी आए। इसके बाद जब उन्होंने बैंक खाते की जांच की तो पता चला कि उनके आईसीआईसीआई बैंक खाते से करीब 5.94 लाख रुपए सात अलग-अलग ट्रांजेक्शन में निकाल लिए गए हैं। इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से भी करीब 53 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। कुल मिलाकर 6.47 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई। इसके बाद उन्होंने दोनों बैंक खाते तत्काल बंद कराए और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई।

### ड्रिंक-एंड-ड्राइव में पकड़ी गाड़ी छुड़ाने थाने पहुंचे बीजेपी नेता, कुत्ते के भौंकने पर हुए नाराज

**इंदौर।** विजयनगर थाने में मंगलवार को उस समय हंगामा हो गया, जब ड्रिंक एंड ड्राइव में पकड़ी गई गाड़ी छुड़ाने के लिए कुछ बीजेपी नेता थाने पहुंचे। इस दौरान पुलिस स्टाफ से उनकी बहस हो गई। मामला उस समय और बढ़ गया जब थाने में मौजूद एक कुत्ते को लेकर भी विवाद हो गया। जानकारी के अनुसार विजयनगर थाने के सामने स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर बीजेपी नेता चंदू शिंदे, सुरेश कुरवाडे और अन्य कार्यकर्ता माल्यार्पण करने पहुंचे थे। इसी दौरान एक कार्यकर्ता ने ड्रिंक एंड ड्राइव में जब्त हुई गाड़ी छुड़ाने के लिए मदद मांगी, जिसके बाद सभी लोग विजयनगर थाने पहुंच गए। बताया जा रहा है कि थाने परिसर में एक कुत्ते के पैर रखने के बाद वह भौंकने लगा। इस पर बीजेपी नेता चंदू शिंदे ने पुलिसकर्मियों से नाराजगी जताई। उनका कहना था कि अगर कुत्ता किसी को काट लेता तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता। इस दौरान बीजेपी नेता और पुलिस स्टाफ के बीच बहस शुरू हो गई। आरोप है कि चंदू शिंदे ने वहां मौजूद महिला पुलिसकर्मी राज मोहिनी से भी बहस की और उन्हें भला-बुरा कहा।

### इंस्टाग्राम पर चाकू लहराकर लाइव आए युवक बर्थडे पार्टी में शराब के नशे में हथियार दिखाए

**इंदौर।** बदमाशों के बढ़ते हौसलों का एक और मामला सामने आया है। परदेशीपुरा क्षेत्र के कुछ युवक हाथों में चाकू लेकर इंस्टाग्राम पर लाइव आए। वीडियो में युवक शराब के नशे में हथियार लहराते और अपशब्द बोलते नजर आ रहे हैं। ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर सामने आया है। जानकारी के अनुसार वीडियो परदेशीपुरा क्षेत्र के बदमाश विशाल धनगर और उसके साथियों का बताया जा रहा है। दो दिन पहले विशाल धनगर का जन्मदिन था। इसी मौके पर एक होटल में पार्टी आयोजित की गई थी। पार्टी के दौरान विशाल अपने साथियों के साथ इंस्टाग्राम पर लाइव आया। वीडियो में विशाल धनगर के साथ सुमित धनगर और साहिल काले भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में युवकों के हाथों में कई बड़े और छोटे चाकू नजर आ रहे हैं। बदमाशी वाले गानों पर वे चाकू लहराते हुए डांस कर रहे हैं और शराब पीते दिखाई दे रहे हैं। लाइव के दौरान युवकों ने क्षेत्र के एक अन्य बदमाश लोकेश खोपड़े का नाम लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। सूत्रों के मुताबिक कुछ समय पहले लोकेश खोपड़े के घर पर बम फेंकने के मामले में भी इन युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था।

### अंगूठी और चेन चोरी, कर्मचारी ने अपने दोस्त को दे दिए थे गहने

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में कार वॉश कराने पहुंचे एक कारोबारी की कार से सोने के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच के बाद मंगलवार को कार धोने वाले युवक और उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं चोरी की चेन खरीदने वाले तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार फरियादी योगेश कुमार तोमर, सुखलिया निवासी हैं और फर्नीचर का काम करते हैं। उन्होंने 16 जून को अपनी कार कबिटखेड़ी मेन रोड स्थित हरिओम सर्विस सेंटर पर धुलवाई के लिए दी थी। योगेश ने पुलिस को बताया कि कार में सोने की एक चेन और महिला की सोने की अंगूठी रखी हुई थी, जिन्हें वह बाद में यूको बैंक, सुखलिया में जमा कराने वाले थे। कार वॉश कराने के बाद जब वह बैंक पहुंचे और कार से सामान निकालने लगे, तब उन्हें पता चला कि सोने की चेन और अंगूठी गायब हैं। इसके बाद उन्होंने हीरानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सर्विस सेंटर पर जांच की तो पता चला कि कार धोने वाला कर्मचारी अमित, घटना के बाद से काम पर नहीं आ रहा था। पुलिस जब उसके घर पहुंची तो उसके पिता ने बताया कि अमित के पास एक सोने की अंगूठी है। पुलिस ने अमित को हिरासत में लेकर पूछताछ की और उसके पास से चोरी की अंगूठी बरामद कर ली। पूछताछ में अमित ने बताया कि चोरी की चेन उसने अपने दोस्त मोहित मालवीय को दे दी थी।


डेढ़ सौ से अधिक बच्चों के बीमार पड़ने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने स्कूलों में संचालित किचन, मेस और खाद्य व्यवस्थाओं की जांच शुरू

# गुरु हरिकिशन स्कूल का किचन सील, एनडीपीएस में एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के शिशुकुंज स्कूल में डेढ़ सौ से अधिक बच्चों के बीमार पड़ने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने शहर के स्कूलों में संचालित किचन, मेस और खाद्य व्यवस्थाओं की जांच शुरू कर दी है। बुधवार को प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीमों ने कई स्कूलों का निरीक्षण किया, जिसमें खाद्य सुरक्षा मानकों से जुड़ी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

खंडवा रोड स्थित गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल के निरीक्षण के दौरान स्कूल के पास वैध खाद्य लाइसेंस नहीं पाया गया। वहीं किचन में उपयोग की जा रही कुछ खाद्य सामग्री एक्सपायरी डेट की मिली। टीम ने संबंधित सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाते हुए स्कूल के किचन को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि स्कूल में टैंकर के पानी का उपयोग किया जा रहा था, जबकि पानी की गुणवत्ता



संबंधी जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। आरओ सिस्टम की टंकी भी गंदी मिली, जिसे अधिकारियों ने तत्काल साफ करवाया। इसी कड़ी में न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल (एनडीपीएस) का भी निरीक्षण किया गया। यहां सॉस, खाद्य तेल और अन्य खाद्य सामग्री एक्सपायरी डेट की पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने संबंधित सामग्री को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन की दो अन्य टीमें एडवांस एकेडमी और डीपीएस स्कूल में भी जांच कर रही हैं। इन संस्थानों की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी स्कूल, हॉस्टल, मेस, कैंटीन या अन्य खाद्य प्रतिष्ठान में गंदगी, मिलावट, अस्वच्छता या खाद्य सुरक्षा संबंधी कोई अनियमितता दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल कलेक्टर हेल्पलाइन 0731-181 पर दें। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घर-घर पहुंचकर बच्चों की जांच कर रहे डॉक्टर

## गैस्ट्रोएंटेराइटिस, डिहाइड्रेशन के मिले लक्षण

इंदौर के शिशुकुंज स्कूल में लंच के बाद 150 से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ने के मामले के बाद अब स्कूल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग दोनों सतर्क हो गए हैं। मंगलवार को स्कूल पहुंचे अधिकांश विद्यार्थी घर से टिफिन लेकर आए। वहीं घटना के बाद स्कूल में विद्यार्थियों की उपस्थिति भी सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। सोमवार को प्रशासन द्वारा किचन सील करने के बाद स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों को ई-मेल भेजकर फिलहाल बच्चों को घर से भोजन भेजने का आग्रह किया था। इसके बाद छात्र-छात्राएं अपना टिफिन लेकर स्कूल पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बीमार बच्चों की मॉनिटरिंग शुरू कर दी है। मंगलवार को डॉक्टरों की टीम करीब 30 बच्चों के घर पहुंची और उनके स्वास्थ्य की जांच की। डॉक्टरों ने परिजन से बच्चों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि किसी बच्चे की हालत गंभीर तो नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, बुधवार को भी अन्य प्रभावित बच्चों के घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

शनिवार को स्कूल में लंच करने के बाद कई बच्चों को पेट दर्द, उल्टी, घबराहट और कमजोरी की शिकायत शुरू हुई थी। जांच के दौरान कई बच्चों में गैस्ट्रोएंटेराइटिस और डिहाइड्रेशन के लक्षण पाए गए। घटना के बाद चिंतित अभिभावकों ने सोमवार को स्कूल परिसर पहुंचकर विरोध जताया था। प्रभावित बच्चों में अधिकांश चौथी कक्षा तक के विद्यार्थी शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. माधव हसानी ने बताया कि विभाग द्वारा जुटाई गई जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रशासन ने 85 विद्यार्थियों को अस्वस्थ महसूस होने पर एहतियात के तौर पर घर भेजा था। इसके अलावा स्कूल को इस संबंध में करीब 35 ई-मेल भी प्राप्त हुए हैं।

356 करोड़ के बैंक फ्रॉड में ईडी का शिकंजा


# इंदौर-शाजापुर की 35.52 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

प्रवर्तन निदेशालय के इंदौर सब-जोनल कार्यालय ने बैंक धोखाधड़ी से जुड़े एक बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए 35.52 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत की गई है।

ईडी की जांच के अनुसार यह मामला एम/एस धनलक्ष्मी सॉल्वेक्स प्राइवेट लिमिटेड, उसके निदेशकों और उससे जुड़े संस्थानों और व्यक्तियों से संबंधित है। कंपनी पर बैंकों के साथ करीब 356.31 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। ईडी द्वारा जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है, उनमें इंदौर और शाजापुर जिलों में स्थित आवासीय फ्लैट एवं भूमि के विभिन्न टुकड़े शामिल हैं। ये संपत्तियां आरोपित व्यक्तियों के नाम पर दर्ज हैं।

जांच एजेंसी का कहना है कि



बैंक फ्रॉड से अर्जित या उससे जुड़े धन के निवेश के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच की जा रही है। इसी के तहत संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क (प्रोविजनल अटैचमेंट) किया गया है।

### 356 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले की जांच जारी

- ईडी इस पूरे मामले में धन के स्रोत, उसके उपयोग और विभिन्न संपत्तियों में निवेश की पड़ताल कर रही है। जांच में कंपनी के निदेशकों और संबंधित व्यक्तियों की भूमिका भी जांच के दायरे में है।
- अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे भी वित्तीय लेन-देन और अन्य संपत्तियों की जांच जारी रहेगी तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पांच स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया

- 26 फरवरी, 2026 को, ईडी ने मध्य प्रदेश के इंदौर और देवास जिलों में पीएमएलए की धारा 17 के तहत पांच स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान, अधिकारियों ने आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और वित्तीय रिकॉर्ड जब्त किए, जिससे मामले को मजबूती मिली।
- एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर, एजेंसी ने इंदौर और शाजापुर जिलों में स्थित आवासीय फ्लैटों और भूमि भूखंडों सहित 19 अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। इन संपत्तियों का मूल्य 35.52 करोड़ रुपये है और ये आरोपी व्यक्तियों के नाम पर हैं।
- इस कुर्की को आरोपी के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि इससे उनकी संपत्ति फ्रीज हो जाती है और उसका निपटान या हस्तांतरण नहीं हो पाता। इस कदम का उद्देश्य अपराध से प्राप्त धन की सुरक्षा करना और पीड़ित बैंकों को अंततः क्षतिपूर्ति प्रदान करना है।
- मामले की आगे की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और अधिक कुर्की और कानूनी कार्रवाई होने की संभावना है। इस घटनाक्रम ने राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में ऋण धोखाधड़ी और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चिंताओं को एक बार फिर उजागर किया है।

# ट्रेन में चोरी करने वाला शातिर चोर इंदौर से गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

जीआरपी ने ट्रेन में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 15 लाख रुपए कीमत के सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी देश के कई राज्यों में सक्रिय था और वारदात के बाद पुलिस से बचने के लिए फ्लाइट से फरार हो जाता था।

एएसपी हेमंत चौहान के मुताबिक आरोपी की पहचान जितेंद्र चावला उर्फ जीतू निवासी उत्तराखंड के रूप में हुई है। आरोपी ने 16 मार्च 2026 को अहमदाबाद से इंदौर आ रही ट्रेन में सफर कर रही इंदौर निवासी मीना का पर्स चोरी कर लिया था। पर्स में करीब 15 लाख रुपए कीमत के सोने के जेवर रखे हुए थे। महिला की शिकायत के बाद इंदौर जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

- **500 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले-** पुलिस ने आरोपी की तलाश में फरीदाबाद, बरेली, मुरादाबाद, बदायूं समेत कई शहरों के 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और लगातार निगरानी के आधार पर आरोपी को नीमच से गिरफ्तार किया गया।
- **आरोपी से 15 लाख के जेवर बरामद-** पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने का हार, कान के टॉप्स, दो सोने के कंगन और चार सोने की अंगूठियां बरामद की हैं। जब्त आभूषणों की कीमत करीब 15 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए ट्रेनों में चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।
- **चोरी के बाद फ्लाइट से भागता था-** पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ कई राज्यों में चोरी के मामले दर्ज हैं। वारदात के बाद पहचान छिपाने और पुलिस से बचने के लिए वह हवाई यात्रा का इस्तेमाल करता था।

अवैध गांजा ओर स्मैक बेचने वालों से संरक्षण के रुपए लेने के आरोप में

# बीजेपी शिवाजी मंडल का उपाध्यक्ष गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के जोन-1 क्षेत्र में पुलिस ने भाजपा के शिवाजी मंडल के उपाध्यक्ष गोपाल सिंगार को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। पुलिस का आरोप है कि वह अवैध नशे के कारोबार में शामिल आरोपियों से संरक्षण राशि वसूलता था। मामले में गिरफ्तार महिला और अन्य आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई की।

डीसीपी जोन-1 नरेंद्र रावत के अनुसार, आजाद नगर क्षेत्र में पिछले दिनों गांजा और एमडी ड्रग्स के साथ पंगुबाई, दुगाबाई, सरदार सहित अन्य आरोपियों को अलग-अलग कार्रवाई में पकड़ा गया था। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि वार्ड क्रमांक-54 स्थित भील कॉलोनी निवासी एवं भाजपा नेता गोपाल सिंगार कथित तौर पर नशा कारोबारियों से आर्थिक लाभ लेता था।

पुलिस ने गोपाल सिंगार को हिरासत में लेकर आरोपियों से आमना-सामना कराया। पुलिस के मुताबिक पंगुबाई ने बयान दिया कि वह गोपाल सिंगार को हर माह 50 हजार रुपए देती थी। दुगाबाई और सरदार ने भी उसे पैसे देने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने गोपाल सिंगार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया और 11 नंबर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे केंद्रीय जेल भेज दिया गया।

पुलिस का कहना है कि जिन महिला और अन्य आरोपियों के नाम सामने आए हैं, उनके खिलाफ पहले से दो दर्जन से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं, गोपाल सिंगार को छुड़ाने के लिए कुछ राजनीतिक नेताओं के फोन आने की भी चर्चा है, हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इस पर आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

गैस पाइप लाइन में धमाके के साथ लगी आग के बाद तीन झुलसे

# आईसीयू में जिंदगी-मौत की जंग लड़ रहे तीनों

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

विजय नगर के सुमन नगर में मंगलवार को वाटर रिचार्जिंग पिट की ड्रीलिंग के दौरान गैस पाइपलाइन में धमाके के साथ आग लग गई। इसमें जिनी झाला निवासी गीताभवन, सुभाष ठाकुर निवासी काजी की चाल और गोपाल मालाकर झुलस गए।

तीनों आईसीयू में भर्ती हैं। एक बाइक व एक्टिवा भी खाक हो गई। लोगों का कहना है कि वार्ड 31 के पार्षद बालमुकुंद सोनी बोरिंग करवा रहे थे। घटना स्थल से 50 मीटर दूर गैस कंपनी के बोर्ड पर इन्होंने ध्यान नहीं दिया। घटना दोपहर 3.30 बजे हुई। इलाके में अवंतिका गैस की 125 मिमी की हाई-प्रेशर पाइपलाइन बिछी है। ड्रिलिंग से पाइपलाइन फट गई और आग लग गई। फायर ब्रिगेड ने 400 लीटर फोम और पानी का उपयोग कर आग पर काबू पाया।

- पानी से भरे गड्ढे में कूद गई मैं अपनी स्कूटर से नानी के घर जा रही थी। जैन मंदिर के पास पहुंची तो बड़ा धमका हुआ। उससे लगी आग से मैं झुलसने लगी। सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में कूदी और खुद को बचाया।
  **- जिनी झाला, प्रत्यक्षदर्शी**
- बाइक से गिरा और झुलस गया मैं न्यूरोलाजिस्ट के पास चेक अप के लिए जा रहा था। तभी अचानक धमाका होते ही आग लगी। मैं बाइक सहित गिर पड़ा। जब तक उठ पाता, मेरे दोनों पैर हाथ और पीठ भी बुरी तरह जल गए।
  **-गोपाल मालाकार**

# ईडी केस में कांग्रेस नेता की जमानत याचिका मंजूर

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

करोड़ों रुपए के डब्बा ट्रेडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी कांग्रेस नेता विशाल उर्फ गोलू अग्निहोत्री को स्पेशल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। विशेष न्यायाधीश राजेंद्र कुमार पाटीदार की कोर्ट ने उनका जमानत आवेदन स्वीकार करते हुए उन्हें जमानत प्रदान कर दी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशाल अग्निहोत्री के खिलाफ करोड़ों रुपए के अवैध डब्बा कारोबार से जुड़े धन के लेन-देन और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया था। इसी मामले में एजेंसी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद पूछताछ और जांच की कार्रवाई की गई थी। मामले में ईडी ने विशाल अग्निहोत्री के इंदौर स्थित ठिकानों पर छापेमारी की थी। जांच के दौरान करीब 1.5 करोड़ रुपए की अघोषित नकदी मिलने की जानकारी सामने आई थी। इसके अलावा लैपटॉप, मोबाइल फोन और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए गए थे। ईडी की जांच में यह भी सामने आया था कि ऑनलाइन डब्बा ट्रेडिंग नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। जांच एजेंसी को कुछ शेल कंपनियों के दस्तावेज भी मिले थे, जिनके जरिए देश और विदेश से आने वाले धन के रोटेशन की आशंका जताई गई थी।

### दुबई कनेक्शन भी जांच के दायरे में

सूत्रों के अनुसार विशाल अग्निहोत्री पिछले कुछ समय से दुबई में सक्रिय थे। जांच एजेंसियों को दुबई में संपत्ति निवेश और शेल कंपनियों के संचालन से जुड़े कुछ इनपुट भी मिले थे। इसी आधार पर ईडी कथित रूप से सट्टे की कमाई को विदेश भेजने और धन शोधन के पहलुओं की जांच कर रही थी।

### राजनीतिक पहचान के चलते मामला रहा चर्चाओं में

विशाल अग्निहोत्री मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबी माने जाते हैं। वे इंदौर नगर निगम में पार्षद रह चुके हैं और शहर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व भी संभाल चुके हैं। उनकी पत्नी भी पार्षद रह चुकी हैं। राजनीतिक पृष्ठभूमि के कारण यह मामला लंबे समय तक चर्चा में बना रहा।

### जांच जारी रहेगी

हालांकि कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी मामले की जांच जारी रहेगी। ईडी मनी ट्रेल, वित्तीय लेन-देन, शेल कंपनियों और विदेशों में हुए निवेश की पड़ताल कर रही है। आने वाले समय में जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
जेके सीमेन्ट उज्जैन में
कम पढ़े लिखे व्यक्ति 12 हजार रुपये महीना, पीएफ/ई.एस.आई.सी./ चार छुट्टियां, 8 घंटे ड्यूटी
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर : जिसे कम्प्यूटर का ज्ञान हो (ऑफिस के लिए) सेलरी योग्यतानुसार।
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
22, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176
समय : 11:30 से 3 बजे तक

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com